हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

**शिखर धवन ने क्रिकेट को का अलविदा, भावुक संदेश में बोले, दिल से भारत के लिए...**



Page 10

देश

**सपा कांग्रेस का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा एससी एसटी विरोधी रहा : मायावती**

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 25 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 255 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66,950 | ₹88,000 |



## आज का इतिहास

- **1957 : भारत ने फ्रांस में हुई पोलो वर्ल्ड चैम्पियनशिप के फाइनल में जीत दर्ज कर विश्व विजेता का खिताब हासिल किया।**
- **2005 : भारत के विदेश मंत्री नटवर सिंह ने पाकिस्तान के उच्चायुक्त अजीज अहमद खान से सरबजीत सिंह के मामले की पैरवी करने का आह्वान किया।**

## न्यूज बाइट्स

### विश्वविद्यालयों में 2638 करोड़ की उपयोगिता प्रमाणपत्र लंबित

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 2638 करोड़ का उपयोगिता प्रमाणपत्र लंबित है। शिक्षा विभाग ने इसको गंभीरता से लेते हुए सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि जल्द-से-जल्द बकाया उपयोगिता प्रमाणपत्र भेजें। वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक के ये आंकड़े हैं। इनमें सर्वाधिक वित्तीय वर्ष 2023-24 का 2271 करोड़ का बकाया शामिल है। सर्वाधिक 505 करोड़ का उपयोगिता प्रमाणपत्र ललित नारायण मिथिल विश्वविद्यालय, दरभंगा का है। इसी प्रकार मगध विश्वविद्यालय बोधगया का 26 करोड़, पाटलिपुत्र विवि का 383 करोड़, वीरकुंवर सिंह विवि आरा का 28 करोड़, जयप्रकाश विवि छपरा का 189 करोड़, केएसडीएस दरभंगा विवि का 28 करोड़, तिलकामांझी भागलपुर विवि का 344 करोड़, बीएन मंडल विवि मधेपुरा का 271 करोड़, बीआरए विवि मुजफ्फरपुर का 487 करोड़, मुंगेर विवि का 119 करोड़, पूर्णिया विवि का 69 करोड़, पटना विवि का 178 करोड़ और तथा मौलाना मजहरूल हक अरबी-फारवी विवि का 6.60 करोड़ का उपयोगिता प्रमाणपत्र बकाया है।

### बिहार के सरकारी विभागों में पौने 5 लाख पद खाली

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के विभिन्न सरकारी विभागों में 4.73 लाख कर्मियों के पद खाली हैं। अब नीतीश सरकार ने आउटसोर्सिंग से नियोजित और संविदा नियोजित कर्मियों के पदों का ब्योरा भी जिलों से मांगा है। अभी तक प्रदेश में स्वीकृत 16.27 लाख पदों में से 11.54 लाख ही विभागों में पदस्थ मिले हैं। सबसे अधिक रिक्तियां शिक्षा विभाग में हैं। यहां 2.17 लाख पद खाली हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग में 65 हजार पद रिक्त हैं। इसके अलावा गृह विभाग में 42414, ग्रामीण विकास विभाग में 11784, नगर विकास विभाग में 1948, पंचायती राज विभाग में 5551, कृषि विभाग में 3015, पशु एवं मत्स्य विभाग में 4814, पथ निर्माण विभाग में 2465 और ग्रामीण कार्य विभाग में 3346 पद रिक्त हैं। खेल और कला संस्कृति विभाग का नया संवर्ग तैयार हुआ है। इस कैडर के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है, लेकिन पद सृजित ही नहीं किया गया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि दोनों विभाग में शून्य रिक्तियां हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने अब छूट गए आधा दर्जन यांत्रिकी विभागों से भी कर्मियों की संख्या मांगी है। इसके अलावा सभी विभागों से संविदा आधारित कर्मियों (आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका सहित) की सूचना मांगी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने जून में जारी विभिन्न विभागों की रिक्तियों की सूची में पाया कि भवन निर्माण विभाग का ब्योरा नहीं है। इसको लेकर भवन निर्माण विभाग के उप सचिव ने 24 घंटे के अंदर अधीक्षण अभियंता से स्वीकृत बल, कार्यरत बल और रिक्त पदों का ब्योरा मुख्यालय भेजने को कहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश, जिले को दी करोड़ों की सौगात, कहा

# पूर्णिया एयरपोर्ट से जल्द शुरू होगी उड़ानें

**निज संवाददाता | पूर्णिया**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पूर्णिया दौरे पर रहे इस दौरान उन्होने पूर्णिया स्थित चूनापुर हवाई अड्डा का कार्य तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। और हवाई अड्डे का एरियल सर्वे भी किया। और फिर चूनापुर सैन्य हवाई अड्डे पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। साथ ही हवाई अड्डा से सटे गोआसी में अधिग्रहित भूमि का भी निरीक्षण किया। पूर्णिया एयरपोर्ट के सिविल एंक्लेव के विकास के लिए बिहार सरकार द्वारा दो वर्षों पहले अधिगृहीत 52.18 एकड़ जमीन का हैंडओवर एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया शीघ्र करेगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की अतिरिक्त 15 एकड़ जमीन की मांग के अनुरूप प्रक्रियाधीन अधिग्रहण बगैर बाधाओं के शीघ्र पूर्ण हो जाएगी। पूर्णिया एयरपोर्ट के सिविल एंक्लेव के परिचालन हेतु अधिग्रहित एवं अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित भूमि का एनएच 31 से फोरलेन कनेक्टिविटी भी होगा। पूर्णिया एयरपोर्ट से उड़ानों के शुरू हो जाने से तीन प्रमंडल के लोगों को लाभ मिलेगा। और बागडोगरा नहीं जाना पड़ेगा। एयर कनेक्टिविटी के साथ पूर्णिया मेट्रोपोलिटन सिटी में शुमार हो जायेगा। आमलोगों की राह तो आसान होगी ही, उद्योग-धंधे का भी विस्तार होगा। यहां का प्रोडक्ट आसानी से देश-दुनिया तक पहुंचेगा।

इसके अलावा सीएम नीतीश ने 25.93 करोड़ रूपये की लागत से पूर्णिया जिला में निर्मित 4 थाना भवनों का शिलान्यास किया। और मॉडल थाना भवन चंपा नगर और क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। 19.20 करोड़ रूपये की लागत से पूर्णिया में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन रूपौली का निरीक्षण किया। साथ ही स्टार्टअप इंडिया के 14 स्टॉल पर भ्रमण कर पूर्णिया के प्रोडक्ट को देखा और सराहा। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी का जीर्णोद्धार और सरोवर का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पूर्णिया दौरे पर रहे इस दौरान उन्होने पूर्णिया स्थित चूनापुर हवाई अड्डा का कार्य तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। और हवाई अड्डे का एरियल सर्वे भी किया। और फिर चूनापुर सैन्य हवाई अड्डे पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। साथ ही हवाई अड्डा से सटे गोआसी में अधिग्रहित भूमि का भी निरीक्षण किया।

पूर्णिया एयरपोर्ट के सिविल एंक्लेव के विकास के लिए बिहार सरकार द्वारा दो वर्षों पहले अधिगृहीत 52.18 एकड़ जमीन का हैंडओवर एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया शीघ्र करेगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की अतिरिक्त 15 एकड़ जमीन की मांग के अनुरूप प्रक्रियाधीन अधिग्रहण बगैर बाधाओं के शीघ्र पूर्ण हो जाएगी। पूर्णिया एयरपोर्ट के सिविल एंक्लेव के परिचालन हेतु अधिग्रहित एवं अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित भूमि का एनएच 31 से फोरलेन कनेक्टिविटी भी होगा। पूर्णिया एयरपोर्ट से उड़ानों के शुरू हो जाने से तीन प्रमंडल के लोगों को लाभ मिलेगा। और बागडोगरा नहीं जाना पड़ेगा। एयर कनेक्टिविटी के साथ पूर्णिया मेट्रोपोलिटन सिटी में शुमार हो जायेगा। आमलोगों की राह तो आसान होगी ही, उद्योग-धंधे का भी विस्तार होगा।



### क्या होगा फायदा ?

» बागडोगरा (सिलिगुड़ी), दरभंगा और पटना से हवाई जहाज की सेवाओं का लाभ लेने वालों को छह से सात हजार रुपए टैक्सी भाड़ा और आने जाने में सात से आठ घंटे समय की बर्बादी नहीं होगी।

» बहुमूल्य और कीमती पेट्रोल एवं डीजल की बर्बादियों एवं परेशानियों से ओतप्रोत मुश्किलों का सामना क्षेत्र की करोड़ों आबादी को नहीं करना पड़ेगा।

» एयरपोर्ट और एयर कार्गो की सुविधाएं पूर्णिया में होने के कारण बिहार सरकार को जीएसटी एवं अन्य राजस्व आधारित मदों में करोड़ों रुपए का होने वाला प्रति वर्ष का नुकसान भी बंद हो जाएगा और चहुमुखी विकास का बहुत बड़ा दरवाजा खुल जाएगा।

### विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री ने काझा कोठी प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, सतत् जीविकोपार्जन योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभुकों को चेक एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी के प्रांगण में पौधा रोपण किया। स्थानीय जन प्रतिनिधिओं एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को मखाना की बड़ी माला एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी के जीर्णोद्धार कार्य एवं काझा कोठी झील का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 19.20 करोड़ रूपये की लागत से पूर्णिया में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन रूपौली, मॉडल थाना भवन चंपा नगर एवं क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन तथा 25.93 करोड़ रुपये की लागत से पूर्णिया जिला में निर्मित होनेवाले 4 थाना भवनों का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास भी किया।

सात राज्यों के साथ अमित शाह ने किया मंथन, कहा

# 2026 तक देश से खत्म कर देंगें नक्सलवाद : अमित शाह



**एजेंसी | रायपुर (छत्तीसगढ़)**

छत्तीसगढ़ में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास को लेकर बैठक करने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जिसमें उन्होंने कहा, 2026 में देश से नक्सलवाद को पूरी तरह से सफाया करके रहेंगे। उन्होंने एनआईए की तर्ज पर एसआईए लाने का भी ऐलान किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो, ऐसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति हो और ऐसी परियोजनाओं के दौरान आने वाली चुनौतियों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा, वामपंथ और नक्सलवाद से निपटने के लिए निर्मम राजनीति के साथ-साथ अंतिम प्रहार करने का समय आ गया है। शाह ने कहा, नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक हमले के लिए मजबूत रणनीति की जरूरत है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पहले 10 वर्षों में नक्सली गतिविधियों में 6617 सुरक्षाकर्मी और नागरिक मारे गए और अब इसमें 70% की कमी आई है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमारी लड़ाई अंतिम चरण में पहुंच गई है और मार्च 2026 तक हम देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त कर पाएंगे।

### अमित शाह ने एनआईए की तर्ज पर एसआईए लाने का किया ऐलान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कहीं 3 राज्यों का तो कहीं 2 राज्यों का संयुक्त टास्क फोर्स बनाया गया है, जहां जैसा जंक्शन है वह बनाया गया है, सूचनाओं के आदान-प्रदान का खाका मजबूत किया गया है और भारत सरकार की एजेंसियां सभी राज्यों के बीच समन्वय के लिए काम कर रही हैं और संयुक्त टास्क फोर्स के हमें बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।

# बिहार से रवाना हुई भारत दर्शन यात्रा की स्पेशल ट्रेन



**निज संवाददाता | बेतिया**

भारत दर्शन यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेन को बेतिया रेलवे स्टेशन से पश्चिम चंपारण के सांसद संजय जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आईआरसीटीसी ने बिहार के बेतिया से भारत गौरव ट्रेन की शुरुआत की है। यह ट्रेन देश के छह ज्योतिर्लिंग के साथ प्रमुख तीर्थस्थलों का दर्शन कराएगी। यह ट्रेन शनिवार को बेतिया से रवाना हुई। दरअसल, भारत दर्शन यात्रा की स्पेशल ट्रेन 10 रात और 11 दिनों का यादगार सफर कराते हुए 3 सितंबर को वापस बेतिया लौटेगी। यह पर्यटक ट्रेन बिहार के बेतिया स्टेशन से खुलकर यूपी-बिहार के तमाम स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों के सवार होने के लिए रुकेगी। भारत दर्शन यात्रा की स्पेशल ट्रेन उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, श्रीओंकारेश्वरज्योतिर्लिंग, द्वारका नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारिकाधीश मंदिर, श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, शिर्डी साई बाबा दर्शन, श्री त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग और शनि शिंगनापुर मंदिर का दर्शन कराएगी। धार्मिक यात्रा पर निकले यात्रियों को रेलवे की ओर से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

वहीं, इस ट्रेन को रवाना करते हुए भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने बताया कि पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के लिए आज बहुत हर्ष का दिन है।

# मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए प्रशिक्षित होंगे डॉक्टर

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य के अस्पतालों से मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तत्काल ऑनलाइन अपलोड करने को लेकर सभी जिलों के डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए सभी जिलों में 4-4 मास्टर ट्रेनर डॉक्टर होंगे। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों से 4-4 डॉक्टरों का नाम भेजने के लिए कहा है। इन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद ये अपने-अपने जिलों में अन्य संबंधित डॉक्टरों को ट्रेनिंग देंगे। गौर हो कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय ने स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन वास्तविक समय में भेजने के लिए कहा है। बिहार में अक्टूबर के अंत तक मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट रियल टाइम (तत्काल) उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके लिए एनआईसी हरियाणा द्वारा विकिसित मेडलिया पीआर (मेडिको-लीगल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट) सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाना है। सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रीमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) और मेडलिया पीआर दोनों सॉफ्टवेयर एक दूसरे से जुड़े रहेंगे। मेडलिया पीआर और सीसीटएनएस संबंधी सभी आवश्यक तकनीकी जानकारी डॉक्टरों को दी जाएगी। डॉक्टरों को बताया जाएगा कि मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट कैसे सॉफ्टवेयर पर अपलोड करना है। इसमें क्या सावधानियां रखनी है।

### अब तक सॉफ्टवेयर पर 1136 डॉक्टर निबंधित

राज्य में अब तक सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और जिला अस्पताल सहित लगभग 550 विभिन्न अस्पतालों के 1136 चिकित्सकों को मेडलिया पीआर सॉफ्टवेयर पर निबंधित किया जा चुका हैं। इस पर मेडिकल और पोस्टमर्टम रिपोर्ट अपलोड करने का ट्रायल भी हो रहा है। राज्य में अब तक 325 डेमो ट्रायल के तौर पर अपलोड किए गए हैं।

केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को दी मंजूरी

# 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा एक अप्रैल 2025 से होगी लागू



**एजेंसी | नई दिल्ली**

सरकार ने नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह अब सरकारी कर्मियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) यानी एकीकृत पेंशन योजना लॉन्च करने का फैसला किया। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इसे लेकर सहमति बनी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, यूपीएस एक अप्रैल 2025 से लागू होगी। इसका फायदा 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को होगा।' उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को कॉन्ट्रिब्यूट करने की जरूरत नहीं होगी सरकार अपनी तरफ से कर्मचारी की बेसिक सैलरी का साढ़े 18% कॉन्ट्रिब्यूट करेगी। न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को 10% अपनी बेसिक सैलरी का कॉन्ट्रिब्यूट करना होता है। सरकार 14% देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय कर्मचारियों के नेताओं के साथ अपने आवास पर बैठक की। कार्मिक मंत्रालय ने इसके संबंध में 21 अगस्त को एक नोटिस जारी किया गया था। बैठक ऐसे समय पर हुई, जब 2 राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। पिछले 10 साल में यह पहली बैठक है, जिसमें प्रधानमंत्री और केंद्रीय कर्मचारियों की नेशनल काउंसिल यानी जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी (जेसीएम) के सदस्य शामिल होंगे। बैठक में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस), न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) और 8वें वेतन आयोग को लेकर चर्चा हो सकती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट पेश करते हुए एनपीएस में सुधार की बात कही थी। वहीं, संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जवाब दिया था कि सरकार ओपीएस बहाली पर कोई विचार नहीं कर रही है। इसकी वजह ये है कि बैठक में ओपीएस बहाली नहीं बल्कि एनपीएस में सुधार को लेकर चर्चा होगी। संगठन पहले ही कह चुके हैं कि कर्मचारियों को ओपीएस ही चाहिए। बता दें कि एआईडीईएफ ने 15 जुलाई को वित्त मंत्रालय की बैठक का भी बहिष्कार किया था।

### एआईडीईएफ ने किया बैठक का बहिष्कार

रेलवे के बाद केंद्रीय कर्मचारियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉई फेडरेशन (एआईडीईएफ) ने प्रधानमंत्री की बैठक का बहिष्कार किया है। एआईडीईएफ के महासचिव सी श्रीकुमार ने बताया कि संगठन पीएम मोदी के साथ होने वाली बैठक में हिस्सा नहीं लेगा।

# जेडीयू ने बनायी नयी प्रदेश कमेटी, करीब दो सौ नेताओं को बाहर का दिखाया रास्ता

**निज संवाददाता | पटना**



नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने शनिवार की सुबह अपनी प्रदेश कमेटी भंग करने का एलान किया था। इसके साथ ही नेताओं को झुनझुना थमाने के लिए बनायी गयी राजनैतिक सलाहकार समिति को भी भंग कर दिया गया था। कुछ घंटे बाद नयी प्रदेश कमेटी का एलान कर दिया गया। जेडीयू ने अपनी प्रदेश कमेटी से करीब डेढ़ सौ नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

बता दें कि 23 मार्च 2023 को जेडीयू की प्रदेश कमेटी का गठन हुआ था। पार्टी ने 251 पदाधिकारियों वाली जंबोजेट प्रदेश कमेटी का एलान किया था, जिसमें 20 उपाध्यक्ष, 105 महासचिव, 114 नेताओं और 11 प्रवक्ता बनाये गये थे। बाद में भी कुछ पदाधिकारियों और प्रवक्ताओं को जोड़ा गया। यानि कुल मिलाकर जेडीयू के करीब 260 प्रदेश पदाधिकारी थे। प्रदेश कमेटी का कार्यकाल अमूमन तीन साल का होता है। लेकिन 15 महीने में ही उस कमेटी को भंग कर दिया गया। जेडीयू ने शनिवार को नयी प्रदेश कमेटी का एलान किया। पुरानी कमेटी में से ज्यादातर नेताओं की छंटनी हो गयी है। पार्टी की नयी प्रदेश कमेटी में 10 उपाध्यक्ष, 49 प्रदेश महासचिव, 46 प्रदेश सचिव, 9 प्रवक्ता और एक कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं। पार्टी ने 260 पदाधिकारियों वाली पुरानी सूची में से करीब 75 नेताओं को ही नयी कमेटी में जगह दी है। करीब दो सौ प्रदेश पदाधिकारियों की छुट्टी कर दी गयी है।

जेडीयू की पुरानी प्रदेश कमेटी में पूर्व मंत्री रंजू गीता, लक्ष्मेश्वर राय, जय कुमार सिंह, खुर्शीद उर्फ फिरोज आलम, वीरेंद्र प्रसाद सिंह, श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व विधायक अशोक कुमार, मुजाहिद आलम, लखन ठाकुर समेत 20 नेताओं को उपाध्यक्ष का पद मिला था।

# लैंड फॉर जॉब केस : लालू-तेजस्वी को राहत, कोर्ट ने समन का आदेश टाला, सात सितंबर को अगली सुनवाई

**निज संवाददाता | पटना**



जमीन के बदले नौकरी केस में आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव, तेजस्वी यादव समेत 10 लोगों को थोड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने समन का आदेश टाल दिया है। और अब मामले की अगली सुनवाई 7 सितंबर को होगी। इससे पहले कोर्ट ने इस मामले के आरोपियों को समन भेजने पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय की दलीलें सुनने के बाद अभियोजन पक्ष की शिकायत (ईडी का आरोपपत्र) पर आदेश सुरक्षित रख लिया था।

ईडी ने इस मामले में 6 अगस्त को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। जिस पर आज सुनवाई हुई, और अदालत ने समन का आदेश टाल दिया है। ईडी सीबीआई की एफआईआर के आधार पर इस केस की जांच कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट को बताया था कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। ईडी ने सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर अपने मामले दायर किए।

आपको बता दें 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे भर्ती में घोटाला हुआ। जिसमें नौकरी लगवाने के बदले आवेदकों से जमीन और प्लॉट लिए गए थे। सीबीआई ने इस मामले में जांच के बाद लालू प्रसाद यादव और उनकी बेटी मीसा भारती के खिलाफ मामला दर्ज किया।

आरोप है कि जो जमीनें ली गईं वो राबड़ी देवी और मीसा भारती के नाम पर भी ली गईं थी। रेल भर्ती से जुड़े एक और घोटाले का आरोप यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहे पवन बंसल के भांजे विजय सिंगला पर भी लगा है। मामले में भी सीबीआई ने विजय सिंगला समेत 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में विजय सिंगला पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है।

# पुलिस को भी फर्जी वित्तीय कंपनियों पर कार्रवाई का अधिकार

**पटना(नि.सं.)।** पुलिस को भी फर्जी वित्तीय कंपनियों पर कार्रवाई का अधिकार मिल गया है। आये दिन ऐसी कई घटनाएं हो रही हैं जिसमें भोले-भाले लोगों को ठगा जा रहा है। फर्जी कंपनियां निवेश योजनाओं में अधिक रिटर्न का वादा कर उनकी गाढ़ी कमाई लेकर चंपत हो जा रही हैं। इस तरह की फर्जी एनबीएफसी व चिटफंड कंपनियों पर अब पुलिस भी कार्रवाई कर सकती है। मिली जानकारी के अनुसार, इन कंपनियों पर लगाम लगाने के लिये अनियमित जमा योजना प्रतिबंध कानून (बड्स) बनाया गया है। जिसकी धारा-31 के तहत कार्रवाई का अधिकार पुलिस को दिया गया है। जिस थाना क्षेत्र में फर्जी या अनरेगुलेटेड कंपनियां संचालित की जाती हैं।

पांच जिलों में बनेंगे स्टेशन, ग्रामीण इलाकों में जमीन का 4 गुना मिलेगा मुआवजा

# बिहार में 350 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से गुजरेगी बुलेट ट्रेन

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के पांच जिलों से 350 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बुलेट ट्रेन चलेगी। इसमें बक्सर, आरा, जहानाबाद, पटना, और गया जिले शामिल हैं। हर जिले में एक स्टेशन होगा। पहले फेज में बक्सर, पटना, और गया में स्टेशन बनेंगे। दूसरे फेज में आरा और जहानाबाद में स्टेशन बनाया जाएगा। इन जिलों में जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो चुका है। पटना की बात करें तो जिले में एलिवेटेड ट्रैक और स्टेशन के लिए 135.06 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। पटना जिले में ट्रैक की कुल लंबाई 60.900 किमी होगी। दानापुर, फुलवारी शरीफ, संपतचक, मसौढ़ी, और विक्रम क्षेत्र में यह जमीन ली जाएगी। जमीन अधिग्रहण को लेकर बैठक हुई है। प्रशासन ने रेलवे से डीपीआर और प्रस्ताव मांगा है। इसके लिए रेलवे 58 गांवों की 128.63 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करेगा। ग्रामीण क्षेत्र में सर्किल दर से 4 गुना और शहरी क्षेत्र में 2 गुना मुआवजा मिलेगा। पटना में स्टेशन फुलवारी शरीफ में एम्स के पीछे बनेगा। आईआईएमआर कंपनी के सुपरवाइजर रमेश कुमार यादव ने बताया कि सोशियो और स्ट्रक्चरल सर्वे के बाद मिट्टी जांच की प्रक्रिया शुरू होगी। उसके बाद जमीन के अधिग्रहण का कार्य किया जाएगा । जमीन का अधिग्रहण कार्य वर्ष 2025 तक शुरू होने की संभावना है। अभी स्ट्रक्चरल और सोशियो सर्वे की जा रही है। साथ ही हाई स्पीड रेल कॉरिडोर में अधिग्रहण की जाने वाली भूमि के प्लाट का वेरिफिकेशन करते हुए रैयतों की रजामंदी ली जा रही है।



### वाराणसी से कोलकाता तक दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

मिल रही जानकारी के मुताबिक ये बुलेट ट्रेन वाराणसी से कोलकाता तक जाएगी। इसके अंतर्गत ये ट्रेन वाराणसी से मिर्जापुर के रास्ते चंदौली, गाजीपुर, बक्सर, आरा, पटना, जहानाबाद, गया, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद. पश्चिम बर्दमान, पूर्वी बर्दमान और हावड़ा होते हुए कोलकाता जाएगी। इस दौरान ये ट्रेन 1567 किमी का सफर तय करेगी। बुलेट ट्रेन 4 राज्यों के 18 जिलों के 739 गांव से होकर गुजरेगी।

# प्रगति रिपोर्ट के लिए राज्य सरकार को दो सप्ताह की मोहलत

**निज संवाददाता | पटना**

पटना हाईकोर्ट ने राज्य में छात्राओं के लिए स्वच्छ शौचालय और अन्य व्यवस्था के अभाव के मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को प्रगति रिपोर्ट दायर करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि राज्य के सभी स्कूलों में छात्राओं की संख्या के समुचित अनुपात में शौचालय एवं सैनिटरी नैपकिन को नष्ट करने वाली मशीनों की व्यवस्था हेतु एक जरूरी दिशा-निर्देश तैयार करें। कोर्ट ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को यह भी निर्देश दिया था कि इस संबंध में एक कमेटी गठित की जाये। पटना जिले में राजकीय एवं राजकीयकृत बालिका विद्यालयों (प्राथमिक मध्य एवं उच्च विद्यालय) में शौचालयों की दयनीय अवस्था पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान ले कर सुनवाई प्रारंभ की थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्रा और अधिवक्ता मानिनी जायसवाल ने पक्षों को प्रस्तुत किया। इस मामले पर अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएफ ने भटके बच्चे को किया बरामद, बाल संरक्षण इकाई को सौंपा

फतेहपुर। आरपीएफ ने फतेहपुर से भटके एक बच्चे को कोडरमा स्टेशन से बरामद किया है। शुक्रवार को बच्चे को बाल संरक्षण इकाई को सुपुर्द कर दिया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि गाया-कोडरमा रेलखंड पर शुक्रवार को ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत चलाए गए अभियान के दौरान स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एक बच्चा रोते हुए मिला। आरपीएफ की टीम ने बच्चे को रेस्क्यू कर आरपीएफ पोस्ट लाया। उन्होंने बताया कि बच्चे की उम्र दस साल है। उसने पूछने पर अपना नाम अमन कुमार, पिता रंजीत कुमार, ग्राम व थाना-फतेहपुर, जिला-गया का रहने वाला बताया। बच्चे ने बताया कि उसके पापा कोडरमा में स्कूल में नामांकन कराए थे। उसे यहां नहीं रहना है।

### नए छात्र और छात्राओं को संस्थान की संरचना व नीतियों से कराया अवगत

**टिकारी**। सीयूएसबी, गया के कृषि संकाय की ओर से चाणक्य भवन में स्नातक कृषि कार्यक्रम के नए प्रवेशकों के स्वागत के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य प्रथम वर्ष के छात्रों को विश्वविद्यालय परिवार में आत्मीयता से सम्मिलित करना और उनकी शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम यात्रा के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था। समारोह की शुरुआत परिचय सत्र के साथ हुई, जिसमें छात्रों ने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया और फिर फैकल्टी मेंबर्स व स्टाफ ने भी अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कृषि संकाय के अध्यक्ष सह अधिष्ठाता, प्रो. रामाशीष यादव ने किया। इस दौरान, विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) प्रो. राकेश कुमार सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में नए छात्रों को विशेष आशीर्वाद प्रदान करते हुए उन्हें उनकी शैक्षणिक यात्रा में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने का मार्ग दिखाया। परीक्षा नियंत्रक, डॉ. शांतिगोपाल पेन ने उद्घाटन भाषण में विश्वविद्यालय के अकादमिक प्रबंधन पोर्टल के माध्यम से छात्रों को प्रवेश प्रक्रियाओं और विश्वविद्यालय की विविधता पर प्रकाश डाला। इसके बाद, प्रो. रामाशीष यादव ने विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया। डॉ. हेमंत कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के अध्यादेश प्रस्तुत किए, जिससे छात्रों को संस्थान की संरचना और नीतियों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का समापन डॉ. गौतम कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### जाम की समस्या को दूर करने के लिए विशेष फोर्स की होगी तैनाती

**डुमरिया**। शुक्रवार को इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार गया पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पेज से लाइव हुए। इस दौरान इमामगंज के लोगों से क्राइम कंट्रोल,साइबर क्राइम, महिला उत्पीड़न एवम विभिन्न थानों में घटित हो रही घटनाओं से जुड़े मामलों से लोगों को अवगत करते हुए जागरूक किया। अमित कुमार ने कहां कि इमामगंज पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में इस तरह की कुछ घटना घटित हो रही है, तो अपराध से संबंधित सूचना के लिए सरकारी नंबर 9431800573 पर जानकारी दें । उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रहेगा। वहीं इमामगंज डुमरिया मोड़ पर लग रहे भीषण जाम और ऑटो की पार्किंग को लेकर कहा कि पुलिस जाम की समस्या को लेकर लगातार काम कर रही है। वैसे स्थिति होने पर फोर्स की तैनाती जाती है। लेकिन अब विशेष रूप से जाम की समस्या को दूर करने और ऑटो की पार्किंग को भी दुरुस्त करने के लिए विशेष फोर्स की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही डुमरिया के मझौली बाजार में लग रहे जाम और अतिक्रमण को लेकर कहा कि विशेष रूप से पुलिस की गश्ती बढ़ा इसे दुरुस्त किया जाएगा।

### नक्सलियों से निपटने के लिए जंगलों में सर्च ऑपरेशन करें तेज : आईजी

**डुमरिया**। अति नक्सल प्रभावित गया-औरंगाबाद जिला की सीमा पर स्थित डुमरिया के पंचरुखिया के जंगल में तीन दिन पूर्व एक दर्जन प्रेशर आईईडी मिलने के बाद शुक्रवार को सीआरपीएफ के आईजी निरीक्षण करने पहुंचे। सीआरपीएफ के बिहार पुलिस महानिरीक्षक एनी अब्राहम ने डुमरिया प्रखंड क्षेत्र में रहे छकरबंधा, पंचरुखिया समेत अन्य सुरक्षा बलों के कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन इलाकों में नक्सली गतिविधियों को पूरी तरह से कुंद करने को लेकर विशेष निर्देश दिए। इस संबंध में सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को बिहार पुलिस महानिरीक्षक एनी अब्राहम ने डुमरिया के छकरबंधा, पंचरुखिया समेत अन्य सीआरपीएफ कैंपस का निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और जवानों के प्रशासनिक दक्षता का मूल्यांकन किया। अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने नक्सल जोन एरिया का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो नक्सली जोन एरिया जहां पर नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना, या जिस स्थान पर नक्सलियों की आने-जाने की सूचना प्राप्त होती है तो वैसे समय पर तुरंत कार्रवाई करनी है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ अच्छे से काम कर रही है। अब हम लोगों को नक्सली को उत्पन्न हर हाल में नहीं होने देना है। अगर कहीं पर ऐसी सूचना मिलती है कि कुछ लोग भोले-भाले लोगों को भटकाने की कोशिश करते है तो तुरंत कार्रवाई करनी है। और नक्सल ऑपरेशन को लेकर जंगल में ऑपरेशन को और तेज करने, जंगली क्षेत्र के बच्चों, युवाओं और युवतियों को शिक्षा से जोड़ने सहित विभिन्न दिशा निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। इस मौके पर सीआरपीएफ के कई अधिकारियों मौजूद थे।

### अतिप्राचीन पतालेश्वर महादेव मंदिर की बारिश से गिरी दीवार



**फतेहपुर**। टनकुप्पा प्रखंड के चोवांर गांव स्थित अतिप्राचीन व ऐतिहासिक पतालेश्वर महादेव मंदिर की दीवार 15 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण गिर गई। मंदिर की मिट्टी की दीवार बाहर से भरभरा कर गिर गई है। हालांकि दीवार गिरने से किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। ग्रामीण श्यामसुंदर सिंह ने बताया कि गुरुवार की आधी रात से मूसलाधार बारिश शुरू हुई जो शुक्रवार को भी जारी रही। लगातार बारिश से पातालेश्वर महादेव मंदिर के उतर दिशा की ढाई फीट मोटी दीवार शुक्रवार की शाम साढ़े चार बजे अचानक भरभरा कर गिर गई। हालांकि मंदिर के गर्भगृह के अंदर की दीवार अभी सुरक्षित है। लेकिन उसपर भी खतरा बढ़ गया है। इधर, मंदिर की दीवार गिरने की खबर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उनके बीच किसी अनहोनी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। वहीं ग्रामीण श्यामसुंदर सिंह ने इस अतिप्राचीन व ऐतिहासिक पातालेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

# राहुल-तेजस्वी को नहीं सुनाई देती बांग्लादेश में हिंदुओं की चीत्कार

## डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बोले-सरकार हर काम की कर रही समीक्षा

निज संवाददाता। गया



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा शनिवार की सुबह गया पहुंचे। उन्होंने भगवान विष्णुपद मंदिर में विष्णु चरण के ऊपर माथा टेका। साथ ही राज्य के खुशहाली की कामना की। इस दौरान इन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं की चीत्कार नहीं सुनाई देती है। सरकार अपने स्तर से हर काम की समीक्षा कर रही है। दर्शन के बाद डिप्टी सीएम बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और दिल्ली के सीएम केजरीवाल पर हमलावर हुए। डिप्टी सीएम ने कहा कि ऐसे लोगों का भारत की धरती पर जन्म लेना धिक्कार है।

**बगैर प्रमाण आरोप लगाना संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफः** बीते दिनों नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि सरकार के चमचे चढ़ावा भेंट कर ट्रांसफर पोस्टिंग करवा रहे हैं। इसके जवाब में उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि तेजस्वी यादव इस बात का प्रमाण दें। बगैर प्रमाण आरोप लगाना संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ है। विजय सिन्हा ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष कभी पटना, तो कभी सिंगापुर, कभी कहीं और से ट्वीट कर रहे हैं। ये भूमिका संवैधानिक नहीं है। वे नेता प्रतिपक्ष हैं। उन्हें सजग होकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। लेकिन, वे ऐसा करने से दूर भाग रहे हैं। बेबुनियाद बातों को ट्वीट करने में लगे रहते हैं।

**राहुल-तेजस्वी को नहीं सुनाई देती बांग्लादेश में हिंदुओं की चीत्कारः** सरकार हर काम की समीक्षा कर रही है। शीघ्र ही कार्रवाई के साथ परिवर्तन दिखने को मिलेगा। तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए इन्होंने कहा कि सभी लोग तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं की चीत्कार उन्हें सुनाई नहीं देती है। ऐसे लोगों का भारत की धरती पर जन्म लेना धिक्कार है। उपमुख्यमंत्री विष्णुपद मन्दिर में दर्शन के बाद बोधगया के लिए एक कार्यक्रम में शरीक होने के लिए गए है। दोपहर तीन बजे के बाद सर्किट हाउस में आएंगे। इसके बाद शाम को एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जाएंगे।

## 4 बदमाश अरेस्ट, 2 बाइक-मोबाइल फोन जब्त

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा पुलिस ने दो अलग-अलग लूट की घटनाओं का खुलासा किया है। नूरसराय और सोहसराय थाना क्षेत्रों में हुई घटनाओं के संबंध में चार बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 2 बाइक, मोबाइल, एसबीआई का एटीएम कार्ड आदि जब्त हुआ है। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि 20 अगस्त को नूरसराय थाना क्षेत्र के मिल्किपुर गांव में एक व्यक्ति से मोबाइल, चार्जर, ब्लूटूथ और सोने का ब्रेसलेट लूटा गया था। इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

**13 अगस्त को बाइक सवार से हुई थी लूटपाटः** जांच के दौरान यह भी पता चला कि इसी गिरोह ने 13 अगस्त को सोहसराय थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार से भी लूट की थी। इस घटना में उपयोग किया गया मोटरसाइकिल और लूट का माल भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों में कौशल कुमार उर्फ गुज्जर काकड़िया थाना नूरसराय, संतोष कुमार उर्फ रफ्फी गगन दीवान थाना लहेरी, मिठू कुमार और राकेश कुमार म्यार थाना नूरसराय शामिल है। इन सभी का पहले भी लूट और डकैती जैसे संगीन अपराधों में शामिल होने का इतिहास रहा है।

**दो मोटरसाइकिल-दो मोबाइल सेट जब्तः** बरामद किए गए सामान में दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल सेट, चार्जर, ब्लूटूथ, और SBI के एटीएम कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। छापेमारी टीम में सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि, नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार, दारोगा संजय राम, राजेश कुमार, रमेश पासवान, संजीव कुमार, मनोज कुमार समेत नूरसराय और सोहसराय थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

## पेड़ से लटका मिला किशोर का शव, गया में 2 दिन पहले दिल्ली से लौटा था

निज संवाददाता। गया

गया के अति नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड के पटखौलिया गांव के रहने 17 वर्षीय नाबालिग किशोर का शव पेट से लटका मिला है। इस मामले में ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। वहीं, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोर की पहचान अनुपम पासवान (17) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मृतक के परिजन अनुपम के आत्महत्या किए जाने की बात कह हैं। दूसरी ओर गांव के लोग शव की स्थिति व परिस्थिति के अनुसार प्रथम दृष्ट्या से हत्या की आशंका जता रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि एक सप्ताह पहले अनुपम पासवान अपने भाई के साथ दिल्ली से घर आए थे। दोनों दिल्ली में ही काम करते थे। जानकारी के अनुसार आम के पेड़ की एक डाली पर जमीन से करीब 20 फीट की ऊंचाई पर शव लटका हुआ था। शौच करने गई महिलाओं ने शव को सुबह में देखा तो वे घबरा गईं। गांव के लोगों को घटना की सूचना दी। पेड़ से शव के लटके होने की सूचना मिलते ही गांव में दहशत का माहौल कायम हो गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। पेड़ के पास से रस्सी और दो चप्पल बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार इस मामले में परिवार पूरी तरह से संदेह के घेरे में है। वह कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। बस इतना ही कह रहे है कि अनुपम ने बिना किसी कारण के ही आत्महत्या किया है। बिना किसी कारण के किया है। वह रात 12 बजे घर से निकला था। इस दौरान उसने अपने दादा से खैनी भी मांगा था। इधर, डुमरिया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक के घर वालों से पूछताछ की जा रही है।

## ससुराल से डेढ़ किमी दूर मिली महिला की लाश, रात में सास ने कहा था, बहू किसी के साथ भाग गई

निज संवाददाता। नालंदा

### सुबह मायके वाले पहुंचे तो मिला शव



नालंदा में ससुराल से डेढ़ किलोमीटर दूर एक महिला का शव बरामद हुआ है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका कुर्मियां विगहा निवासी राजीव बिंद की (22) वर्षीय पत्नी प्रियंका देवी है। पटना जिला के धनरूआ थाना क्षेत्र के कुसबन बिगहा निवासी प्रियंका के चाचा ने कहा कि दामाद हमेशा बाइक की मांग करता था। प्रियंका एक माह पहले ही मायके आई थी। गुरुवार को फोन कर दामाद राजीव ने बुला लिया। प्रियंका अपनी 8 माह की बच्ची को लेकर ससुराल पहुंची। रात करीब 1 बजे उसकी सास ने कहा कि प्रियंका घर से किसी के साथ भाग गई है। सुबह जब बेटी के ससुराल पहुंचे तो घर में ताला लगा था। खोजबीन के दौरान घर से डेढ़ से किमी दूर प्रियंका की लाश मिली। पुलिस को सूचना दी। घटना

**8 माह की बेटी लापता हैः** बेटी की लाश मिलने के बाद मायके वाले आक्रोशित हो गए। ससुराल में जाकर घर को तहस-नहस कर दिया। बताया गया कि 2021 में प्रियंका की शादी राजीव के साथ हुई थी। एक बेटी भी हुई है। परिजन सास-ससुर और पति पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल 8 माह की बच्ची लापता है। महिला के शरीर पर चोट और जख्म के निशान हैं। आशंका जताई जा रही कि उसके साथ मारपीट की गई। राजीव दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। घटना के वक्त वो घर में नहीं था।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगाः** हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि हिलसा थाना क्षेत्र के इंदौत गांव के पास पुलिस को एक महिला के शव मिलने की सूचना मिली है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त प्रियंका देवी के रूप में की गई। मायके वाले ससुराल वालों के ऊपर मारपीट कर शव फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल ससुराल वाले घर छोड़ फरार हैं।

## हादसे में बुजुर्ग की मौत, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

निज संवाददाता। नालंदा



♦ बिहार शरीफ-बरबीघा मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन, राहगीरों को हुई परेशानी

नालंदा में शनिवार की सुबह सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। रोड पार करने के दौरान ये वाहन की चपेट में आ गए। इस कारण इनकी मौत हो गई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने बिहार शरीफ-बरबीघा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। इससे राहगीरों को परेशानी हुई। घटना बिहार शरीफ-बरबीघा मुख्य मार्ग के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत गोइठवा पुल के समीप की है। मृतक की पहचान बिहार थाना क्षेत्र के काशोचक नकटपुरा निवासी स्वर्गीय जगदेव यादव के बेटे कृष्ण यादव (60) के रूप में की गई है।

**शौच के लिए नदी किनारे गए थे कृष्ण यादवः** घटना के संबंध में कृष्ण यादव के भाई अरविंद कुमार ने बताया कि हर दिन की तरह शनिवार की सुबह उनके भाई शौच के लिए नदी किनारे गए थे। जहां से वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच सड़क पार करने के दौरान पुल के समीप वाहन ने कुचल दिया। जिसके कारण उनके भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बिहार शरीफ बरबीघा मुख्य रास्ता को जाम कर दिया। जिसके कारण सड़क के दोनों छोर पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित मुआवजे और कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर बीडीओ और बिहार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। करीब 2 घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही। इसके कारण राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**परिवार को 20 हजार रूपए की दी मददः** वहीं, इस मामले में बिहार शरीफ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सड़क जाम की सूचना पर बिहार थाना की पुलिस के साथ वे मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार का तत्काल मदद किया गया।

**आवेदन मिलने के बाद होगी आगे की कार्रवाईः** आगे की प्रक्रिया में पीड़ित को हर संभव मदद का भरोसा दिया गया है। वहीं, बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान में पुलिस जुट गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 29 अगस्त को होगा वीमेंस हॉकी मैच

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजगीर में सीएम खेल अकादमी का करेंगे उद्घाटन

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजगीर के पास नवनिर्मित खेल अकादमी का उद्घाटन होने वाला है। यह अकादमी न केवल राज्य के युवा खिलाड़ियों के लिए एक नया घर बनेगा, बल्कि बिहार को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान भी देगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद इस अवसर पर उपस्थित रहकर अकादमी का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद, पहली बार इस खेल अकादमी में खेल सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। यह समारोह, जो अब तक पटना में ही आयोजित होता था, इस बार राजगीर में होगा। समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए 29 अगस्त को इंडियन वीमेंस हॉकी टीम के खिलाड़ी एक विशेष प्रदर्शनी मैच खेलेंगी। यह मैच अकादमी के नवनिर्मित एस्टोटर्फ मैदान पर होगा, जिसमें देश की चुनिंदा महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। इस अवसर पर प्रसिद्ध द्रोणाचार्य अवार्डी और हॉकी कोच हरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहेंगे, जो इस आयोजन को और भी विशेष बना देगा।

**खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जा सकताः** सूत्रों के अनुसार इस खेल सम्मान समारोह में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। यह कदम न केवल मौजूदा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि युवा पीढ़ी को भी खेल के प्रति आकर्षित करने में मदद करेगा।

## बारिश में छाता लेकर लोकरत्न उपेंद्रनाथ वर्मा की मनाई जयंती


निज संवाददाता। गया



गया में झमाझम बारिश के बीच लोकरत्न उपेंद्रनाथ वर्मा की 104वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर आए विभिन्न राजनीति दलों से जुड़े लोगों और समर्थकों ने छाते के सहारे वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और कुमुद वर्मा समेत अन्य नेता बारिश के बीच भींगते हुए नजर आए। वहीं, जिस स्थान पर टेंट लगे थे वहां भी बारिश की वजह से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। वे भी बारिश से बचते हुए देखे गए। बारिश के बीच ही समारोह में आए विभिन्न दलों के नेताओं ने अपने-अपने विचार रखे। कहा कि उपेंद्र नाथ वर्मा राम मनोहर लोहिया के अभिन्न मित्र थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में वंचितों और शोषितों के लिए बखूबी संघर्ष किया। लोगों ने कहा कि उपेंद्र नाथ वर्मा से हमलोगों ने समाजसेवा और उसके उत्थान का पाठ पढ़ा है। उन्होंने ने ही वंचित और शोषित समाज को हक के लिए संघर्ष करने की शिक्षा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलसी जदयू डॉक्टर कुमुद वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि उपेंद्र नाथ वर्मा के विचारधारा पर चलते हुए समाज के उत्थान के लिए हर सम्भव संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की समाज की एकजुटता में ही उसकी तरक्की है।

## मैनेजर ने ग्राहक पर लगाया मारपीट का आरोप, गया में मुथूट फाइनेंस के कर्मी के साथ किया अभद्र व्यवहार, FIR दर्ज

निज संवाददाता। गया



गया मुथूट फाइनेंस के मैनेजर ने ग्राहक पर मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही मैनेजर के साथ गाली गलौज की है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें ग्राहक काफी आक्रोशित नजर आ रहा है। हालांकि, मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने नहीं आया है। पीड़ित कर्मी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बताया जाता है कि एक युवक व उसके दोस्तों ने मैनेजर की जमकर पिटाई की है। बैंक में मैनेजर व अन्य स्टाफ के साथ गाली गलौज की गई है। मैनेजर को खींचते हुए एक सुनसान गली में ले गए और वहां जमकर मारपीट की। किसी तरह से जान बचाकर मैनेजर वापस ऑफिस पहुंचे। पीड़ित ने डायल-112 और कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

**आरोपी के खिलाफ केस दर्जः** पुलिस के मौके पर नहीं पहुंचने पर मैनेजर ने एएसपी पीएन साहू को संपर्क किया। बताया जाता है कि इसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**गोल्ड रिलीज करने को लेकर हुआ विवाद** : मैनेजर शिव कुमार ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बाद एक कस्टमर आया और बैंक में जमा गोल्ड को रिलीज करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। वह कहने लगा कि उसकी बहन बंगला स्थान निवासी रोशनी कुमारी ने गोल्ड जमा कर लोन लिया हैं। उस गोल्ड को वापस रिलीज कर दिया जाए। कर्मी ने ग्राहक से कहा कि जिसे लोन दिया गया है, उसके आने के बाद गोल्ड रिलीज किया जाएगा। इस बात को लेकर वह बहस करने लगा। इस बीच बैंक कर्मी ने उसकी बहन को फोन कर गोल्ड रिलीज कराने आए भाई के बारे में जानकारी दी, तो उसने गोल्ड देने से मना कर दिया। यह बात सुनते ही ग्राहक बुरी तरह से भड़क गया और मारपीट करने लगा।

**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** ग्राहक, कर्मी को खींचकर बैंक से बाहर एक गली में ले गया। साथियों के साथ मिलकर जमकर पीटा। इससे उसके शरीर पर कई जगह जख्म के निशान पड़े हैं। कोतवाली इंस्पेक्टर आशीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम त्यौहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता | नवादा

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मनाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति के सम्मानित सदस्यों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा कि दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्मन्न कराने के लिए आप सभी शांति समिति के सदस्यों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। आपका सहयोग हमलोगों को सबल बनाता है। पर्व/त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए थाना, अनुमंडल और जिला स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष का संचालन होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शांति और सौहार्द वातावरण के रास्ते से ही जिले का विकास होता है। विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जिला प्रशासन के द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति करेंगे एव। जिन




सड़कों से जुलूस निकाली जायेगी वहां के विद्युत तार की उँचाई को सुव्यवस्थित करेंगे। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को मेला स्थलों पर पेय जल, पानी टैंकर की सुविधा और कार्यपालक पदाधिकारी को नगर की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिये। दोनों पर्वों को देखते हुए संवेदनशील और क्रियाशील रहने के लिए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि थाना, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष 24.08.2024 अगस्त से त्योहार समाप्ति तक क्रियाशील रहेगा। अफवाह और भ्रम फैलाने वाले सोशल मीडिया पर भी जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा ने कहा कि पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण ढ़ंग से आयोजित करने के लिए सभी अधिकारी संवेदनशील रहेंगे. शांति समिति के सदस्यों से अपील किया कि कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग करें। दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ काफी संख्या में सषस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। शांति समिति के सदस्य जुलूस के समय शांति व्यवस्था कायम करने में अपेक्षित सहयोग करें। आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम त्योहार 2024 को शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए शांति समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण और उल्लेखणीय सुझाव दिये। अखिलेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर ने अपने क्षेत्रों के ताजिया जुलूस और विधि-व्यवस्था संधारण के लिए अंचलाधिकारी और थानाध्यक्षों से फिडबैक प्राप्त किये। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, गोपनीय प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के साथ-साथ शांति समिति के सम्मानित सदस्य आदि उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य झांकी और बच्चों के बीच मनमोहक प्रदर्शन

निज संवाददाता | तिलौथू (रोहतास)

भाद्रपद कृष्ण पंचमी, शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में, समस्त विद्यालय परिवार के सहयोग से, 16 कलाओं से विभूषित भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें छोटे-छोटे भैया-बहनों ने कृष्ण, राधा, गोपी आदि के रूप धारण कर भाग लिया और श्रीकृष्ण पर आधारित नृत्य-गीत प्रस्तुत किए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिलौथू थाना के थाना प्रभारी, श्री प्रमोद कुमार, की उपस्थिति ने समारोह को और भी प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक बना दिया। विद्यालय के सचिव, लाल बिहारी, द्वारा उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ देव पूजन कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ हुआ।कार्यक्रम में प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, गीत और कृष्ण-राधा की झांकी को देखकर मुख्य अतिथि, प्रमोद कुमार, अत्यंत प्रभावित हुए। अपने वक्तव्य में उन्होंने विद्यालय और कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए, भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 'सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू, इस क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यहां की संस्कार, शिक्षा और अनुशासन अत्यंत उत्तम हैं।' मुख्य अतिथि ने भगवान श्रीकृष्ण की झांकी में पुष्प अर्पित कर पूजन किया। कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय के प्रधानाचार्य, धनंजय शर्मा, ने उन्हें धन्यवाद देते हुए विद्यालय के विकास में सुझाव और सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 'मान्यवर थाना प्रभारी महोदय, विभिन्न स्थानों पर सरस्वती शिशु मंदिर के संपर्क में रहने के कारण विद्यालय के महत्व को भलीभांति जानते हैं। और हमेशा अपना सहयोग देते रहते हैं।' इस भव्य कार्यक्रम में, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य, रविंद्र प्रसाद, ने भगवान श्रीकृष्ण की जीवनी बच्चों के समक्ष प्रस्तुत की।

## सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौत, परिवार में मातम

निज संवाददाता | (सासाराम) रोहतास

स्थानीय नगर थाना क्षेत्र के नेहरू पार्क के समीप बीती रात सड़क दुर्घटना में एक निजी विद्यालय के शिक्षक की मौत हो गई है। बताया जाता है कि नगर थाना क्षेत्र के कादिरगंज मोहल्ला निवासी स्वर्गीय श्याम लाल गौंड के पुत्र महावीर गौंड शुक्रवार की रात तकरीबन 9 बजे मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। तभी यातायात थाने के समीप हीं एक अज्ञात वाहन ने उनके मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। जिसमें शिक्षक महावीर गौंड बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायल शिक्षक को सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान घायल शिक्षक ने दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया है तथा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मामले में नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि यातायात थाने के समीप बीती रात एक सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय महावीर गोंड नामक व्यक्ति की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है तथा अग्रिम कार्रवाई चल रही है।

## मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ

निज संवाददाता | नवादा

विधानसभा निर्वाचन को लेकर नवादा में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य शनिवार से शुरू हो गया है, जिसके लिए 1795 मतदान केदो का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 1400 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केदो के मतदाताओं को दूसरे मतदान केंद्रों पर स्थानांतरित किए जाएंगे या फिर आसपास नया मतदान केंद्र भी बनाया जाएगा, जिसके लिए व्यापक स्तर पर मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है।




उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को अहर्ता तिथि मानकर नए मतदाताओं का भी नाम जोड़ने का काम व्यापक स्तर पर शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण की गतिविधियों के तहत बीएलओ को सभी घरों का भौतिक सत्यापन भी करना है। ताकि मतदाताओं की अधिकतम स्थितियों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची की तैयारी का कार्य 5 सितंबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवादा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में मात्र 54 मतदान केंद्र ऐसे हैं इन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या 1400 से अधिकतम है। जिसकी स्थानांतरण की व्यवस्था शीघ्र करने की जरूरत है। डीएम ने कहा कि 29 अगस्त तक मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन का काम पूर्ण कर लिया जाएगा। उप- विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि इस बार महिला पुरुषों की संख्या को बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद, उप निर्वाचन अधिकारी महेश पासवान, प्रभारी डीपीआरओ आदि उपस्थित थे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रत्न पुरस्कार से सम्मानित किये गए शिक्षक संतोष वर्मा

निज संवाददाता | नवादा

जिला के इंटर विद्यालय आंती के शारीरिक शिक्षक, संतोष कुमार वर्मा को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम भारतीय रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जहां देश भर से कुल 25 प्रतिभागियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया। इस पुरस्कार के लिए चयन प्रक्रिया ऑनलाइन नामांकन के आधार पर की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी उपलब्धियों का डाटा ऑनलाइन अपलोड किया था। संतोष कुमार वर्मा को शिक्षा, खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। खेल के क्षेत्र में उन्होंने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर तक स्थापित की है। उन्होंने




इंटर विद्यालय सिरदला में 10 वर्षों तक बेहतर कार्य किया और वर्तमान में इंटर विद्यालय आंती में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वर्मा केवल खेल के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि विद्यालय में पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम, गतिविधि आधारित कार्यक्रम, खेल-खेल में पढ़ाई, नवाचार, सामाजिक गतिविधियां, वृक्षारोपण, 'गुड टच बैड टच' पर जागरूकता, मोटिवेशनल क्लास, आग से सुरक्षा, बिजली और पानी की बचत, स्वच्छता और फिट रहने के गुर जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया है। इन सभी गतिविधियों और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया। इंटर विद्यालय आंती के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने वर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके आने से विद्यालय की गतिविधियों में तेजी आई है और विद्यालय का नाम खेल एवं अन्य क्षेत्रों में राज्य और देश स्तर तक पहुंचा है। वर्मा की इस उपलब्धि पर इंटर विद्यालय सिरदला के पूर्व प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, विद्यालय के शिक्षक डॉ. शिव शंकर प्रसाद, डॉ. ममता शर्मा, पूनम कुमारी, अर्चना भारद्वाज, प्रबोध कुमार पांडे, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, स्वरलता, डॉ. महजवी फातमी, अवधेश नारायण पाल, शैलेंद्र कुमार, खुशबू कुमारी, माधुरी कुमारी, प्रतिभा कुमारी, और अनुराधा कुमारी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## राशि लेकर मकान न बनाने वाले सात लोगो को बीडीओ ने लिखा पत्र

निज संवाददाता | राजपुर (रोहतास)।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना का राशि लेकर मकान निर्माण नहीं करने वाले सात लाभुको को बुलाकर थाना लाने के लिए बीडीओ ने पुलिस को पत्र लिखा है।

पुलिस को लिखें पत्र में बीडीओ ने कुटन राम, पिता गरीबन राम, ग्राम मंगरवलिया, सरस्वती देवी, पति स्वर्गीय रामनाथ राम, भागीरथी देवी, पति जवाहर साह, दोनों ग्राम डिहरी, सविता देवी, पति मलु राम, ग्राम सियांवक, बिनदा देवी, पति सुदर्शन राम, धोबडिहा, बनबासी कुअंर, पति रामदयाल राम एवं रिना देवी पति छोटन राम दोनों ग्राम राजनडिह का नाम शामिल हैं।

बीडीओ ने बताया कि बार बार नोटिस करने के बाद भी राशि के अनुरूप निर्धारित स्तर तक आवास का निर्माण इन लोगों द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिससे बाध्य हो पुलिस का सहारा लेना पड़ रहा है। इन सभी लोगो को 24 अगस्त को अपना जबाब संलग्न करने के लिए थाना में उपस्थिती कराने की बात लिखी गई है। जिससे समबन्धित लाभुको का आवास पूर्ण कराया जा सके।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्नलिखित निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है –

**1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-BBU-FW-42-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 07.09.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**1. AB/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (मोहम्मदीगंज साइड) में स्थित मिक्स (दो पहिया एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-SSM-MX-49-22-3, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 07.09.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**1. AB/2 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गुरारू रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्स (दो, तीन एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-GRRU-MX-40-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 07.09.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।

**1. AB/3 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** हैदरनगर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्स (दो, तीन एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-HDN-MX-64-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 07.09.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:00 बजे बंद होगी।

**1. AC/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** अन्कोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-ANH-RW-36-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 07.09.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:10 बजे बंद होगी।

**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Park-DDU-24

**2. वेबसाइट का पता जहाँ ई–निविदा का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in** (E-auction Leasing)

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/00960/डीडीयू/वा०/एन/24–25/64**

## भाकपा माले ने सात सूत्री मांग को लेकर दिया धरना प्रदर्शन



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को भाकपा माले पार्टी के बैनर तले हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत मेवा लाल राजवंशी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। हमारी पार्टी जनता की ज्वलंत सवालों को लेकर अनवरत आंदोलन एवं संघर्ष करते आई है। पार्टी प्रमुख के आवाहन पर सात सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे मांगों में उद्यमी योजना को पशुपालन से जोड़ते हुए 60000 रुपए का आय प्रमाण पत्र जारी करने, आवासहीन परिवारों को पास जिसमें जमीन उपलब्ध कराने, बिहार सरकार द्वारा सिंचाई विभाग एवं वन विभाग की जमीन को गरीबों के नाम बंदोबस्त करने, स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने व गरीबों को 200 यूनिट बिजली मुक्ति देने, भ्रष्ट डीलरों के लाइसेंस रद्द करने व गरीबों को एक - एक क्विंटल अनाज देने के अलावे सभी विधवा वृद्धा विकलांगों को 3000 रुपए प्रति माह पेंशन देने की बातें शामिल हैं। मेवालाल राजवंशी ने बताया कि धरना प्रदर्शन के बाद उन्होंने अपनी मांगों का ज्ञापन बीडीओ संजीव झा को सौंपा गया है। साथ ही बताया कि बीडीओ द्वारा आश्वासन दिया गया है कि वे हमारी मांगों को बिहार सरकार तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सड़क एवं नाली निर्माण नहीं होने से नाराज महिलाओं ने कीचड़युक्त सड़क पर रोपी धान

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड क्षेत्र के धमनी पंचायत अंतर्गत कुम्हरुआ गांव के मुख्य मार्ग में सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण नहीं किए जाने से गुस्साई ग्रामीण महिलाओं ने कीचड़युक्त सड़क पर धान रोपकर विरोध जताई है। ग्रामीण अनूप कुमार, निलेश कुमार यादव, जितेंद्र कुमार, सुभाष कुमार, पंकज कुमार, दामोदर यादव एवं उमेश्याद्व ने बताया कि हमारे गांव जाने के लिए वार्ड संख्या 13 स्थित दक्षिण टोला के कच्ची सड़क से होकर जाना पड़ता है। यह रास्ता बीते 20 वर्षों से कच्चा अवस्था में है, इसके कारण जब भी बरसात का मौसम आता है,तो सड़कों पर बृहद मात्रा में कीचड़ एवं पानी जमा हो जाता है। साथ ही बताया सड़क पर जमे पानी के निकास हेतु नाली का निर्माण भी नहीं किया गया है। साथ ही बताया कि यह सड़क हमारे गांव का मुख्य सड़क है, जिससे लगभग गांव के सभी लोगों का आना-जाना होता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या की सूचना ग्राम वासियों द्वारा ग्राम पंचायत मुखिया, पंचायत समिति एवं वार्ड सदस्य को भी है। इसके अलावा एक वर्ष पहले धमनी में जिलाधिकारी नवादा आए थे, तब भी ग्रामीणों द्वारा सड़क के पक्कीकरण एवं नाली निर्माण हेतु लिखित आवेदन दिया गया था। इसके बावजूद अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पर कीचड़ जमा रहने से छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं महिलाएं भी बाजार आने-जाने के लिए तरस जाती हैं। ग्रामीण अनूप कुमार ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं ने सड़क एवं नाली निर्माण को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई है। साथ ही बताया कि सड़क एवं नाल निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा बीडीओ को शनिवार को लिखित आवेदन दिया गया है। इस बाबत पर बीडीओ संजीव झा ने बताया कि कुम्हारवा गांव के ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन के आलोक में अग्रतार कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज बाइट्स

### छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित




**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में रक्तदान शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। यह शिविर छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान, नवादा के द्वारा आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार व संस्थान के सचिव जितेन्द्र प्रताप समेत अन्य की मौजूदगी में लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा की। कार्यक्रम में तीन लोगों ने रक्तदान किये।जिसमे सीएचसी नारदीगंज में कार्यरत चिकित्सक डा. इंद्रदेव कुमार व परिचारी सुनील कुमार गुप्ता के अलावा गोतरायन निवासी बबलू वर्मा ने रक्तदान किये।संस्थान सचिव जितेंद्र प्रताप ने कहा युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता में थोड़ी कमी है। इसलिए पंचायत के मुखिया के सहयोग से प्रत्येक गांव में रक्तदान शिविर आयोजित होगा, उन्हें जागरूक करना है। तब युवाओं में रक्तदान के प्रति संकोच मिटेगा कहा गया। रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई दान नहीं है, यही मानवता की सच्ची सेवा है। मौके पर लेखापाल जयप्रकाश कुमार, प्रधान लिपिक सत्यप्रकाश कुमार, लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार, जिला टीम में तकनीशियन उमेश वर्मा, अनूप कुमार,राजीव कुमार, शिल्पी कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे।

### नाबालिक युवती से छेड़छाड़ एवं ब्लैकमेल को लेकर दो पक्षों में मारपीट



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के नीचे बाजार में नाबालिग युवती से छेड़छाड़ एवं ब्लैकमेल करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई।इस मारपीट में दोनों पक्षों से एक एक महिला घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एक पक्ष माहुरी टोला एवं दूसरा पक्ष कुंडला मोहल्ला का है। मारपीट की सूचना पर डायल 112 की टीम द्वारा घटनस्थल पर पहुंच मामले को शांत किया। साथ ही मारपीट में घायल लोगों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे शिवपुरारी ने घायलों का इलाज किया। माहुरी टोला से पीड़ित पक्ष ने बताया कि शिवालय के समय उनका एक दुकान है, जिस पर एक नाबालिग युवती भी अपने परिवार का हाथ बटाने के लिए आया करती थी। युवती के दुकान में अकेले पाकर कुंडला मोहल्ला का एक युवक अक्सर छेड़छाड़ किया करता था। इस दौरान युवक ने बीते माह युवक ने दुकान के बोर्ड में रहे मोबाइल नंबर लेकर अक्सर युवती के सहेली के भाई बनकर कॉल करके परेशान करने लगा। इसी बीच बीते शुक्रवार की शाम को युवती के परिजनों द्वारा लड़के को रास्ते में बेवजह फोन आदि करने से मना किया गया, तब युवक भड़क गया और घर जाकर गोतिया घर की 10 महिलाओं एवं टाइगर, इबरार अंसारी, मोहिब अंसारी एवं काजिम अंसारी समेत 30 लोग युवती के घर के समीप हरवे-हथियार के साथ पहुंच गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे। इस दौरान एक महिला के हाथ में तेजधार हथियार से कट लग गया।वहीं कुंडला मोहल्ले के लोगों द्वारा बताया गया कि वे अपने बेटे के साथ हुए मारपीट के बारे में युवती के घर गए थे। इसी बीच गोल्डी एवं बिट्टू के अलावे अन्य लोगों ने लाठी-डंडे आदि से मारपीट करने लगे। जिसमें एक महिला घायल हो गई। जिसका इलाज अभी नवादा के पंचशील अस्पताल में चल रहा है।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मामले को लेकर दोनों पक्षों से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

### आधार कार्ड बनाने का कार्य पुनः शुरू

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखण्ड कार्यालय पर आम आदमी का अधार कार्ड बनाया जाना पुनः शुरू हो गया। बीडीओ रविराज ने बताया कि पूर्व में अधार निर्माण कर रहे संस्था का अवधी समाप्त होने के कारण प्रखण्ड कार्यालय भवन में अधार बनना कुछ दिनों से बन्द हो गया था। जिसको ले जनहित के कार्यो में बाधा उत्पन्न हो रही थी। काफी लोग परेशान थे। एक अन्य अधार सेन्टर शौणडिक हाई स्कूल प्रांगण में संचालित है। जहां लोगों की लाइन लम्बा हो रहा था। नए लाभुक को अधार बनवाने के लिए फार्म भरना व अधार निर्माण दोनों निःशुल्क है। जानकारी के अभाव में इसके लिये पैसा का लेन-देन दंडनीय अपराध है। पुराने अधार कार्ड में नाम, फोटो, जन्म तिथि, मोबाइल नम्बर, पता,ई मेल आदि का परिवर्तन के लिए सरकार ने पचास रूपया व अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट पुतली का स्केन एवं उंगलियों के निशान के साथ फोटो नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नम्बर, पता, ई-मेल आदि परिवर्तन के एक सौ रूपया की शुल्क, पांच से 17 वर्ष तक के बच्चों के अधार में किसी प्रकार का परिवर्तन निःशुल्क है। जबकि अधार कार्ड रंगीन कागज पर डाउन लोड कर प्रिंट के लिए तीस रूपया का शुल्क सरकार ने तय कर रखा है।

### संयुक्त बैठक, चेहल्लुम व श्री कृष्णजन्माष्टमी पर्व पर रहेगी सतर्कता

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** चेहल्लुम एवं श्री कृष्णजन्माष्टमी पर्व के अवसर पर जिले भर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को मल्टीपर्पस हॉल, फजलगंज में जिलाधिकारी नवीन कुमार और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने बैठक में मौजूद सभी थानाध्यक्षों से बारी-बारी से पूछा कि उनके इलाके में वैसे कौन-कौन से स्थल हैं। जहां 26 अगस्त की शाम 6 बजे से लेकर रात्रि 2 बजे तक चेहल्लुम का जुलूस निकलने का मार्ग निर्धारित है और उस मार्ग पर मंदिर भी अवस्थित है, जहां कि कृष्णजन्माष्टमी का आयोजन किया जाना है। कई थानाध्यक्षों ने यह बताया कि उनके इलाके में कई ऐसे स्थल हैं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सर्वप्रथम वैसी जगह को चिन्हित करें तथा वहां स्थित मंदिर के पास अच्छी बेरीकेटिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बेरीकेटिंग इस प्रकार की जाए कि जुलूस को निकलने में कोई दिक्कत ना हो। साथ ही मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर दो सेट सीसीटीवी कैमरा तथा फोटोग्राफर को लगाना सुनिश्चित किया जाए और वहां पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जाए। उन्होंने उन स्थानों पर प्रतिनियुक्ति थानाध्यक्ष और दंडाधिकारी को तत्काल दौरा कर निरीक्षण करने का आदेश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि हिंदू एवं मुस्लिम संप्रदाय के दो महत्वपूर्ण पर्व कृष्णजन्माष्टमी तथा चेहल्लुम एक साथ पड़ रहा है। लिहाजा इस बार पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ पदाधिकारी को अपनी भूमिका निभानी होगी।

# कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराने को लेकर डीएम-एसपी ने दिया निर्देश

निज संवाददाता | नवादा



केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा का पांचवा चरण आज एकल पाली में 12:00 बजे मध्या0 से 02:00 बजे अप0 तक होगी। परीक्षा के कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफल आयोजन एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी नवादा एवं अम्ब्रीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा ने आज संयुक्त रूप से डीआरडीए सभागार में केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के उपरान्त ही अंदर जाने की अनुमति देंगे। अभ्यर्थियों का रिर्पोटिंग टाईम 09:30 बजे पूर्वा0 होगा। एडमिड कार्ड/पहचान पत्र के अलावे कोई परीक्षार्थी अपने साथ अवांछित पेपर या गैजेट लेकर नहीं जायेंगे। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिये कि कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों को ससमय केन्द्र पर पहुंचने की अपील की है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के अन्दर कलम, मोबाईल फोन, घड़ी एवं अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के बाहर एवं परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन का कार्य एक दिन पहले ही कर लेंगे। परीक्षा केन्द्र पर जाने वाले दंडाधिकारी और अन्य पदाधिकारी अपना पहचान पत्र साथ रखना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ससमय अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। जिले में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें परीक्षार्थियों की संख्या 10092 है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र लाठी बल के साथ कुल 44 स्टैटिक दंडाधिकारी एवं 22 पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दल दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उड़नदस्ता दल में सशस्त्र लाठी बल के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफल संचालन हेतु समाहरणालय, नवादा में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर-06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारियों को सुरक्षित दण्डाधिकारी एवं कर्मी के रूप में प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्रीमती निरूपमा शंकर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस नवादा एवं मो0 तनवीर आलम, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना (शिक्षा) तथा पु0अ0नि0 बृजेश पाठक, प्रभारी विधि शाखा, पुलिस कार्यालय नवादा रहेंगे। नियंत्रण कक्ष में पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी साथ ही अग्निशाम, चिकित्सा व्यवस्था, बज्रवाहन/वाटर कैनन, अश्रु गैस आदि की भी व्यवस्था की गयी है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा फ्रिस्किंग कार्य हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के ढ़ाई घंटा पूर्व (09:30) बजे पूर्वा0 से प्रवेश की अनुमति फ्रिस्किंग के पश्चात दी जायेगी। महिलाओं के लिए फ्रिस्किंग घेरायुक्त स्थल पर होगी। परीक्षा हॉल में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थी को भौतिक रूप से जॉच कराना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी के जूता जप्पल की सघन जॉच कर ही अंदर जाने की अनुमति देने का निर्देश दिया गया। अभ्यर्थियों के पास किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री, प्रवेश पत्र पर कोई लेख, सादा कागज, क्लिप बोर्ड, स्लाइड रूल, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच, व्हाईटनर, ईरेजर एवं ब्लेड, कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, डिजिटल डायरी, पॉमटाप, पीडीए या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं होनी चाहिए। किसी भी परीक्षार्थी को बिना फोटो, पहचान पत्र के किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि केन्द्र पर यदि कोई सिस्टम काम नहीं करता है, यथा-सीसीटीवी, जैमर आदि तो वो अपने नोडल पदाधिकारी को सूचित करेंगे। आयोग के द्वारा दिशा निर्देश के अनुरूप ही कार्य का निर्वहन करेंगे।

प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के द्वारा वीडियोग्राफी की व्यवस्था रहेगी। अभ्यर्थियों का परीक्षा हॉल में मोबाईल, फोन या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि के साथ प्रवेश निषेध है। कदाचार में लिप्त पाये जाने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, मोबाईल जैमर की व्यवस्था, फोटोग्राफी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की व्यवस्था, वाहन की व्यवस्था रहेगी। संभावित भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था का सुचारू संचालन पुलिस उपाधीक्षक यातायात नवादा द्वारा किया जायेगा। कार्यपालक अभियंता विद्युत को सिपाही भर्ती परीक्षा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया।

अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा को परीक्षा अवधि में सतत् गश्ती करते हुए विधि-व्यवस्था का संधारण करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर द्वारा परीक्षा केन्द्रों वाले नगर क्षेत्रों में स्थित फोटो स्टेट दुकान, साईबर कैफे एवं इंटरनेट सुविधा देने वाले केन्द्रों को परीक्षा की तिथि के दिन 08:00 बजे पूर्वा0 से 05:00 बजे अप0 तक बंद कराने का निर्देश दिया गया। परीक्षा के दिन विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में श्री चन्द्रशेखर आजाद, अपर समाहर्त्ता नवादा-सह-अपर जिला दंडाधिकारी नवादा एवं मो0 इमरान परवेज पुलिस उपाधीक्षक (मु0) नवादा रहेंगे।

आज की इस बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, डीएसपी नवादा सदर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी के साथ-साथ केन्द्राधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डाक महाध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



» इस कार्यक्रम में डाक अधीक्षक नवादा मंडल श्री कुंदन कुमार एवं डाक विभाग के तमाम पदाधिकारी पर नवादा बुंदेलखंड के पोस्टमास्टर मनोज कुमार सिंह डाक निरीक्षक राहुल कुमार शिकायत निरीक्षक ज्योति कुमारी सभी के द्वारा एक-एक वृक्ष लगाया गया

निज संवाददाता | नवादा

नवादा बुंदेलखंड पर नवादा में चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार एवं समाजसेवी सुजयभान सिंह के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया संकल्प लिया गया कि नवादा में लगभग समस्त डाक कर्मियों के द्वारा 100000 वृक्षारोपण किया जाएगा वृक्षारोपण का कार्यक्रम पूरे नवादा में और तमाम डाकघर में शुरू की जाएगी सुजयभान सिंह के द्वारा एवं बुंदेलखंड के तमाम लोगों ने बढ़-कर कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सुजयभान सिंह के द्वारा किया जा रहा था। इस कार्यक्रम में डाक अधीक्षक नवादा मंडल कुंदन कुमार एवं डाक विभाग के तमाम पदाधिकारी पर नवादा बुंदेलखंड के पोस्टमास्टर मनोज कुमार सिंह डाक निरीक्षक राहुल कुमार शिकायत निरीक्षक ज्योति कुमारी सभी के द्वारा एक-एक वृक्ष लगाया गया पर्यावरण को ख्याल में रखते हुए सभी से आशा की गई की सभी अपने जीवन में काम से कम 100 पौधा जरूर लगाएंगे हाल ही में रक्षाबंधन का कार्यक्रम हुआ जिसमें कई बहनों ने अपने उसमें राखी बंधन का कार्यक्रम किया सुजयभान सिंह ने तो यह तक कहा कि वृक्ष ही हमारी मां है क्योंकि जीवन का सबसे अनमोल चीज ऑक्सीजन वहीं से आता है इस संबंध में अनिल कुमार के पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि वृक्षारोपण के महत्व क्या है वृक्ष हमें छाया प्रदान करते है प्राणवायु प्रदान करते है फल, फूल, औषधि, लकड़ी प्रदान करते है वर्षा के जल को मिट्टी में संरक्षित करते है मिट्टी के कटाव को रोकते है वातावरण को शुद्ध रखते है पशु पक्षियों के रहने का आसरा बनते है इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बुंदेलखंड के लोगों का योगदान तो था ही लेकिन डाकघर के विभाग के तमाम कर्मचारी शंकर कुमार अंकित कुमार मनीष कुमार राम कृष्ण कुमार अभी अभिषेक कुमार संतोष कुमार अजय कुमार गौरी शंकर तमाम लोग लगे हुए थे।

## उफन्ती सकरी नदी के वहाब में फंसे चाचा-भतीजा को रेस्क्यू कर निकाला गया बाहर

निज संवाददाता | नवादा



कहा गया है मारने वाला से ज्यादा बलबान बचाने बाला है। जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सकरी नदी में अचानक पानी का प्रवाह तेज हो गया। नदी उफनाई तो दो चरवाहे फंस गए। 12 घंटे बाद दोनों को नदी से निकाला गया। दिन के करीब 1 बजे फंसे दोनों चरवाहा को रात करीब 1:00 बजे रेसक्यू किया गया। सकरी नदी की धार में कुतरूचक गांव के दो लोग फंसे थे। दोनों अपने मवेशियों को चराने के लिए नदी पार गए थे। लौटने के वक्त पानी का बहाव तेज हो गया। मवेशी तो नदी पार कर गए लेकिन दोनों चरवाहा फंस गए। रेस्क्यू होने तक आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष मांझी और डीएम नवादा आशुतोष कुमार वर्मा लगातार स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में रहे। दोनों पल-पल की जानकारी लेते रहे। बताया जाता है कि कुतरूचक गांव के विशो यादव 55 वर्ष और नीतीश कुमार 22 वर्ष जो कि आपस में चाचा-भतीजा हैं, शुक्रवार को मवेशियों को चराने के लिए सकरी नदी के दूसरे किनारे पर गए थे। दोपहर एक बजे करीब जब दोनों मवेशियों को लिए वापस लौट रहे थे, तभी नदी में पानी का बहाव तेज हो गया। साथ रहा मवेशी तो नदी पार कर गया, लेकिन चाचा भतीजे फंस गए। किसी प्रकार बीच नदी में झाड़-कास को पकड़ कर दोनों पानी के धार से मुकाबला करते रहे। दोनों बीच-बीच में बचाने की आवाज लगा रहे थे। स्थानीय लोग जमा हुए लेकिन कुछ कर नहीं पाए। स्थानीय स्तर पर गोताखोर भी नहीं मिल रहे थे। सूचना गोविंदपुर विधायक मो. कामरान तक पहुंची। उन्होंने तमाम अधिकारियों को सूचना देते हुए दोनों को सुरक्षित बाहर निकालने को कहा। एसडीएम रजौली आदित्य कुमार पियुष सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। गया से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। ट्रैक्टर व अन्य वाहनों की रोशनी में रेसक्यू ऑपरेशन चला। तब रात करीब 01:00 बजे दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। वैसे, दोनों चाचा-भतीजे के जज्बे की भी लोग तारीफ कर रहे हैं। आखिर, 12 घंटे तक हिम्मत हारे बगैर मौत से लड़ते रहे। रेसक्यू होने तक विधायक के निजी सचिव राहुल कुमार चुलबुल भी वहां डटे रहे। वे रेसक्यू टीम का हिस्सा भी बने थे। जबतक दोनों को बाहर नहीं निकाला गया सैकड़ों लोग वहां मौजूद रहे। विधायक मो. कामरान ने रेस्क्यू टीम के सभी सदस्यों, सहयोग करने वाले ग्रामीणों, स्थानीय अधिकारियों सहित डीएम और मंत्री संतोष मांझी के प्रति आभार जताया है। विधायक की इतला पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गया से एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल के लिए रवाना कराया था।वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन को इसके लिये आभार प्रकट करते हुए त्वरित तरीके से कार्य को अंजाम देकर दो लोगों की जिंदगी को बचाने के लिये सराहना किया है।

## 24 घंटे के अंदर 62 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 23 अगस्त 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या के प्रयास में 04, अनुसूचित जाति/जनजाति में 16, मद्य निषेध में 05 एवं अन्य गिरफ्तारी 37 कुल 62 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 05 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 22 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 01 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 621 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 84 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 01 एवं ट्रैक्टर 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय उपयोगिता विहीन

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित लाखों की लागत से बना सुलभ शौचालय स्वच्छता अभियान को मुहं चिढ़ा रहा है। नगर परिषद के द्वारा नगर विकास मद की राशि से बना शौचालय उपयोगिता विहीन हो गया है। जिसके कारण स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को शौच क्रिया करने में काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल परिसर में बनाया गया शौचालय का भवन बहु मंजिला है और इसमें बहुत सारे शौचालय सीट भी बना हुआ है। परन्तु साफ सफाई के अभाव में उपयोगिता विहीन है। इस सबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरती अर्चना ने बताया की स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित शौचालय नगर परिषद के द्वारा बनाया गया है। इसके साफ-सफाई एवं रख रखाव की सारी जिम्मेवारी नगर परिषद की है। क्योंकि इसे स्वास्थ्य केंद्र को हस्तगत नहीं कराया गया है अगर इसकी प्रक्रिया पूरी कर दी जाती तो इसका रख रखाव भी सही तरीके से किया जा सकता था। हालांकि नगर परिषद के कनीय अभियंता ने बताया की पूर्व में इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सौप दिया गया था, एक सफाई कर्मी को भी लगाया गया था लेकिन इधर सफाई में टेंडर प्रक्रिया के कारण सफाईकर्मी के बारे में विशेष सूचना अप्राप्त है। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समीर चौधरी ने बताया की यह मेरी जानकारी में नहीं हैं और अगर ऐसी बात होगी तो मैं इसे देख भी लूंगा। चुंकि हॉस्पिटल में इलाज कराने वाले मरीजों में खास कर महिलाओं को शौच क्रिया में काफ़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। परिसर में अन्य कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण हॉस्पिटल के समीप जिला परिषद डाकबंगला परिसर के मैदान में रात्रि में खुले में शौच करना मजबूरी हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल परिसर में नया स्वास्थ्य भवन बनकर तैयार है लेकिन अभी तक उद्घाटन नहीं हो पाया है। बता दें की नगर परिषद के द्वारा क्षेत्र के दो स्थानों पर शौचालय का निर्माण कराया गया है। जिसमें एक वारिसलीगंज थाना के समीप और दूसरा शौचालय शेरपुर मोड़ पर बना हुआ है लेकिन उचित रख रखाब एवं साफ सफाई के अभाव में लाखों रूपये मूल्य से बना शौचालय उपयोगिता विहीन है। कई लोगों ने अस्पताल एवं अन्य स्थानों पर बने शौचालय को उपयोगी बनाने की मांग की है।

## आधा दर्जन से अधिक कांडो के अभियुक्त शराब माफिया गिरफ्तार

**तिलौथू (रोहतास) (नि. सं1)।** पुलिस ने तिलौथू थाना क्षेत्र के एक बड़े शराब माफिया को सासाराम से गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि तिलौथू का बहुत बड़ा शराब माफिया जो देसी एवं इंग्लिश शराब बड़े पैमाने पर कर रहा था, उसे सासाराम से गिरफ्तार कर लिया गया। शराब के मामले में तिलौथू थाना में 10 कांडों का अभियुक्त है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि तिलौथू के उत्तरपट्टी निवासी पिंटू बहुत दिनों से फरार चल रहा था। बहुत लंबे दिनों से पुलिस पिंटू की तलाश कर रही थी। जिसे पुलिस ने सासाराम से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार वह शराब का कारोबार काफी बड़े पैमाने पर करता था। इस पर शराब के 10 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार शराब माफिया को पुलिस ने न्यायालय को सुपुर्द कर दी।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार को कुचला

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के प्राणचक मोड के समीप एक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने एक बाइक सवार को कुचल दिया।इस सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया एवं ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। घायल बाइक सवार को स्थानीय लोगों की सहायता से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने घायल बाइक सवार का इलाज कर बेहतर इलाज हेतु उच्चत्तर अस्पताल रेफर कर दिया। बायपास रोड निवासी शंकर प्रसाद के पुत्र प्रशांत प्रकाश ने बताया कि मेरा भाई राकेश रोशन उर्फ धीरज कुमार बीते 18 अगस्त की शाम लगभग 8 बजे मोटरसाइकिल संख्या बीआर27क्यू 0569 से अमावां गांव से अपने घर आ रहा था। इसी बीच प्रांचक मोड के समीप रॉन्ग साइड से बिना लाइट जलाएं आ रहे ट्रैक्टर संख्या जेएच12जे 8113 ने बाइक को जोरदार टक्कर दे मारी, जिससे बाइक पर सवार मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

## बीएचयू में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में बिहार के लाल को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता | नवादा




बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय कृषि युवा सम्मेलन के दो दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप सिंह एवं पशु एवं डेयरी विकास मंत्री, धर्मपाल सिंह, डॉ. आरसी अग्रवाल, डीडीजी आईसीएआर, और डॉ. एसवीएस राजू, निदेशक, आईएएस, बीएचयू डॉ. यूपी सिंह डीन उपस्थित थे।आईएएस राष्ट्रीय युवा सम्मेलन एक ऐसा मंच है जहां देश भर के युवा एकत्रित होते हैं। इसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व, विचार-विनिमय और राष्ट्रीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना है। यहां विभिन्न सत्रों और कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को उनके विचार व्यक्त करने और सामाजिक परिवर्तन में योगदान देने का अवसर मिलता है। कृषि युवा सम्मेलन के अंतर्गत नीतीश कुमार कृषि शोध छात्र नैनी कृषि विश्वविद्यालय प्रयागराज को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश के पशुपालन एवं विकास मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मनित किया गया। आज के समय में हमारे युवा साथी कृषि को छोड़कर दूसरे रास्ते पर जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पशुपालन एवं विकास मंत्री धर्मपाल सिंह जी के द्वारा इस सम्मेलन में बताया गया की जीडीपी का मुख्य उद्देश्य खेती है और अगर हमारा खेती प्रभावित होगा तो जीडीपी भी प्रभावित होगा। आज के युवा साथी को कृषि से जोड़ने के लिए हमारे कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि शोध छात्र नई -नई तकनीक को लाए और किसानों तक पहुंचाएं और किसानों को जागरूक करें जिससे वह फिर से अपनी खेती से जुड़ने का काम करें। इस सम्मेलन में उपस्थित सम्मेलन में उपस्थित भारतवर्ष के सभी कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि शोध छात्र उपस्थित थे। समारोह में नीतीश को मिले सम्मान पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनायें एवं बधाई दिया है।

## जन सुराज विचार मंच की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

निज संवाददाता | नवादा




जिले के मेसकौर प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप निजी आवास परिसर में जन सुराज विचार मंच की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवियों, प्रबुद्ध जनों ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के विचार धाराओं से प्रभावित होकर भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मेसकौर प्रखंड अध्यक्ष चन्दन कुमार ने बताया कि प्रशांत किशोर बिहार समेत पूरे देश में सबका मान, सबका विकास की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ रहें हैं। हम जन सुराज से जुड़कर बिहार के बेहतर विकास के लिए बेहतर विकल्प बन सकते हैं। प्रशांत किशोर लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर अपनी बातों को रख रहे हैं। हम उनसे आग्रह करेंगे कि मेसकौर में भी वे आए और अपनी बातों को रखें। इसे लेकर हमलोग उनका पुरजोर स्वागत भी करेंगे। इस बैठक में मौजूद वक्ताओं ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की विचारधारा को मजबूत करने और बिहार से जाति और धर्म के नाम पर विकास बाधित करने को लेकर संवाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार व पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि देश की राजनीति जातियों व धर्मो में सिमट कर रह गई है। यही कारण है कि देश की व्यवस्था कमजोर होते जा रही है। जब तक हम सभी व्यक्ति जात-पात से ऊपर उठकर राजनीति में अपना योगदान नहीं देंगे, तब तक व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता है। ऐसी स्थिति में जन सुराज मंच की विचारधारा को आगे लेकर चलना चाहिए। साथ ही साथ बैठक को संबोधित करते हुए प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ने कहा कि इस अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर के प्रयास का समर्थन करते हुए कहा कि बिहार से ही बिहार और देश को सकारात्मक बदलाव की कोशिश होगी, जो स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर के विचारधाराओं को युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गो का समर्थन मिलेगा। उन्होंने बताया कि बिहार में कृषि, शिक्षा, रोजगार, उद्योग आदि मामले में जिला से लेकर राज्य तक अपेक्षा की जानकारी जमीनी स्तर पर प्रशांत किशोर को है। मो.राजू अंसारी ने कहा कि प्रशांत किशोर एक चर्चित राजनीतिक व रणनीतिकार है. उनके साथ अच्छे व शिक्षित लोगों की समर्पित सशक्त टीम है। बिहार को लेकर उनका दृष्टिकोण साफ है। हम उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। इस बैठक में रौशन कुमार, बिंदु विश्वकर्मा, विद्युत कुमार, मो आजाद, दीपक कुमार, कलावती देवी, ललिता देवी, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।।

## एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन 27 अगस्त को

**नवादा (नि.सं.)।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेषानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-27.08.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में भीलीड प्राईवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा की कम्पनी के द्वारा पीकर, पैकर, लोडर, अनलोडर, स्कैनर के 60 पद के लिए योग्यता दसवीं से ग्रजुऐषन होना चाहिए। वेतन 14000 से 18000 तक के साथ ई0पी0एफ0, 2000 पर कनडिडेट एच0आर0ए0 की सुविधा। कार्यस्थल- फरूखानगर (हरियाना)। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं अपने षैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छाया प्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं वही आवेदक एवं आवेदिकाएं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं निबंधित नही हैं वो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं।

## जनता दरबार में आए कुल पांच मामले का किया गया निष्पादन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना परिसर में परिसर में सीओ मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए पांच मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इस दौरान अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमारभी मौजूद रहे। सीओ ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में पुलिस बलों के सहयोग से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिसमें रैयती भूमि के विवादों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया जाता है। इस शनिवार को लगे जनता दरबार में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल पांच जमीनी विवाद आए थे। उन्होंने बताया कि चितरकोली गाने निवासी मोहन तुरीया का जमीनी विवाद राजकुमार तुरिया, रजौली के रमेश साव का जमीनी विवाद पुरानी बस स्टैंड निवासी विकास पंडित, कुम्हरुआ गांव निवासी संतोष कुमार का जमीनी विवाद बलबीर कुमार, गोपालपुर गांव निवासी कुलेश्वर प्रसाद यादव का जमीनी विवाद रेणु यादव एवं बहादुरपुर गांव निवासी सुरेश पंडित का जमीनी विवाद संजय यादव से था। सीओ ने बताया कि जनता दरबार में आए सभी मामलों में दोनो पक्षों के लोग उपस्थित थे।दोनो पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सभी पांच मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। वहीं अपर थानाध्यक्ष ने आमलोगों से अपील किया कि जमीन संबंधित विवाद को लेकर अप्समे झगड़ा नहीं करें, बल्कि थाना में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में आकर मामले को सुलझाएं। इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार, अंचल कर्मचारी नंदन कुमार व दर्जनों ग्रामीणों के अलावे पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ट्रेन रोकने पर 7 नामजद सहित 150 के खिलाफ FIR

## आरा में RJD के प्रधान महासचिव पर मामला दर्ज, आरक्षण को लेकर किया था प्रदर्शन

निज संवाददाता। आरा

आरा में आरक्षण समर्थकों ने 21 अगस्त को विरोध प्रदर्शन किया था। स्टेशन पर ट्रेन रोकने को लेकर 7 पर नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।इसमें RJD के प्रधान महासचिव राम बाबू सहित युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र राम का नाम भी शामिल है। राम बाबू (प्रधान महासचिव, राजद), शैलेन्द्र राम (युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष, राजद), कयामुद्दीन (माले नेता), हाकीम (राजद नेता),शबीर (आइशा कार्यकर्ता), तिलक पासवान (वार्ड सदस्य, बहिरो) समेत 150 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। धारा 174 (A),147,146,145 रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। बुधवार की सुबह भीम आर्मी और माले पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आरा शहर के प्राइवेट बस स्टैंड पर दोनों तरफ से जाम कर दिया था। साथ ही ट्रेन को भी रोक दिया था।

**पोस्ट कमांडर दीपक ने दिया आवेदन:** पोस्ट कमांडर दीपक ने आवेदन दिया है। इसमें उन्होंने बताया है कि भारत बंद के दौरान बुधवार को 7 नामजद, करीब 150 अज्ञात समर्थकों के साथ आरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। डाउन लाइन को जाम कर दिया। अप लाइन पर आ रही ट्रेन नंबर 01664 सहरसा रानी कमलापति एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर 2 के पूर्वी छोर पर रोक दिया। प्रदर्शनकारी ट्रैक पर बैठ गए। नारेबाजी करने लगे। मौके पर आरपीएफ, जीआरपी के साथ जिला पुलिस के अधिकारी व स्टाफ मौजूद थे। प्रर्दशनकारियों से बात करने और रेलवे ट्रैक को खाली करने के साथ रेल चलाने को लेकर काफी समझाने का प्रयास किया गया। सभी प्रदर्शनकारी को हटाकर 9 बजकर 33 मिनट पर पर रेलवे ट्रैक को खाली करवाया गया है।

**एक घंटे तक परिचालन पूरी तरह रहा बाधित:** प्रदर्शन के दौरान गाड़ी संख्या 13209 अप कुल्हड़िया में और गाड़ी संख्या 02394 कारीसाथ स्टेशन पर खड़ी रही। करीब एक घंटे तक परिचालन पूरी तरह से बाधित रहा था। बंद समर्थकों ने रेलवे ट्रैक पर बैठकर आरक्षण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध किया था। इन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी नारेबाजी की। रेल ट्रैक पर ट्रेन रोकने के दौरान पुलिस बल के साथ हल्की धक्का मुक्की भी की। ये ट्रैक पर बैठे रहे। बाद में समझाने बुझाने के बाद प्रदर्शनकारी ट्रैक से बाहर निकले।



**सभी दुकानों को कराया था बंद:** आरक्षण समर्थक आरा शहर के नवादा थाना, बड़ी मठिया, शिवगंज, जेल रोड, गोपाली कुंवा, टाउन थाना की तरफ घूम रहे थे। इस दौरान जितनी भी दुकानें खुली मिली। सभी दुकानों को बंद करा दिया। आरा सिविल कोर्ट के रास्ते अंबेडकर चौक के पास तीन मुहाने को जाम कर दिया गया। टाउन थाना के अध्यक्ष ने प्रदर्शन कर रहे कायकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया था। शांति पूर्वक प्रदर्शन करने की अपील की थी।

**सीजेएम को दूसरे रूट से जाना पड़ा था कोर्ट:** प्रदर्शनकारियों के कारण सीजेएम के गाड़ी के रूट को बदलकर दूसरे रूट से कोर्ट जाना पड़ा था। इस प्रदर्शन को लोजपा (रामविलास) की पार्टी ने भी समर्थन दिया था। हालांकि, प्रदर्शन में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखा था। पार्टी के जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ता भारत बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर उतरे थे। शहर को बंद कराने में जुटे रहे। इन्होंने कहा था कि अगर सरकार हमारी मांग पूरा नहीं करती है, तो आगे इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बताया आरक्षण विरोधी:** प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आरक्षण विरोधी है। उसे तत्काल वापस लेना चाहिए। आरक्षण में संशोधन करने का अधिकार केवल संसद और राष्ट्रपति का है। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ है। सरकार इस मामले पर चुप है। भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि पूरी तरीके से आरक्षण को खत्म कर दें। वहीं, राजद के युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा की सरकार के आने के बाद केंद्र में दलित पर अत्याचार बढ़ते जा रहा है।

# स्कूली बच्चों से करवाई जा रही मजदूरी, बक्सर में शिक्षक ने भेजा भरवाने सिलेंडर

## हाइवे पर गैस गाड़ी का इंतजार करते दिए दिखे छात्र

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले में विद्यालय में छात्रों से मजदूरी करवाई जा रही है। पढ़ने वाले बच्चों से एलपीजी सिलेंडर उठवाया जा रहा है। किसी ने सोशल मीडिया इसका वीडियो पर तेजी से वायरल हो रहा है। जो इस वक्त चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मामला जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के संज्ञान में आया तो उन्होंने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण की मांग की है। साथ ही इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। बता दें कि वीडियो बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कठार खुर्द का है। विडियो में साफ देखा जा रहा है कि बच्चों का जब पढ़ने का समय होता है, उस समय वो विद्यालय से कुछ दूरी पर स्थित एनएच 922 (NH 922) पर स्कूल से सिलेंडर लेकर पहुंच रहे है। जिसके साथ कोई भी शिक्षक नहीं है। बच्चे हाइवे पर खड़े होकर गैस गाड़ी का इंतजार कर हैं। जिनसे विडियो बनाने वाले ने पूछा कि किसने कहा है तो छात्रों ने कहा की संतोष सरजी भेजे हैं, गैस भराने के लिए। विद्यालय शिक्षकों की इस लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन विद्यालय के शिक्षकों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। बच्चों को एलपीजी सिलेंडर देकर सड़क पर भरवाने के लिए भेज दिया। इस संबंध में जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडे से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह लापरवाही भरा कार्य मेरे संज्ञान में आया है। जिसको लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानध्यपक संतोष कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई है। 24 घंटे के भीतर जवाब नहीं दिया तो विभागीय करवाई की जाएगी।

# 3 दोस्तों को गोली मारने के मामले में 2 अरेस्ट

निज संवाददाता। आरा

◆ आरा में हत्या का बदला लेने के लिए किया था हमला, घायलों का इलाज जारी

आरा के हत्या के प्रतिशोध में गुरुवार को तीन दोस्तों को गोली मारने का मामला सामने आया था। इस मामले में घायल के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही इस मामले में 2 आरोपी को अरेस्ट किया गया है। फिलहाल, घायलों का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घटना टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत देवी स्थान-व्यापार मंडल के सामने स्थित बजारी साव के गोला के पास की है। घायल आरण्य देवी रोड स्थान निवासी बैजू प्रसाद के बेटे जीतू कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। मीरगंज, पानी टंकी बिहार कालोनी निवासी अंशु कुमार, जमीरा निवासी नकुल महतो और सुधीर महतो को नामजद व तीन-चार अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने छापेमारी कर दो नामजद आरोपी को अरेस्ट किया है। शुक्रवार को एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मुफस्सिल थाना के जमीरा गांव निवासी नकुल कुमार महतो और सुधीर महतो को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपी का पहले से आपराधिक इतिहास



रहा है। अभी तक की जांच में छह बदमाशों के मामले में शामिल होने की बात सामने आई है।

**मुख्य आरोपित अंशु की तलाश जारी:** मुख्य आरोपित अंशु की तलाश जारी है। एसपी ने बताया कि 22 अप्रैल साल 2021 को देवी स्थान के पास स्थित एक गोदाम के छत पर खाने-पीने के दौरान हुए विवाद में भलुहीपुर निवासी गौतम कुमार का बिहार कालोनी निवासी अंशु कुमार ने चाकू से गला रेत दिया गया था। गौतम कुमार की मौत हो गई थी। उस समय हत्या का आरोप राहुल व जीतू पर लगा था। इसमें केस भी हुआ था। दरअसल, गुरुवार की शाम जीतू,राहुल और अमन तीनों पड़ाव मोड़ से धोबिया गली की ओर जा रहे थे। रास्ते में तीनों नामजद समेत तीन-चार अज्ञात बदमाशों ने घेर लिया था। वे सभी गोला की ओर दौड़ कर भाग रहे थे कि इतनी हथियार बंद आरोपितों ने तीनों को गोली मार दी थी। गिरफ्तारी के लिए सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

**हत्याकांड में फरार चल रहा था आरोपी:** टीम में नगर इंस्पेक्टर देवराज राय,दरोगा संजय कुमार, दारोगा अरविंद कुमार व प्रशिक्षु दारोगा सुरज कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इधर,एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नकुल महतो व सुधीर महतो पहले से हत्या समेत अन्य कांडों में आरोपित रहे है। इसमें नकुल महतो कोईलवर क्षेत्र में घटित मिथलेश हत्याकांड में फरार चला आ रहा था।

**साल 2021 में मामूली विवाद में हुई थी हत्या:** दो मई 2021 को नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति के समीप शादी समारोह में जयमाल के समय उपजे विवाद में उदवंतनगर के चौराई निवासी उमेश सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने में दोनों नामजद थे। इसे लेकर मृतक के भाई कमलेश ने पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शाहपुर व मुफस्सिल थाना में भी केस है। चार जून की रात मिथलेश पासवान की हत्या हुई थी।

# ऊर्जा सचिव ने किया चौसा थर्मल पावर प्लांट का निरीक्षण, बक्सर में बिजली परियोजना को जल्द पूरा करने का आदेश

निज संवाददाता। बक्सर

चौसा में बन रहे 1320 मेगा वॉट थर्मल पावर प्लांट की निर्माण का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को राज्य के ऊर्जा सचिव पंकज कुमार पाल पहुंचे। जिनके साथ बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी मनीष कुमार,कम्पनी के सीईओ विकास शर्मा और मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान परियोजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ कंपनी के सुरक्षा गार्ड जगह-जगह चुस्त दुरुस्त अवस्था में दिखाई दी। देश की सबसे बड़ी दूसरी परियोजना का निर्माण कार्य 2019 से ही युद्ध स्तर से चल रहा है। बता दें कि बिहार के ऊर्जा सचिव बक्सर आने के बाद सीधे चौसा में बन रहे बिजली परियोजना का जायजा लेने पहुंचे। कोयला डंप के लिए बनाई जा रही तीसरी लाइन का निरीक्षण किया



और यह जानने का यह प्रयास किया कि यहां अगर कोयला डंप होगा तो कैसे इसको प्लांट के अंदर पहुंचाया जाएगा। सीईओ ने उन्हें कच्चे सामग्री प्लांट तक पहुंचाए जाने के संबंध मे पूरी जानकारी दी । इसके बाद वाहनों की लंबी कतार प्लांट स्थल पहुंची। वहां उन्होंने बिजली उत्पादन संबंधी बने कई तकनीकी मशीनों, बायलर, रोट्रेट आदि निर्मित व निर्माणाधीन संबंधी तकनीकों उपकरणों का जायजा लिया। जहां सारी मशीनों व निर्माणाधीन प्लांट की जानकारी दी गई। इसके बाद वे एसजेवीएन कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में अधिकारियों के साथ कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

◆ किसानों का मामला सुलझाने का प्रयास

**किसानों का मामला सुलझाने का होगा प्रयास:** गौरतलब है कि बक्सर बिजली घर निर्माण में रेल कॉरिडोर व वाटर पाइप लाइन निर्माण के बीच किसानों के बीच भूमि मुआवजा का मामला है। किसानों में चर्चा है कि इसी मुद्दे को लेकर राज्य ऊर्जा सचिव बक्सर पहुंचे है। जहां भूमि मुआवजा का मामला सुलझाने के आसार है।

किसानों के साथ भी बैठक करने के बाद उनकी समस्या व सरकार की बात रखने की चर्चा हो रही है। वहीं, बताया जा रहा है कि पंकज कुमार पाल ग्रामीण विकास विभाग के भी सचिव हैं। जिनके जिले में आने से मनरेगा कर्मियों व पदाधिकारियों में हडकंप मचा हुआ है।

# एफओबी के पास चाय दुकानदार का मिला शव

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी फुट ओवर ब्रिज के उत्तर साइड चौताल से शुक्रवार को एक चाय दुकानदार का शव बरामद हुआ है। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के मिल्की अनाईठ वार्ड नंबर-42 निवासी मो. मुस्लिम का 40 वर्षीय पुत्र मो. मुमताज है। वह आरा रेलवे स्टेशन पर चाय बेचता था। मृतक के भाई मो.शमशेर ने बताया कि वह स्टेशन पर चाय बेचता था और मोहल्ले के भी कई लोग स्टेशन पर चाय बेचते हैं। वह नशा करता था। शुक्रवार को जब मोहल्ले का एक युवक स्टेशन पर चाय बेचने के लिए गया तो उसने देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और रेल पुलिस को जानकारी दी। सूचना पाकर आरा



रेल पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद कारण स्पष्ट हो पाएगा:** मृतक के भाई मो.शमशेर ने नशे के कारण मौत की आशंका जताई है। जबकि पुलिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक की मौत दुर्बलता और कमजोर होने के कारण बताई गई है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई और दो बहन में छोटा था।

# 25 लाख रुपए की शराब के साथ ट्रक ड्राइवर अरेस्ट

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में एक ट्रक से 25 लाख की शराब पकड़ी गई है। 3105 लीटर शराब को ट्रक में लोड सेब, नाशपाती की पेटियों में छिपाया गया था। शुक्रवार की देर रात ट्रक के वीरकुंवर सिंह गंगा पुल के रास्ते बक्सर में पहुंचते ही पकड़ लिया गया। यह शराब मुजफ्फरपुर में डिलीवरी करनी थी। उत्पाद विभाग की पुलिस ने ट्रक को जब्त करने के साथ ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया है। बता दें कि यूपी बिहार को जोड़ने वाली गंगा पुल के पास उत्पाद विभाग की तैनात टीम हरेक छोटी बड़ी वाहनों को स्कैनर की मदद से जांच करती है। शुक्रवार की रात भी एक डीसीएम ट्रक ने जैसे ही बिहार में प्रवेश किया, तो उत्पाद विभाग ने स्कैन किया। इससे ट्रक में शराब होने का संकेत मशीन ने दिया। जिसके बाद ट्रक को खोल कर जांच हुई। इसके अंदर फलों के बीच में शराब छिपाई गई थी।

पुलिस ने ट्रक चालक जितेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। ये दिल्ली का रहने वाला है। उसने बताया यह ट्रक काशीपुर अरुणाचल प्रदेश से लोड कर चला था। जिसे मुजफ्फपुर पहुंचना था। चेक पोस्ट पर तैनात उत्पाद अधिकारी आलोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रक से 3105 लीटर शराब मिली है। जिसे हरियाणा नंबर के ट्रक से बक्सर से रास्ते मुजफ्फरपुर लाया जा रहा था। चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मगरमच्छ दिखने से दहशत में हैं लोग, पानी में बत्तख डालकर मगरमच्छ को पकड़ने की कोशिश, 2 मुर्गे को बना चुका है निवाला

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के बड़हरा प्रखंड क्षेत्र के बबुरा गांव में मगरमच्छ देखे जाने के बाद से ग्रामीण दहशत में हैं। गंगा में बाढ़ की वजह से पास के एक तालाब में भी पानी बढ़ गया है। इसी में लोगों ने मगरमच्छ देखा है। मगरमच्छ ने अब तक दो मुर्गे का शिकार किया है। वहीं, एक बछड़े पर भी हमला किया है। वन विभाग को सूचना दे दी गई है। पर टीम अभी तक मगरमच्छ को पकड़ नहीं सकी है। अब ग्रामीण उस मगरमच्छ को नदी से बाहर निकालने के लिए बत्तख का सहारा ले रहे हैं। ग्रामीण समीर ने बताया कि बत्तख को रस्सी से बांध कर पानी भरे गढ्ढे में डाल रहे, ताकि उसे देख कर मगरमच्छ बाहर आए और उसे पकड़ा जा सके।

**वन विभाग की टीम कर रही निगरानी:** गांव में 14 हजार की आबादी है और जिस तालाब में मगरमच्छ दिखा, वहां करीब 1 हजार लोग रहते हैं। लोगों का कहना है कि सबसे ज्यादा बच्चों को खतरा है। वन विभाग की टीम सूचना के बाद



लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है। हालांकि मगरमच्छ को पकड़ने में टीम अभी तक सफल नहीं हो पाई है। इससे लोग दहशत में हैं।

**22 अगस्त के बाद किसी ने नहीं देखा:** जहां मगरमच्छ दिखा, वहां पास में ही शिव लोचन पासवान का घर है। उनके बेटे अजीत कुमार ने बताया कि करीब तीन दिन पहले मेरे घर के सामने मगरमच्छ दिखा था, जिसका वीडियो बनाया। तुरंत ही ग्रामीणों को सूचित किया। वन विभाग की टीम लोकेशन पर पहुंची, लेकिन उसे पकड़ नहीं पाई। बाद में मगरमच्छ को लगातार देखा गया। लेकिन 22 अगस्त की रात के बाद से मगरमच्छ को किसी ग्रामीण ने नहीं देखा है।

**शोर मचाने पर पानी में चला गया:** ग्रामीण समीर ने बताया कि एक दिन पहले शिव लोचन पासवान के घर के पास एक गाय का बछड़ा बंधा था। मगरमच्छ ने उस पर हमला किया था। लेकिन ग्रामीणों ने शोर मचाया तो वो पानी में भाग गया। लोग रात में सो नहीं पा रहे हैं। इधर, शुक्रवार की सुबह वन विभाग की टीम भी वापस लौट गई।

**बबुरा गंगा से सटा हुआ इलाका है :** ग्रामीणों का कहना है कि सबसे ज्यादा खतरा शिव लोचन पासवान के घर में रहने वाले लोगों को है। यह घर गड्ढे के बगल में है। घर की सीढ़ी भी पानी को छूती हुई छत की ओर जाती है। इस घर में करीब 13 सदस्य हैं। सबसे पहले इसी घर के रहने वाले अजीत कुमार ने मगरमच्छ को देखा था। वन विभाग ने इन्हीं के घर के नीचे जाल लगाया है। दरअसल, बबुरा गंगा से सटा हुआ इलाका है। गंगा में बाढ़ आने की वजह से इस क्षेत्र में भी पानी भर चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### चाय दुकानदार का शव मिला, नशे से मौत का शक

**आरा।** आरा जीआरपी को यात्रियों द्वारा शुक्रवार को सूचना मिली कि आरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी फुट ओवरब्रिज के उत्तर साइड चौताल के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जीआरपी घटना स्थल पर पहुंच शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक मो. मुमताज था। वह नवादा के मिल्की अनाईठ वार्ड नंबर 42 निवासी मो. मुस्लिम का पुत्र था। जो आरा रेलवे स्टेशन पर घूम - घूमकर चाय बेचता था। मृतक मो. मुमताज के भाई मो. शमशेर ने बताया कि वह स्टेशन पर चाय बेचता था और मोहल्ले के भी कई लोग स्टेशन पर चाय बेचते हैं। वह नशा करता था। शुक्रवार को जब मोहल्ले का एक युवक स्टेशन पर चाय बेचने के लिए गया तो उसने देखा कि वह मृत पड़ा था।

### आज होगी भाजपा का जिला सदस्यता कार्यशाला

**आरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शनिवार को भाजपा भोजपुर जिला सदस्यता कार्यशाला का आयोजन होगा। भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि जिला में भाजपा का अधिक से अधिक सदस्य बनाया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनेंगे।सदस्यता अभियान को सफल बनाने और उसे क्रियान्वित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में केन्द्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीशचंद्र दूबे शामिल होंगे। उनके अतिरिक्त प्रदेश के नेतागण, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिले के नेतागण सहित जिला के पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी आदि शामिल होंगे।

### शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी पर विभागीय कार्रवाई की शुरू

**आरा।** शिक्षा विभाग ने भोजपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी पर विभागीय कार्रवाई शुरू करने के लिए पत्र जारी कर दिया है। अपर मुख्य सचिव के द्वारा निरीक्षण के क्रम में पाई गई गड़बड़ी से संबंधित बिंदुओं को चिन्हित कर सुधार के लिए कहा गया था। लेकिन इस विषय पर भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने गंभीरता नहीं लिया। स्पष्टीकरण का जवाब भी संतोषजनक नहीं मिलने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर पर यह कार्रवाई की गई है। मालूम हो कि विगत कुछ दिन पहले बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक बी कार्तिकेय धनजी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा था। जिला शिक्षा पदाधिकारी से यह स्पष्टीकरण शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ के निरीक्षण में पाई गई कमियों का लेकर मांगा गया था। शिक्षा विभाग ने कड़ा पत्र जारी करते हुए पूछा था कि लगातार एक वर्ष से आपके द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण प्रतिदिन कराया जा रहा था। उस संदर्भ में ऐसा प्रतीत होता है कि शिक्षा विभाग, पटना को गलत रिपोर्ट उपलब्ध कराया जा रहा था। क्योंकि अपर मुख्य सचिव के निरीक्षण के क्रम में विद्यालयों में काफी कमियां पायी गयी है। उक्त कमियों से स्पष्ट है कि या तो निरीक्षण के लिए अधिकृत किए कर्मियों द्वारा निरीक्षण में लापरवाही बरती गई है या आपने निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा कर प्रतिवेदन में पायी गयी कमियों को अपेक्षित सुधार करने में गंभीरता नहीं लिया है। यह कृत शिथिलता का घोतक है। लगातार दिए जा रहे आदेश के बाद भी विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपके द्वारा उदासीनता बरती जा रही है। इस विषय पर कार्रवाई करने से पहले आपसे स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब नहीं देने पर यह समझा जाएगा कि उक्त विषय पर आपको कुछ नहीं कहना है। अपर मुख्य सचिव ने 4 जुलाई को बिहिया प्रखंड के विद्यालयों एवं प्रखंड संसाधन केंद्र का निरीक्षण किया था।

### सड़क दुर्घटना में अरवल का स्वर्ण व्यवसायी घायल

**आरा।** अरवल जिले के बैदराबद गांव के निवासी सोना व्यवसायी की आरा शहर में बाइक दुर्घटना हो गई। जिससे बाइक सवार मुन्ना लाल घायल हो गया। रास्ते से आ रहे टेंपो चालक ने बाइक सवार को सड़क पर पड़ा देखकर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। स्वर्ण व्यवसायी मुन्ना लाल का अपने गांव बैदराबद में ही सोना का दुकान है। वह किसी काम से बाइक से आरा आया था। उसी क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिससे बाइक पर सवार मुन्ना लाल घायल हो गया। सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

### पुलिस ने दो शराब धंधेबाज व दो वारंटी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गड़हनी।** अलग-अलग स्थानों से दो शराब धंधेबाज व एक वारंटी को गड़हनी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए शराब धंधेबाज थाना क्षेत्र के बनकट गांव के मुकेश सिंह को 25 लीटर देशी महुआ शराब के साथ पकड़ा। दूसरा लहरपा गांव निवासी पाठक सिंह उर्फ मंगल सिंह को 14 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। कोर्ट से निर्गत वारंट के मुताबिक गड़हनी निवासी कृष्णा प्रसाद व पुत्र प्रकाश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि लगातार सूचना मिल रहा था कि दोनों धंधेबाज देशी शराब अपने-अपने घर पर रख कर बेच रहे है। दोनों धंधेबाज को 39 लीटर देशी शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर जल भेज दिया गया।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश

**आरा।** विद्या भवन सभागार, आरा में शुक्रवार को पंचायती राज्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। अपर मुख्य सचिव पंचायती राज्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष आशा देवी व जिला परिषद उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह के साथ पंचायती राज्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा में विभिन्न तरह के दिशा-निर्देश दिए गये। मुख्य तौर से 15 वीं वित्त आयोग, छठी राज्य वित्त आयोग, मुख्य मंत्री सोलर स्टेट लाइट योजना व पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिला परिषद की भूमि की जमाबंदी करने व परिसंपत्तियों के रख- रखाव पर भी जोर दिया गया। साथ ही आंतरिक संसाधन बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सभी योजनाओं को समय से पूरा करने का निर्देश दिया गया।

### 1284 वाहन मालिकों से वसूला 2 लाख 26 हजार 500 जुर्माना

**आरा।** एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 1284 वाहन मालिकों से वाहन की जांच कर 2 लाख 26 हजार 500 रुपया जुर्माना वसूल किया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराब,अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 1284 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 2 लाख 26 हजार 500 रुपया जुर्माना वसूला है। वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारियों ने बताया की इस तरह की करवाई आगे भी हमेशा चलता रहेगा। इसके पहले भी कई बार वाहन चेकिंग चलाकर लाखों रुपया का जुर्माना वसूला गया है।

### 9वीं से 12वीं की पहली सावधिक परीक्षा शुरू

**आरा।** जिले के सभी माध्यमिक व प्लस टू विद्यालयों में 9वीं, 10वीं, 11वीं तथा 12वीं कक्षा के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए पहली सावधिक परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गई। नौवीं तथा 10वीं की सावधिक परीक्षा तीन दिनों तक चलेगी, जो 23 से 27 अगस्त के बीच होगी। जबकि 11वीं तथा 12वीं कक्षा के छात्रों को सावधिक परीक्षा 23 से 31 अगस्त के बीच सात दिन होगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सावधिक परीक्षा के लिए पूर्व में ही शेड्यूल जारी कर दिया है। जारी शेड्यूल के अनुसार यह परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में ली जाएगी।पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा 12:45 बजे से 02:15 बजे तक ली गई। प्रखंड के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट व छिनतई के आरोप में पांच पर केस

**भागलपुर**। वार्ड 45 के पूर्व पार्षद के भतीजा समेत पांच के खिलाफ मारपीट व छिनतई के मामले में केस दर्ज हुआ है। पीड़ित मुंदीचक निवासी आकाश घोष ने पार्षद के भतीजे मोजाहिदपुर निवासी विक्की मोदी, इशाकचक के मोंटी राय, गुड़हट्टा चौक के प्रियांशु राज, सिकंदरपुर के सोनू व सुमित को आरोपी बनाया है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि 21 अगस्त को वह दोस्त के साथ सिकंदरपुर में एक दुकान में चाय पीने के दौरान गलती से एक युवक के जूते पर चाय गिर गई। आरोपियों ने कपड़े से जूता साफ करने को कहा। विरोध करने पर मारपीट की। पैसे भी छीन लिए।

### वीसी व अफसरों पर हमले मामले में पूर्व छात्र नेता बरी

**भागलपुर**। टीएमबीयू के पूर्व कुलपति और अधिकारियों पर हमले के आरोपी पूर्व छात्र नेता अजीत कुमार सोनू को कोर्ट ने बरी कर दिया है। अजीत को ओर से अधिवक्ता समीर कुमार ने बहस की। अजीत पर 15 सितंबर 2017 को इस तरह की गतिविधि करने का आरोप लगा था। तब विवि के तत्कालीन प्रॉक्टर डॉ. वेद व्यास मुनि ने थाने में आवेदन देकर कहा था कि बीएड की फीस वृद्धि को लेकर चल रहे प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे अजीत ने कुलपति को छात्रों की भीड़ से बचाकर विवि कैंपस से बाहर ले जाने की बात कही थी। लेकिन जब कुलपति छात्रों के बीच पहुंचे तो अजीत कुमार सोनू ने उन्हें वहां छोड़ दिया। इसके बाद छात्रों ने कुलपति को धक्का देकर उनकी गाड़ी का गेट बंद कर दिया। तब अजीत के कहने पर छात्र कुलपति की गाड़ी में आग लगाने के लिए तेल लाने दौड़ पड़े। इस बीच विकास अधिकारी और कॉलेज इंस्पेक्टर ने छात्रों को समझाना चाहा तो उनके साथ मारपीट की। कॉलेज इंस्पेक्टर के गले में गमछा लगाकर खींचा और काम में बाधा डाली।

### चोरी की मंशा से घर में घुसा युवक, गिरफ्तार

**भागलपुर**। जीरोमाइल के वसंत विहार कॉलोनी में चोरी की नीयत से घर में घुसे युवक को रंगेहाथ पकड़ा गया। स्थानीय की मदद से आरोपी को पकड़ कर जीरोमाइल पुलिस को सौंप दिया गया। पकड़ा गया आरोपी गुड्डू पाल बरारी के रिफ्यूजी कॉलोनी का रहने वाला है। शुक्रवार को जीरोमाइल पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी 22 अगस्त की शाम कुमार वसंत भूषण के बालकनी से कूद कर घर में घूस रहा था।

### स्नातक सेमेस्टर-2 की परीक्षा से पांच परीक्षार्थी निष्कासित

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-टू, सत्र 2023-27 (परीक्षा-2024) की परीक्षा में दोनों पालियों में शुक्रवार को कदाचार करते पकड़े जाने पर कुल 5 परीक्षार्थियों को निष्कासित कर दिया गया। जिसमें जेआरएस कॉलेज जमालपुर केन्द्र से पहली पाली में दो और कोशी कॉलेज खगड़िया परीक्षा केन्द्र से एक परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया। जबकि दूसरी पाली में बीआरएम कॉलेज परीक्षा केन्द्र से एक और कोशी कॉलेज खगड़िया केन्द्र से एक परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि सेमेस्टर-टू की परीक्षा में शुक्रवार को दोनों पालियों में कुल पांच परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया। जबकि दोनों पालियों में 23 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 20169 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 560 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अब शनिवार को प्रथम पाली में ग्रुप सी एमडीसी की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में कोई परीक्षा नहीं है। सेमेस्टर-टू की परीक्षा 31 अगस्त तक चलेगी।

### मैट्रिक परीक्षा के लिए अब 30 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन

**मुंगेर**। जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. असगर अली ने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा -2026 में शामिल होने वाले कक्षा नौंवी के नियमित व स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन कराने की अवधि बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि अब बिलंब शुल्क के साथ 30 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पहले रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अगस्त थी। उन्होंने बताया कि नियमित कोटि के विद्यार्थियों को 450 रुपए और स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थियों को 580 रुपए बिलाव शुल्क देना होगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिलंब शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन की राशि अब 27 अगस्त तक जमा करा सकेंगे।

### विवि में लंबे समय से अधिकारियों के आपसी कलह के कारण आदेशों की उड़ रही धज्जियां

**मुंगेर**। विवि में होती रही नियम-परिनियम की मनमाना व्याख्या इस दौरान विश्वविद्यालय में नियम-परिनियम की मनमाना व्याख्या होती रही। आज की तारीख में मुंगेर विश्वविद्यालय में ऐसी व्याख्या से मुखे कानून का राज्य स्थापित हो गया है। कर्मचारी महासंघ के नेता कहते हैं कि वरीय अधिकारी के आदेशों की अवज्ञा तो हुई ही, साथ ही अधिकारी ने अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण भी किया। इधर इस पावर वार में वरीय अधिकारी के एक अधीनस्थ अधिकारी ऐसा फंसे कि विश्वविद्यालय के आदेश पर निरीक्षण में जाने के बावजूद उनका एक दिन का वेतन कॉलेज में कट गया। महीनों बीत गए। मगर वह एक दिन का कटा वेतन उन्हें वापस नहीं मिल पाया। ऐसी स्थिति में कॉलेज पर भी विश्वविद्यालय प्रशासन का आदेश बेअसर रहा। भास्कर न्यूज | मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय में लंबे समय से अधिकारियों के आपसी खींचतान से खासकर आदेशों की धज्जियां उड़ती रही है। इसकी लंबी फेहरिस्त है। इस दौरान विश्वविद्यालय का विकास कार्य लगभग ठप रहा। शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारी ऐसा आरोप लगाकर बार बार उबलते रहे। समन्वय समिति के नेता कहते हैं कि इसी वार में फंसकर सीनेट चुनाव एवं छात्र संघ चुनाव नहीं हुए। अनुकंपा आश्रितों की बहाली रूकी रही। कुछ कर्मचारियों के निलंबन एवं स्थानांतरण के आदेश की अवज्ञा हुई। शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अपने वाजिब प्रोन्नति के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। अधिकारी ही इस रास्ते रोड़ा अटकाने का प्रयास करते रहे। ये तो कर्मचारी एवं शिक्षक ही थे, जो हार नहीं माने और अंतिम दम तक संघर्ष की बदौलत प्रोन्नति को हासिल करने में सफल हुए। इधर प्रशासनिक तौर पर अनुशासन को बनाए रखने के लिए एक शिक्षक को निलंबित करने का वरीय अधिकारी का आदेश एवं सिंडिकेट का अनुमोदन भी आज धूल फांक रहा है। राजभवन का इसमें कारगर हस्तक्षेप नहीं होना भी चर्चा का विषय बना रहा। इस स्थिति में बेपटरी विश्वविद्यालय के अधिकारियों की मनमानी कार्य संस्कृति को पटरी पर लाना नए कुलपति के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### वॉर्निंग लेवल से ऊपर बह रही गंगा, मुंगेर में बाढ़ ने मचाई तबाही, जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे लोग

**मुंगेर**। मुंगेर में गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण सदर प्रखंड क्षेत्र का विभिन्न पंचायत बाढ़ से घिरा हुआ है। बाढ़ आने की वजह से नौवागढ़ी उत्तरी, टिकारामपुर, जाफरनगर और कुतलुपुर पंचायत की कई सड़कें पानी में डूब चुकी हैं। पंचायत के ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरीके से ठप हो गया है। आपदा विभाग द्वारा शनिवार को गंगा जलस्तर जारी किया गया था। जिसमें नॉर्मल लेवल से लेकर खतरे के निशान तक की जानकारी दी गई थी। अब लगातार गंगा में पानी बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। आरटीआई कार्यकर्ता कुतलुपुर गांव निवासी पंकज सिंह ने बताया कि पंचायत से जिला मुख्यालय या शहर जाने के लिए, गर्भवती महिलाओं के अलावा गंभीर मरीजों के लिए इमरजेंसी हालात में एक मात्र उपाय नाव ही है। इसका मुख्य कारण है कि गांव से बाहर निकलने वाली जितनी भी मुख्य सड़कें हैं, वो पानी में डूब चुकी है। जबकि जाफरनगर, सीताचरण और टिकारामपुर पंचायत में आवागमन करने के लिए ग्रामीण गंगा की तेज धार के बीच नाव से आवाजाही करने पर मजबूर हैं। चिकदह बहियार में बाढ़ आ जाने से नौवागढ़ी से शीतलपुर जाने वाली मुख्य सड़कों पर कई जगह पानी दो से तीन फीट जमा है। जिस कारण लोग अपनी जान को खतरे में डालकर आवाजाही कर रहे हैं।



# गले में फंदे का निशान नहीं, हत्या की आशंका

निज संवाददाता | भागलपुर

♦ भागलपुर में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, एक साल पहले की थी लव मैरिज





भागलपुर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। गले में फंदे का निशान नहीं है। हत्या की आशंका है। उसका शव दुपट्टा के सहारे कमरे में बांस से लटका मिला था। एक साल पहले इसने प्रेम विवाह किया था। मामला तिलका मांझी स्थित सच्चिदानंद मोहल्ले का है। मृतका की पहचान राहुल पासवान की पत्नी जूली देवी के रूप में हुई है। घटना के समय घर में सिर्फ मृतका जूली और उसका पति मौजूद था। सभी सदस्य काम के सिलसिले में घर से बाहर थे। घटना शुक्रवार की है। सूचना मिलते ही मौके पर तिलका मांझी थानेदार शंभू पासवान अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। फंदा के लिए इस्तेमाल किया गया दुपट्टा को टीम जांच के लिए अपने साथ ले गई है। वहीं, बेटी की मौत के बाद कहलगांव के मृतका के परिजन भी पहुंचे। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**गले पर फंदे का गहरा निशान नहीं, हत्या की है आशंका**: पुलिस व एफएसएल की शुरुआती जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि, मृतका के गले पर फंदे का गहरा निशान नहीं मिला है। वहीं, परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए जाने से पहले ही मृतका का शव फंदा से उतार कर चौकी पर रख दिया गया था। तिलकामांझी थानेदार शंभू पासवान ने बताया कि जब तक हम लोग पहुंचते शव को फंदे से उतारा जा चुका था। बताया जाता है कि एफएसएल की टीम ने घटनास्थल व शव का निरीक्षण किया। टीम ने तिलकामांझी पुलिस को बताया कि महिला की मौत संदिग्ध प्रतीत हो रही है। वहीं, अमूमन फंदे से लटक कर खुदकुशी के मामले में जीभ बाहर आ जाता है। लेकिन, मृतका जूली का जीभ नहीं निकला था। इसके अलावा भी एफएसएल की टीम को कई ऐसे संदिग्ध चीज मिली है, जिससे हत्या की आशंका को बल मिलता है।

**घटना के समय घर में सिर्फ पति-पत्नी थे मौजूद**: मृतका जूली के पति राहुल ने बताया कि मेरी तबीयत खराब थी। इसलिए, मैं शुक्रवार को काम पर नहीं गया था। जूली की तबीयत भी अच्छी नहीं थी। उसने गुरुवार की रात से ही खाना नहीं खाया थी। शुक्रवार की दोपहर घर में सिर्फ मैं और पत्नी ही थे। दोपहर में मैंने उसे खाने बोला, तो उसने इनकार कर दिया। मेरा मन नहीं लग रहा था, तो मैंने घर के बाहर टहलने चला गया। कुछ देर बाद आकर दूसरे कमरे में लेट गया। जूली दूसरे कमरे में लेटी हुई थी। राहुल पासवान ने आगे बताया कि दस मिनट बाद जब मैं जूली के कमरे में आया तो देखा वह बांस के सहारे फंदे से लटकी हुई थी। मैंने फौरन उसे फंदे से नीचे उतारा। लेकिन, उसकी मौत हो चुकी थी।

**पिता को मायके ले जाने के लिए किया था कॉल**: मृतका की बड़ी बहन ने बताया कि जूली मोबाइल नहीं रखती थी। कुछ दिन पहले उसने दूसरे के मोबाइल से पिता को कॉल किया था। मन नहीं लगने की बात कह कर उसने पिता को मायके ले जाने के लिए बोला था। लेकिन, काम की व्यस्तता के कारण पिता नहीं आ सके। बहन ने एक साल पहले परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर भाग कर शादी की थी। बहन से लगातार बात नहीं होती थी। मृतका के परिवार में माता-पिता के अलावा सिर्फ दो बहन ही थे। घटना किस कारण से हुई है, इसके बारे में हम लोगों को पता नहीं है। लेकिन, कुछ तो हुआ है जिसके कारण मेरी बहन चली गयी। पुलिस मामले की जांच करेगी, तो सच्चाई पता चलेगा।

### कोर्ट ने अभियुक्त को दिया 25 पौधे लगाने का आदेश

**भागलपुर** । एडीजे 16 के कोर्ट ने एक मामले के अभियुक्त को फैसला सुनाने से पहले 25 पौधे लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अभियुक्त राजकुमार मंडल पौधे लगाने के बाद संबंधित थानेदार से सर्टिफिकेट लेकर 28 अगस्त को निर्णय के लिए उपस्थित हो। बताया गया कि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आवेदन देकर कहा था कि उन्हें इस केस में सफाई साक्ष्य नहीं देना है। सफाई साक्ष्यबंद कर दिया जाए। राजकुमार मंडल पर उसके ससुर सनोखर निवासी नारायण मंडल ने शादी की नीयत से उसकी दूसरी बेटी को भगा ले जाने और 15 हजार रुपए चुरा लेने का आरोप लगाया था। घटना 30 जून 2007 की है। नारायण मंडल ने आरोप लगाया था कि उसने अपनी बड़ी बेटी की शादी 1998 में राजकुमार मंडल से की थी। लेकिन वह बाद में उसकी दूसरी बेटी से शादी करा देने का दबाव देने लगा था। जब उसने मना कर दिया तो राजकुमार मंडल अन्य लोगों के सहयोग से उसकी दूसरी बेटी को भगा ले गया और घर में रखे 15 हजार रुपए भी चुराकर ले गया। इधर, भागलपुर के एक बड़े मिशनरी स्कूल का वाहन चालक स्कूल की छात्राओं से बैड टच के आरोप में दोषी पाया गया है। एडीजे छह और पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश के कोर्ट ने वाहन चालक वारिस खान उर्फ अरबाज को शुक्रवार को दोषी करार दिया। सुनवाई में सरकार की ओर से पॉक्सो के विशेष लोक अभियोजक शंकर जय किशन मंडल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तिथि तय की है। छात्राओं से बैड टच या छेड़छाड़ का यह मामला इशाकचक थाने में 22 जुलाई 2023 को दर्ज हुआ था।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**

**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**

**JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.**

**Ph No.: +91-651-2225878;**

**e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com**

**CIN: U45200JH2013SGC001752**

**NIT No: - JUIDCO/NIT/Rehla Bishrampur/UWSS/24/626**
**Date: 24/08/2024**
**Tender ID: -2024_UDD_89468_1**
**PR No.: 331755**

**Corrigendum- 1**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for the project of **"Rehla & Bishrampur Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance"**. The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

**Sd/-**
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd., Ranchi**

PR 333742 Urban Development and Housing (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**ई-प्रोक्योरमेंट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

अति–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/HYDT/MED-05/2024-25 (1st Call) दिनांक – 21.08.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | Supplying, fitting and fixing of 5.0 HP Electric Submersible Pumpset all complete in Medinirai Medical collage & Hospital, Medininagar under D W & S Division, Medininagar for the year 2024-25. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | 25.59000 Lakh (पच्चीस लाख उनसठ हजार रूपये मात्र)। |
| 2 | अग्रधन की राशि | Rs. 51,500.00 (एकावन हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य | Rs. 5000.00 (पाँच हजार रूपये मात्र)। |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 (एक) महीना। |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28.08.2024 / 12.30 बजे अपराह्न में। |
| 6 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 06.09.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.09.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.09.2024 / 05.00 बजे अपराह्न में। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 7543089612 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

नोट :– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. स्वीकृत्यादेश सं0–317 / जि0यो0, दिनांक 06.08.2024
3. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,**
**मेदिनीनगर**

PR 333686 District (24-25)_D

**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**

**नावघाट बन्दोबस्ती हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पलामू जिला परिषद, अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों (तरणीघाटों) का वर्ष 2024–25 के लिए बन्दोबस्ती आम डाक के माध्यम से उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। जो व्यक्ति या संस्था डाक बोलना चाहे वे उक्त तिथि को निर्धारित समय से पूर्व जिला परिषद, पलामू कार्यालय में कॉलम संख्या– 6 में अंकित जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट / चेक जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से देय एवं डालटनगंज में भुगतेय होगा) के साथ अपना नाम दर्ज करा लेंगे तदोपरान्त उन्हें डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।

डाक की कुल राशि डाक समाप्ति के तुरन्त बाद एक मुस्त जमा करा देना होगा। इच्छुक व्यक्ति को डाक से पूर्व अपने पहचान पत्र की छायाप्रति कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट की पूर्व की बन्दोबस्ती की राशि बाकी होगी अथवा जिनका एकरारनामा निबंधन लम्बित होगा उन्हें अगामी 03 वर्षो तक डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। डाक की बोली 10000.00 रूपये के अन्तर का होना अनिवार्य होगा।

उच्चतम डाक बोलने वाला व्यक्ति या संस्था यदि डाक बोलने के बाद बन्दोबस्ती नहीं लेगा, तो उसकी जमानत की राशि सोख्त (फोरफीट) कर ली जायेगी। सचिव जिला परिषद, पलामू को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वे बिना कोई कारण बताए किसी भी डाक को अस्वीकृत कर सकेंगे। बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम अन्तर्गत बने नियमों का पालन करना होगा।

| क्र0सं0 | नावघाट का नाम | थाना | नदी का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रानीदेवा | हुसैनाबाद | सोन नदी | 659430.00 | 164900.00 | 05-09-2024 12:00 PM |
| 2 | देवरी | हुसैनाबद | सोन नदी | 388117.00 | 97050.00 | |

नोट :– 1. नावघाट के डाक में 5–10 वर्ष के अनुभव रखने वाले नाविक / संगठन / समिति / अन्य व्यक्ति को प्राथमिकता दिया जायेगा।
2. नावघाट रानीदेवा को बन्दोबस्ती 21.09.2024 से प्रभावी होगा।

**ह0 / –**
**उप विकास आयुक्त –सह–**
**मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,**
**जिला परिषद, पलामू**

**PR 333727 (District)24-25*D**

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**गृह, कारा एवं आपदा पबंधन विभाग, झारखंड**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा**
**E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in**
**jailsuperintendent.garhwa@gmail.com**
**Phone No. 06561-222104**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना**

**HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-4/2024/1174**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कारा का नाम | मंडल कारा, गढ़वा |
| 02 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, एंव चीनी आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) चतुर्थ त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.10. 2024 से 31.12.2024 तक। |
| 03 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 04 | बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–08.09.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–14.09.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 05 | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–08.09.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–14.09.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 06 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–15.09.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–17.09.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 07 | अग्रधन राशि (EMD)(₹ 2500 / –.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–15.09.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–17.09.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 08 | निविदा खुलने की तिथि / समय / स्थान | दिनांक–18.09.2024, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त / स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

**ह / 0**
**काराधीक्षक,**
**मंडल कारा, गढ़वा**

**PR 333662 Prison(24-25).D**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
**NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**

**Letter of Invitation (LOI) No.-14/2024-25**

Letter No-450 **3rd Call** Ranchi, Date-23.08.2024

**e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/14/2024-25 Date:-23.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Reconstruction/ Widening & Strengthening of Road from Pakha More to Dantar including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Chatra in the State of Jharkhand. (Tentative length 09k.m.) *Empanelled consultant with RCD under category I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 09 k.m. |
| 3 | Period of Completionof Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 15,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facilty as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & eGovernance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 27.08.2024,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 04.09.2024 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 04.09.2024 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 05.09.2024 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob- 9905660677. |
| 13 | PR No.- | 328591Road (2024-25)..D |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

**Sd./-**
**(Ravi Shankar Pravakar)**
**Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department,Ranchi.**

**PR 333703 Road(24-25)#D**

# कुकुरझप डैम को पर्यटक स्थल बनाने की प्लानिंग जमुई में पर्यटन कमेटी अध्यक्ष ने किया मुआयना

**पर्यटकों को विशेष सुविधा, रोजगार का मिलेगा अवसर**



**जमुई, एजेंसी।** जमुई मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर दूर बरहट प्रखंड के आंजन कुकुरझप जलाशय यानी कि जंगलों और पहाड़ों के बीच खूबसूरत कुकुरझप डैम पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। जिसकी कोशिश शुरू हो गई है। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के द्वारा सरकार से इसकी मांग की गई है। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पर्यटन कमेटी अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पिछले दो दिनों से कुकुरझप डैम का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि डैम को लेकर एक रिपोर्ट तैयार हो रहा है। जिसमें इस जगह को लेकर कई योजनाएं बनाई जा रही है, जिससे लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा और पलायन रुकेगी। अबतक की प्लानिंग के अनुसार डैम पर रोपवे, होमस्टे के अलावा और भी चीजों को स्थापित करने पर पहल की जाएगी। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पर्यटन कमेटी अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कुकुरझप डैम के आसपास की जगहों का मुआयना किया। जिसके बाद उन्होंने जानकारी दिया कि इस जगह को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। कुकुरझप डैम पर पर्यटन का बढ़ावा मिलने के बाद इस इलाके में रोजगार का अवसर मिलेगा और पलायन भी रुकेगी।

## बीआईए पर्यटन कमेटी अध्यक्ष ने बताई प्लानिंग

बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पर्यटन कमेटी अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने इस बारे में बातचीत करते हुए बताया कि पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने को लेकर पटना में काफी मीटिंग हुई है। मंत्री और अधिकारियों के साथ तय हुआ कि पर्यटन क्षेत्र को देखा जाएगा। जिसके लिए एक कमेटी बनी हुई थी। मुझे भार सौंपा गया और संभावना तलाशने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि बीडीओ और सीओ से आग्रह किया है कि पहले इस पर चारों ओर सोलर लाइट लगवाए। सड़क को पूरी तरह से ठीक करवाए और एक बोर्ड लगवाए ताकि लोग आकृषित हो। डैम के आसपास अपराधियों के अड्डे की बात को लेकर उन्होंने बताया कि जैसा की रिपोर्ट आ रही है कि अब यहां अपराधियों और नक्सलियों का अड्डा नहीं है। शाम में भी अब लोग यहां आ-जा रहे हैं।

## अपराधियों के अड्डे और योजनाओं को लेकर दी जानकारी

कमेटी अध्यक्ष ने आगे कहा कि अपराधी वहीं पनपते हैं, जहां बहुत कम इकोनॉमी हो। जब आपके गांव, घर में इकोनॉमी बढ़ने लगेगी तो किसी को फुर्सत नहीं है, अपराधियों वाले काम करने की। कुकुरझप डैम को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के बाद रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन भी रुक जाएगी। डैम के आसपास के इलाकों और आगे की योजनाओं को लेकर कहना है कि यह इलाका पहाड़ों से घिरा है। ऐसे में दो पहाड़ों को जोड़ने वाला एक रोपवे भी बनवाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के लिए शुद्ध पेयजल, शौचालय इत्यादि की सुविधा भी बहाल की जाएगी। जानकारी देते हुए आगे कहा कि नवंबर में एक टीम जमुई आएगी और लोगों को इस बारे में जागरूक करेगी।

# भागलपुर कोर्ट का आनोखा आदेश- साली को भगाने पर जीजा लगाएगा 25 पेड़, उसके बाद तय होगी सजा



**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर में जीजा द्वारा अपनी शादीशुदा साली को भगा ले जाने के मामले में कोर्ट का अनोखा आदेश आया है। कोर्ट ने आरोपी जीजा को यह आदेश दिया है कि वह अपने हाथों से 25 पेड़ लगाए उसके बाद उसकी सजा तय की जाएगी। कोर्ट ने आरोपी को थानेदार से पेड़ लगा देने का सर्टिफिकेट पेश करने का भी आदेश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को होने वाली है। मामला 7 साल पुराना है। इस आदेश की चर्चा जोर शोर से हो रही है। आरोपी जीजा का नाम राजकुमार मंडल है जिसे कोर्ट ने पेड़ लगाने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक सनोखर थाना क्षेत्र के राजकुमार मंडल ने वर्ष 2017 में इस कृत्य को अंजाम दिया था। दायर मुकदमे के अनुसार राजकुमार मंडल अपनी छोटी शादीशुदा साली को भगाकर ले गया था। इतना ही नहीं अपने ससुराल वालों के घर से 15 हजार रुपये भी ले गया था। आरोपी जीजा पर शादी की नीयत से साली को भगाने का केस दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में एडीजे की अदालत में सुनवाई हुई। शुक्रवार को कोर्ट ने अभियुक्त को 25 पौधे लगाने का आदेश दिया। पौधे लगाने के बाद उसे थानेदार से इसका सर्टिफिकेट भी लेना होगा। 28 अगस्त को सजा के बिंदु पर बहस होगी।

इस मामले में बचाव पक्ष के वकील ने सफाई साक्ष्य बंद करने का आग्रह किया था, जिसके बाद कोर्ट ने उसे बंद कर दिया। सनोखर थाना क्षेत्र के रहने वाले नारायण मंडल ने घटना को लेकर थाना में शिकायत की थी। थाना पर उनकी बात नहीं सुनी गई तो वे कोर्ट पहुंचे और नालसीवाद दायर किया। जिसके आधार पर थाने में शादी की नीयत से अपहरण का केस दर्ज किया गया। नारायण ने बताया था राजकुमार ने ही उनकी छोटी बेटी का 30 जून 2007 को शादी नीयत से अपहरण कर लिया था। इस मामले की अगली तारीख 28 अगस्त तय किया गया है जब सजा को लेकर बहस होगी। उसके बाद कोर्ट का अंतिम फैसला आएगा।

# महिला ने मांगी लिफ्ट, साथी बदमाशों ने की छिनतई

**मुजफ्फरपुर में पत्रकार के साथ लूटपाट, मोबाइल-बाइक लेकर भागे बदमाश**



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में एक पत्रकार को महिला ने झांसे में लिया। इसके बाद इनके साथ लूटपाट की घटना हुई है। लूटपाट करने वाले गिरोह में एक महिला भी शामिल है। ये देर रात में सुनसान जगह पर बाइक सवार लोगों से लिफ्ट मांगती है। बाइक सवार को उसके गैंग के लोग डरा धमका कर लूट लेते है। फिर फरार हो जाते है। फिलहाल, पत्रकार के साथ लूटपाट की घटना हुई है। बदमाश उनका बाइक व मोबाइल लेकर भाग गए। घटना कांटी थाना क्षेत्र में एनएच-28 पर हाउसिंग बोर्ड के निकट की है। यहां काम निपटा कर घर लौट रहे एक पत्रकार को महिला ने झांसे में लिया। गुरुवार की देर रात लूट कांड को अंजाम दिया है।

**हथियार के बल पर बाइक-मोबाइल की लूट :** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सदातपुर स्थित एक दैनिक अखबार के दफ्तर से काम खत्म कर देर रात घर लौट रहे पत्रकार देव कुमार को हाउसिंग बोर्ड के निकट एक महिला ने हाथ देकर रुकवाया। उसे लगा कि महिला किसी परेशानी में है, यह सोचकर वे ठहर गए। लेकिन, कुछ ही पल में पीछे से दो युवक आए और हथियार के बल पर उनकी बाइक, मोबाइल और नकदी लूट ली। मामले में कांटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पीड़ित पत्रकार काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के दामुचक के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस :** डीएसपी वेस्ट अभिषेक आनंद ने बताया कि कांटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सादतपुर के समीप बीते रात को बाइक से जा रहे एक व्यक्ति के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया। जिसके बाद पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि रात में मुजफ्फरपुर की ओर जा रहे थे। उनके बाइक को दो व्यक्ति और एक महिला ने रोका। उनके बाइक-मोबाइल फोन को लूट लिया। सभी वहां से भाग गए। पुलिस आसपास के लगे सारे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

# अमृत भारत योजना से संवरेंगे पटना और पाटलिपुत्र जंक्शन, रेलवे स्टेशन की बदल जाएगी सूरत

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना के दो प्रमुख रेलवे स्टेशनों को अब अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जाएगा। पटना और पाटलिपुत्र जंक्शन को इस योजना में शामिल करने के लिए दानापुर रेल मंडल का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया है। योजना के अनुसार दोनों स्टेशनों के पार्किंग एरिया से लेकर स्टेशन बिल्डिंग एवं अन्य यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इन दोनों स्टेशनों की सूरत बदल जाएगी और विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इससे पहले बिहार के 92 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित करने की मंजूरी रेल मंत्रालय से मिल गई है। इसके बाद दानापुर रेल मंडल सहित जोन के कई स्टेशनों पर काम शुरू हो गया है। पाटलिपुत्र जंक्शन के दूसरे छोर पर आने-जाने का नया रास्ता विकसित किया जा रहा है। अगले दो महीने में इसे पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा। इससे सगुना मोड़, खगौल और उत्तर बिहार की ओर से आने वाले लोगों को नहर पर बने आरओबी को पार करने की मजबूरी नहीं होगी। यात्री अटल सेतु के नीचे स्टेशन के सामने बने पुल पर होकर रेल परिसर तक आ सकते हैं। हालांकि, वाहनों की पार्किंग के लिए पाटलिपुत्र जंक्शन के दूसरे छोर पर क्षेत्र को विकसित करने की जरूरत है।

**अमृत भारत स्टेशनों पर सुविधाओं लेकर आम लोगों से :** दानापुर के 11 नए स्टेशनों पर ओएसओपी रेल मंडल के 36 स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत स्टॉल खोले गए थे। हाल के दिनों में 11 स्टेशनों पर ओएसओपी योजना के तहत स्टॉल शुरू किये गए हैं। हाल ही में पुनपुन हॉल्ट पर यह सेवा शुरू की गई है। पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर, पाटलिपुत्र जंक्शन, दानापुर जंक्शन सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत स्टॉल खोले जा चुके हैं।



**हटिया-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस में लगेंगे अतिरिक्त कोच :** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से कई ट्रेनों में स्लीपर क्लास के अतिरिक्त कोच लगाये जा रहे हैं। इसी क्रम में ट्रेन नंबर 18621/18622 हटिया पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन में स्लीपर के दो अतिरिक्त कोच लगाये हैं। अगले आदेश तक यह सुविधा जारी रहेगी। वहीं रेलवे अधिकारियों के अनुसार त्योहार के सीजन में ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है, इस कारण लंबी वेटिंग सूची हो जाती है। इस दौरान हटिया पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन में भी यात्रियों का दबाव ज्यादा रहता है। इसे देखते हुए अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं।

# खेल मैदान के नाम पर बिहार में हो गया खेला, बिना मिट्टी भरे मनरेगा के 28.39 लाख निकाल लिए

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मनरेगा के तहत बिहार के मुजफ्फरपुर में खेल मैदानों को विकसित करने के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है। धरातल पर इन खेल मैदानों का कहीं अता-पता नहीं है। बावजूद इसके इन मैदानों में मिट्टी भराई के नाम पर लाखों रुपये की न केवल योजना स्वीकृत की गई, बल्कि काम पूरा दिखाकर योजना की पूरी राशि भी निकाल ली गई। ऐसे मामले पूरे जिले से सामने आए हैं। मोतीपुर प्रखंड में ऐसे कई मामलों के सामने आने के बाद जांच कराई गई। इसमें गलत तरीके से योजना चयन करते हुए राशि निकाले जाने की पुष्टि हुई, लेकिन आजतक इसके लिए जिम्मेवार लोगों से राशि वसूली के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इन मामलों का खुलासा तब हुआ जब इसकी शिकायत निगरानी विभाग से लेकर ग्रामीण विकास विभाग तक पहुंची। मोतीपुर के परसौनी कूपर निवासी संजय सिंह ने इसकी शिकायत करते हुए जांच कराने की मांग की थी। इसपर ग्रामीण विकास विभाग ने उप



विकास आयुक्त मुजफ्फरपुर को जांच का आदेश दिया था। उप विकास आयुक्त ने महिला प्रसार पदाधिकारी पूनम कुमारी के नेतृत्व में जांच टीम बनाई। इसमें डीआरडीए के प्रसार पदाधिकारी तरुण कुमार और कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिमी को तकनीकी सदस्य बनाया गया था। टीम ने भौतिक जांच के बाद योजनाओं के चयन से लेकर राशि निकासी तक अनियमितता बरतने की रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कब्रिस्तान, केले के बगान और सड़क किनारे की जमीन को खेल मैदान बता दिया गया और फर्जी तरीके से योजना का चयन किए जाने की बात सामने आई थी। साथ ही, मिट्टी भराई करते हुए पूरी राशि गलत तरीके से निकाले जाने की बात भी रिपोर्ट में कही गई है। टीम की रिपोर्ट पर जिला प्रसाशन गंभीरता से विचार कर रहा है। इस मामले में कार्रवाई की तैयारी चल रही है जिसमें कई अधिकारियों पर गाज गिर सकती है।

## अधिकारियों व मुखिया से मांगा गया स्पष्टीकरण

केवल इन्हीं तीन योजनाओं के साथ ऐसा नहीं किया गया। बल्कि, मोतीपुर प्रखंड की एक ही पंचायत पगहिया की सात योजनाओं में मिट्टी भराई के नाम पर 28,38,912 रुपये का वारा न्यारा कर लिया गया। जांच टीम ने इसमें बीपीओ, जेई, पीटीए, पीआरएस और मुखिया की स्पष्ट संलिप्तता बताई। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीडीसी ने इन सभी से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन आजतक सरकारी पैसे की वापसी के लिए कोई पहल नहीं की गई। जांच रिपोर्ट के अनुसार एकौलिया गांव में जिस जमीन को खेल मैदान बताकर 2,07,103 रुपये मिट्टी भराई के नाम पर निकासी की गई, वह जमीन भौतिक जांच के दौरान कब्रिस्तान की निकली। मणिकपुर गांव में जिस भूमि को खेल मैदान बता 2,45,772 रुपये की मिट्टी भरी गई थी, जांच के दौरान वह जमीन सड़क किनारे की पगडंडी निकली।


# गिरफ्तार होंगे पूर्व मंत्री वृषिण पटेल? पॉक्सो कोर्ट से नहीं मिली बेल, नाबालिग के यौन शोषण का आरोप



**मुफ्फरपुर , एजेंसी।** नाबालिग के यौन शोषण मामले में फंसे नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री रहे वृषिण पटेल की पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। यौन शोषण के एक मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका विशेष पॉक्सो कोर्ट-2 के न्यायाधीश ने खारिज कर दी। इसके पहले विशेष पॉक्सो कोर्ट-2 के न्यायाधीश प्रशांत कुमार झा ने गुरुवार को पूर्व मंत्री की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका को सुनवाई के बाद आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया था। इसकी जानकारी विशेष पॉक्सो कोर्ट-2 के विशेष लोक अभियोजक अजय कुमार ने दी। वृषिण पटेल वैशाली लोकसभा के सांसद भी रहे। मुजफ्फरपुर पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक बताया कि पूर्व मंत्री की तरफ से पटना हाईकोर्ट से आए वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जमानत देने की कोर्ट से गुहार लगाई, जिसका सरकारी वकील के अलावा पीड़िता की अधिवक्ता रिचा स्मृति ने विरोध किया। दोनों पक्षों की दलील सुनने और सबूतों को देखने के बाद कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया। इधर, कोर्ट का आदेश आने के बाद पूर्व मंत्री अगली कानूनी प्रक्रिया में लग गए हैं। उनके द्वारा अब इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल किए जाने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल पूर्व मंत्री पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

**वीडियो बना ब्लैकमेल करने का आरोप :** गौरतलब है कि कुढ़नी की एक नाबालिग ने नौकरी दिलाने के नाम पर यौन शोषण और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए नवंबर 2023 में पूर्व मंत्री वृषिण पटेल के खिलाफ विशेष पॉक्सो कोर्ट में परिवाद दायर कराया था। कोर्ट के आदेश पर मंत्री के खिलाफ पॉक्सो की धारा 4 और 6 के अलावा आईपीसी की धारा 323, 341, 354 (बी), 307, 420, 376 और 504 के तहत केस दर्ज किया गया था। किशोरी ने घटना दो वर्ष पूर्व की बताई थी। परिवाद पर सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट-2 से पूर्व मंत्री के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी किया था। इसके बाद पूर्व मंत्री की ओर से बीते 5 अगस्त को जिला जज की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी।

# मगरमच्छ दिखने से दहशत में हैं लोग: पानी में बत्तख डालकर मगरमच्छ को पकड़ने की कोशिश



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के बड़हरा प्रखंड क्षेत्र के बबुरा गांव में मगरमच्छ देखे जाने के बाद से ग्रामीण दहशत में हैं। गंगा में बाढ़ की वजह से पास के एक तालाब में भी पानी बढ़ गया है। इसी में लोगों ने मगरमच्छ देखा है। मगरमच्छ ने अब तक दो मुर्गे का शिकार किया है। वहीं, एक बछड़े पर भी हमला किया है। वन विभाग को सूचना दे दी गई

## 2 मुर्गे को बना चुका है निवाला

है। पर टीम अभी तक मगरमच्छ को पकड़ नहीं सकी है। अब ग्रामीण उस मगरमच्छ को नदी से बाहर निकालने के लिए बत्तख का सहारा ले रहे हैं। ग्रामीण समीर ने बताया कि बत्तख को रस्सी से बांध कर पानी भरे गढ्ढे में डाल रहे, ताकि उसे देख कर मगरमच्छ बाहर आए और उसे पकड़ा जा सके।

## वन विभाग की टीम कर रही निगरानी

गांव में 14 हजार की आबादी है और जिस तालाब में मगरमच्छ दिखा, वहां करीब 1 हजार लोग रहते हैं। लोगों का कहना है कि सबसे ज्यादा बच्चों को खतरा है। वन विभाग की टीम सूचना के बाद लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है। हालांकि मगरमच्छ को पकड़ने में टीम अभी तक सफल नहीं हो पाई है। इससे लोग दहशत में हैं।

## 22 अगस्त के बाद किसी ने नहीं देखा

जहां मगरमच्छ दिखा, वहां पास में ही शिव लोचन पासवान का घर है। उनके बेटे अजीत कुमार ने बताया कि करीब तीन दिन पहले मेरे घर के सामने मगरमच्छ दिखा था, जिसका वीडियो बनाया। तुरंत ही ग्रामीणों को सूचित किया। वन विभाग की टीम लोकेशन पर पहुंची, लेकिन उसे पकड़ नहीं पाई। बाद में मगरमच्छ को लगातार देखा गया। लेकिन 22 अगस्त की रात के बाद से मगरमच्छ को किसी ग्रामीण ने नहीं देखा है।

## शोर मचाने पर पानी में चला गया

ग्रामीण समीर ने बताया कि एक दिन पहले शिव लोचन पासवान के घर के पास एक गाय का बछड़ा बंधा था। मगरमच्छ ने उस पर हमला किया था। लेकिन ग्रामीणों ने शोर मचाया तो वो पानी में भाग गया। लोग रात में सो नहीं पा रहे हैं। इधर, शुक्रवार की सुबह वन विभाग की टीम भी वापस लौट गई।

## बबुरा गंगा से सटा हुआ इलाका है

ग्रामीणों का कहना है कि सबसे ज्यादा खतरा शिव लोचन पासवान के घर में रहने वाले लोगों को है। यह घर गड्ढे के बगल में है। घर की सीढ़ी भी पानी को छूती हुई छत की ओर जाती है। इस घर में करीब 13 सदस्य हैं। सबसे पहले इसी घर के रहने वाले अजीत कुमार ने मगरमच्छ को देखा था। वन विभाग ने इन्हीं के घर के नीचे जाल लगाया है। दरअसल, बबुरा गंगा से सटा हुआ इलाका है। गंगा में बाढ़ आने की वजह से इस क्षेत्र में भी पानी भर चुका है। अब भले ही पानी घट रहा हो। लेकिन इस क्षेत्र से पानी अभी बाहर नहीं निकला है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मगरमच्छ बाढ़ की वजह से ही इस इलाके में आया। इधर, रेंजर रंजन कुमार शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कि बबुरा गांव वार्ड 4 में एक छह फीट का मगरमच्छ देखा गया है। इसके बाद हमारी टीम लगातार तीन दिनों से उसकी तलाश कर रही है। तालाब में अधिक मात्रा में जलकुंभी होने से मगरमच्छ की बॉडी नहीं दिख रही है। संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) और वीटीआर, बगहा से टीम को बुलाया गया था। पर अब तक मगरमच्छ नहीं मिला है। निचले इलाके में रहने वाले लोगों को पानी के किनारे आने के लिए मना किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम हेमंत और कल्पना सोरेन पहुंचे जमशेदपुर, पूर्व सांसद सुनील महतो की दिवंगत पुत्री अंकिता को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को पूर्व सांसद दिवंगत सुनील महतो तथा पूर्व सांसद सुमन महतो के जमशेदपुर सोनारी स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां पूर्व सांसद सुमन महतो की पुत्री अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सुमन महतो तथा उनके अन्य शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढ़स बंधाया। इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, सांसद जोबा मांझी, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सुखराम उरांव, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी सहित अन्य ने भी पुष्प अर्पित किया।

### सहकारिता महासम्मेलन में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने विधायकों के साथ मिलकर बांटी परिसंपत्तियां



**रांची।** कोल्हान प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का आयोजन जमशेदपुर के साकची स्थित रविंद्र भवन में शुक्रवार को किया गया। सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि कृषि और पशुपालन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पोटका विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई से विधायक मंगल कालिंदी तथा बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंत्री और विधायकों ने मिलकर परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में निदेशक सहयोग समितियां सूरज कुमार ने कहा कि %सहकार से समृद्धि% की परिकल्पना को साकार करने का हर संभव प्रयास कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग कर रहा है। इसी दिशा में कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न लैम्प्स-पैक्स, व्यापार मण्डल और अन्य सहकारी समितियां को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके इस के लिए सहकारीता महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सहकारिता प्रभाग से सम्बंधित योजनों को लेकर परिसम्पत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। इसमें झाम्फकोफेड की ओर से 5,99,700 की लघुवनोपज के का वितरण 20 लाभुकों के बीच किया गया। किट को झास्कोलैम्पफ के द्वारा लाह खेती योजना अंतर्गत होनेवाले टूल 90प्रतिशत अनुदान पर 21 लाभुकों के बीच वितरित किया गया। इस वितरण पर राज्य सरकार का कुल व्यय रु 85,050 है जबकि लाभुकों का कुल व्यय रु 9.450 मात्र है। इसके अलावा भी अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

### टाटा स्टील कोयला कर्मियों का वेतन 18 हजार तक बढ़ा

**धनबाद।** टाटा स्टील लिमिटेड की झरिया तथा वेस्ट बोकारो कोलियरीज में कार्यरत कर्मियों के लिए शुक्रवार को जमशेदपुर में वेतन समझौता हुआ। 30 जून 2022 को बेसिक पे, महंगाई भत्ता, उपस्थिति बोनस और विशेष महंगाई भत्ता पर आधारित 13 फीसदी का न्यूनतम सुनिश्चित लाभ (एमजीबी) देने पर सहमति हुई है। एक जुलाई 2022 से सबसे कम वेतन पाने वाले कर्मचारी को न्यूनतम सुनिश्चित लाभ ?4102 रुपए और सबसे अधिक बेसिक वेतन पानेवाले कर्मचारी को ?18,102 रुपए मिलेगा। दो अतिरिक्त वेतनवृद्धि भी मिलेगी। उक्त वेतन समझौते से झरिया एवं वेस्ट बोकारो के 4042 टाटा कंपनी में कार्यरत कोयलाकर्मी लाभान्वित होंगे। पुरानी श्रेणी में 2404 कर्मचारी और नई श्रेणी में 1638 कर्मचारी लाभान्वित होंगे। वेतन समझौता सात साल एक जुलाई 2022 से 30 जून 2029 तक होगी। वेतन समझौता टाटा प्रबंधन एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बीच हुआ। मौके पर टीवी नरेंद्रन, सीईओ और एमडी, टाटा स्टील लिमिटेड और कुमार जयमंगल, अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के साथ ही वीपी एचआरएम, वीपी आरएम, कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, आरसीएमयू झरिया एवं वेस्ट बोकारो यूनिट के यूनियन पदाधिकारी मौजूद थे। समझौते के अनुसार पहली अतिरिक्त वेतनवृद्धि एक अगस्त 2024 को उन कर्मचारियों को दी जाएगी, जो 31 जुलाई 2024 को कंपनी के रोल पर होंगे और 01 अगस्त 2024 को भी कंपनी के रोल पर बने रहेंगे। दूसरी अतिरिक्त वेतनवृद्धि 01 जुलाई 2028 को उन कर्मचारियों को दी जाएगी, जो 30 जून 2028 को कंपनी के रोल पर होंगे। 01 जुलाई 2028 को भी कंपनी के रोल पर बने रहेंगे। यह अतिरिक्त वेतनवृद्धि उनके सामान्य वार्षिक वेतनवृद्धि के अतिरिक्त होगी। वृद्धि की दर (पुरानी श्रेणी) : कर्मचारी के पुनरीक्षित बेसिक वेतनमान का 3त्न या पुनरीक्षित ग्रेड के अधिकतम वेतन का 3त्न, जो भी कम हो, होगा।

# डॉ रामदयाल मुंडा ने झारखंड की संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान दिलायी : केशव महतो कमलेश




**रांची।** पदमश्री पूर्व सांसद डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में में मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने डा. मुण्डा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें झारखंड की सांस्कृतिक विभूति बताया। इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि जे नाची से बांची को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाने वाले डॉ मुंडा ने झारखंड की संस्कृति को विश्व पटल पर पहचान दिलायी। उन्होंने कला, शिक्षा और जनजातीय भाषा के विकास और संरक्षण के लिए जीवन पर्यन्त काम किया। उनकी सोच और यादें झारखंडी समाज को नई दिशा देती है। डा. मुण्डा बहुआयामी व्यक्तित्व और लोक संस्कृति के नायक थे। राजनीति, कला, संस्कृति व समाज के प्रति समर्पित सोच वाले थे। उन्होंने झारखण्ड के मूल सवाल जल,जंगल,पहचान,भाषा और संस्कृति पर आजीवन काम किया। झारखण्ड के उत्थान में इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

**झारखंड की भाषा-संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायी :** वहीं, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि डॉ मुंडा ने जब रांची विश्वविद्यालय में जनजातीय भाषा विभाग का कार्यभार संभाला उसके बाद राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय जगत पर यहां की भाषा-संस्कृति को पहचान मिली। अलग राज्य की मांग के लिए इनके दिशा निर्देशानुसार साहित्यकारों रंगकर्मियों, कलाकारों ने जनता को जागरूक करने कि लिए भाषा,संस्कृति का उपयोग किया। इनकी विद्वता को देखते हुए अमेरिका के विश्वविद्यालय में कार्यरत होने के बावजूद इन्हें बुलाकर विभाग का दायित्व दिया गया। इसके बाद वे रांची विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति तथा कुलपति के पद पर आसीन हुए। शांत-सौम्य व्यक्तित्व को देखते हुए इन्हें राष्ट्रीय सलाहकार परिषद का सदस्य सोनिया गांधी ने नियुक्त किया था। इस दायित्व का भी इन्होंने बखूबी निर्वह्न किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ प्रदीप बलमुचू, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, मदन मोहन शर्मा, अमुल्य नीरज खलखो, भीम कुमार, सुलतान अहमद, सोनाल शांति, शान्तनू मिश्रा, निरंजन पासवान, नेली नाथन, विमल भारद्धाज, के कामेश्वर गिरी, जगदीश साहू, कमल ठाकुर, प्रभात कुमार, केदार पासवान, गुंजन सिंह, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आलोक कुमार दूबे, डॉ राजेश गुप्ता, अरूण साहु, अजय कुमार, अनिल कुमार ओझा, संतोष कुमार, विक्रमजीत , छोटू सिंह, जितेन्द्र त्रिवेदी, मोहम्मद सागीर, शहीद अंसारी, हरीप्रसाद, सुरेन्द्र उरांव, बलराम, राजीव प्रकाश चौधरी, अनूप लाल, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, रामानंद केशरी आदि शामिल थे।

## अलग झारखंड राज्य आंदोलन के बौद्धिक ताकत थे डॉ रामदयाल मुंडा : सुदेश महतो



**रांची।** झारखंड अलग राज्य आंदोलन की बौद्धिक ताकत और सांस्कृतिक आंदोलन के प्रणेता पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा हमारी समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने और आदिवासियों की पहचान बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। उनका जीवन अपने आप में एक उदाहरण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो आप किसी भी क्षेत्र में बेहतर कर सकते हैं। रामदयाल मुंडा के योगदानों से नई पीढ़ी को रूबरू होना आवश्यक। समृद्ध झारखंड गढ़ने की राह डॉ. रामदयाल मुंडा के जीवन दर्शन में समाहित है। नई पीढ़ी डॉ. मुंडा को पढ़े और जाने। ये बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में डॉ. रामदयाल मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद कही।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई :** उन्होंने कहा कि रांची के छोटे से गांव से निकल कर उन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण, त्याग और काबिलियत के दम पर न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई बल्कि झारखंड की कला संस्कृति को भी वैश्विक पटल पर पहुंचाने का काम किया। उन्हें याद करने के लिए किसी खास तारीख की जरूरत नहीं। वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उनकी विद्वता और विनम्रता से युवाओं को सीखने की आवश्यकता। झारखंड की समृद्ध संस्कृति को संजोने और संवारने के साथ ही हमें विकास की राह पर चलना है। अपनी गौरवपूर्ण संस्कृति से दूर होकर हम विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। हम अपनी जड़ों से कट कर आगे नहीं बढ़ सकते हैं।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जिप सदस्य बुंडू परमेश्वरी सांडिल, केंद्रीय सचिव गुंजल इकिर मुंडा, केंद्रीय सचिव रामदुर्लभ सिंह मुंडा, आजसू पार्टी वरीय नेता सिंगराय टूटी, केंद्रीय सचिव सुधा मुंडू, रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार झारखंड का हक व अधिकार छीन रही है : रामदास

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निर्देश पर शुक्रवार को केंद्र सरकार कि गलत नीतियों के खिलाफ में झारखंडी अधिकार मार्च कार्यक्रम के तहत साकची आम बागान से उपायुक्त कार्यालय तक मार्च किया और उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के हक एवं अधिकार को छिनने का कार्य किया जा रहा है।झारखंड के भोले भाले लोगों के हक, अधिकार एवं सम्मान को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। हेमंत सरकार को साजिश के तहत बार-बार अस्थिर करने का प्रयास केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता भाजपा के दोहरे चरित्र को समझ चुकी है, जिसका जवाब आनेवाले विधानसभा चुनाव में जनता देगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा से पारित कर स्थानीय नीति के 1932 के खतियान, आदिवासियों का सरना धर्म कोड तथा आदिवासी दलित व पिछड़ों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए कानून बनाने के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार कर इस प्रस्ताव को रोका दिया गया। जिसका विरोध पूरे राज्य में झारखंड अधिकार मार्च के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर मोहन कर्मकार, पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, सुनील महतो, वीर सिंह सुरीन, सागेन पुर्ती, अरुण प्रसाद, महावीर मुर्मू, बब्बन राय, चंद्रावती महतो, फैयाज खान समेत कई उपस्थित थे।

# बिजली दर वृद्धि के प्रस्ताव का उपभोक्ताओं ने आक्रोशित होकर किया विरोध, हंगामा



**धनबाद।** बिजली दर वृद्धि के लिए शुक्रवार को न्यू टाउन हॉल में आयोजित जनसुनवाई में लोगों ने जमकर हंगामा किया। दर वृद्धि की चर्चा शुरू होते ही उपभोक्ता आक्रोशित होकर इसका विरोध करने लगे। लोगों का कहना था कि बिजली मिल नहीं रही है और दर बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। जनता सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

झारखंड बिजली वितरण निगम वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए घरेलू, व्यवसायिक, औद्योगिक और कृषि बिजली दर में 25 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग को सौंपा है। इससे अलग-अलग श्रेणी में बिजली 45 पैसे से लेकर 3.25 रुपए प्रति यूनिट तक महंगी हो जाएगी। घरेलू बिजली की दर में 2.85 रुपए प्रति यूनिट की वृद्धि का प्रस्ताव है। दर वृद्धि के इस प्रस्ताव को मंजूरी देने से पहले नियामक आयोग ने न्यू टाउन हॉल में जनसुनवाई का आयोजन किया था। आयोग के तकनीकी सचिव अतुल कुमार और विधि सलाहकार महेंद्र प्रसाद ने जेबीवीएनल के प्रस्ताव को उपभोक्ताओं के समक्ष रखा। उपभोक्ताओं ने इसका विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्हें बिजली नहीं मिल रही है। सिर्फ दर बढ़ाने की बात की जा रही है। यह न्यायसंगत नहीं है। इसके खिलाफ जनता सड़क पर उतरेगी और आंदोलन करेगी। लोगों को आश्वस्त करते हुए आयोग के तकनीकी सदस्य अतुल कुमार ने कहा कि यह सिर्फ प्रस्ताव है। सभी पक्षों के विचारों को सुनने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। जनसुनवाई में जेबीवीएनएल मुख्यालय के महाप्रबंधक संतोष मनी सिंह ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से दर वृद्धि के प्रस्ताव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर जेबीवीएल के कार्यकारी निदेशक अरविंद कुमार, धनबाद एरिया बोर्ड के जीएम एके सिन्हा, अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

जनसुनवाई के दौरान आयोग के विधि सलाहकार महेंद्र प्रसाद ने जेबीवीएनएल को शहरी क्षेत्र में कम से कम 23 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 21 घंटा बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। यह भी कहा कि इससे कम बिजली मिलने पर उपभोक्ता हर्जाने का हकदार होता है। जेबीवीएनएल के कार्यकारी निदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने की कोशिश की जा रही है।

# जांच रिपोर्ट में भुइयांडीह के घरों का उल्लेख नहीं : कोर्ट




**जमशेदपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की कोलकाता बेंच में शुक्रवार को सुवर्णरेखा नदी बेड और इको सेंसेटिव जोन में अतिक्रमण मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान भुइयांडीह के कल्याणनगर व इंद्रानगर के 150 घरों को तोड़ने की नोटिस के खिलाफ बस्तीवासियों की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका पर बहस शुरू हुई। सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय उपाध्याय ने कोर्ट को बताया- बस्तीवासियों को घर तोड़ने के लिए जमशेदपुर अंचलाधिकारी ने एनजीटी के आदेश पर नोटिस दिया है।

इससे बस्तीवासी दहशत में हैं। इस पर कोर्ट ने कहा- एनजीटी के सुवर्णरेखा नदी बेड अतिक्रमण केस से बस्तीवासियों के नोटिस का कोई संबंध नहीं है। जमशेदपुर अंचलाधिकारी की नोटिस का न तो दलमा इको सेंसिटिव जोन में बनी संरचनाओं से कोई लेना-देना है और न ही सुवर्णरेखा नदी तट से कितनी दूरी पर संरचनाओं से।

इस पर अधिवक्ता ने बताया- 150 घरों को तोड़ने का नोटिस जिला प्रशासन ने एनजीटी के आदेश पर दिया है। इसलिए बस्तीवासियों की ओर से हस्तक्षेप याचिका दायर की गई है। एनजीटी बेंच ने कहा कि जिन क्षेत्र के घरों का उल्लेख किया जा रहा है, वह एनजीटी के आदेश पर गठित संयुक्त जांच समिति की रिपोर्ट में नहीं है।

झारखंड के मुख्य सचिव ने अभी तक एनजीटी कोर्ट में शपथ पत्र दायर नहीं किया है कि भुइयांडीह में किन घरों को तोड़ा जाएगा। जब झारखंड सरकार की कोई रिपोर्ट आएगी तो साफ होगा कि किन घरों को एनजीटी के निर्देशानुसार तोड़ने की बात हो रही है। इसलिए अभी हस्तक्षेप याचिका सुनी नहीं जा सकती है। गौरतलब है कि जुलाई-2024 में जमशेदपुर अंचल अधिकारी कार्यालय ने एनजीटी के आदेश पर सुवर्णरेखा नदी के भुइयांडीह तट का अतिक्रमण कर बने मकानों को तोड़ने के लिए नोटिस दिया था।

## प्रिंस के गुर्गे औरंगजेब की बोकारो में इलाज के दौरान मौत



**धनबाद।** तेनुघाट जेल में बंद वासेपुर मदीनानगर के रहनेवाले 30 वर्षीय मो औरंगजेब की गुरुवार को बोकारो सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जेवीएम नेता रंजीत सिंह और गैंगस्टर फहीम खान के करीबी नन्हे हत्याकांड के आरोपी औरंगजेब को आर्म्स एक्ट के तहत सजा हुई थी। 4 दिसंबर 2023 को धनबाद जेल में कुख्यात अपराधी अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 5 दिसंबर को कोर्ट ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रिंस और अमन के गुर्गों को दूसरे जेलों में शिफ्ट करने का आदेश दिया था।

इसी क्रम में औरंगजेब को धनबाद मंडल कारा से तेनुघाट जेल शिफ्ट किया गया था। बीते 16 अगस्त को पेट दर्द होने पर जेल अस्पताल में डॉ. शंभू कुमार ने उसका इलाज किया। इसके बाद वह जेल अस्पताल में ही भर्ती था। डॉ शंभू ने बताया कि गुरुवार की सुबह छाती में दर्द होने के बाद वह बेहोश हो गया। इलाज के लिए पहले उसे अनुमंडल अस्पताल तेनुघाट भेजा गया, जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया।

**जेल में बंद रहते मां से की थी मोबाइल पर बात :** औरंगजेब की मौत के बाद एक ऑडियो वायरल हुआ है, जो उसके परिवार ने उपलब्ध कराया है। ऑडियो कब का है यह स्पष्ट नहीं है और न ही इसकी पुष्टि हुई है, लेकिन ऑडियो में औरंगजेब ने तेनुघाट जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जेल में बंद रहते उसने अपनी मां से मोबाइल पर बात की थी। इसके बाद औरंगजेब की मां शजदा खातून ने बेटे को प्रताड़ित करने की शिकायत जेल आइजी से की थी। औरंगजेब और उसकी मां की बात के अंश कुछ इस प्रकार हैं।

# इस बार रामलला थीम पर आयोजित होगा अग्रसेन जयंती समारोह

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन की बैठक महालक्ष्मी मंदिर सभागार में संदीप मुरारका की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अग्रसेन जयंती का आयोजन अयोध्या में विराजमान रामलला की थीम पर किया जाएगा। अग्रसेन जयंती के अवसर पर महिलाओं और बच्चों के लिए शाखा स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 27 अक्टूबर को गोलमुरी, 28 को मानगो और 29 व 30 को जुगसलाई में अग्रसेन जयंती की प्रतियोगिताएं होंगी, जिसके संयोजक क्रमशः शंकर अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं दिलीप कांवटिया होंगे।

**ट्रेजर हंट प्रतियोगिता का आयोजन :** मारवाड़ी युवा मंच की जमशेदपुर शाखा, स्टील सिटी शाखा और टाटा नगर अचीवर्स शाखा के सयुंक्त तत्वावधान में 30 अक्टूबर को सुबह 9 बजे मरीन ड्राइव पर ट्रेजर हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसके मुख्य संयोजक अश्विनी अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल एवं अंशुल रिंगसिया होंगे। अग्रवाल सम्मेलन जुगसलाई शाखा के महासचिव मनोज गोयल ने बताया कि इस अवसर पर बिंदल मॉल अवस्थित टर्फ में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं युवा हेमंत अग्रवाल जेआरडी टाटा स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारियों में जुटे हैं।

**अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन :** मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के अध्यक्ष सुरेश कांवटिया एवं कोषाध्यक्ष सन्नी संघी ने बताया कि 1 अक्टूबर मंगलवार को अग्रसेन भवन साकची में अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

**रेट्रो थीम पर रैंम्प वॉक पर चलेंगी युवतियां :** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी के अनुसार 2 अक्टूबर को धालभूम क्लब ग्राउंड, साकची में रेट्रो थीम पर आधारित रैंम्प वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिला नेत्री रजनी बंसल, अंजू चेतानी और ऊषा चौधरी ने बताया कि उसी दिन महिलाओं के लिए रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है।

महिला पदाधिकारी अनु मित्तल, अंकिता लोधा और सीमा जवानपुरिया ने बतलाया कि 3 अक्टूबर को मुख्य समारोह में नई बहुओं का होगा स्वागत किया जाएगा। जिन युवतियों का विवाह 1 नवंबर 2023 के बाद हुआ है, उन्हें शगुन स्वरुप चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जो बुजुर्ग दंपत्ति 60 पार के हैं, वे यदि किसी विशेष परिधान में आते हैं, तो उन्हें साठ में ठाठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के संयोजक बिमल मुरारका और गीता मुरारका होंगे।

**अग्रसेन मेला का होगा आयोजन :** बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल और लालचंद अग्रवाल ने बतलाया कि 2 और 3 अक्टूबर को धालभूम क्लब ग्राउंड में अग्रसेन मेला का आयोजन किया जाएगा, जहां रणथंभौर गणेश जी, सालासर बालाजी, मेहंदीपुर बालाजी, राणी सती दादी, जीण माता, भगवान श्री रामलला और अग्रसेन जी महाराज का भव्य दरबार सजाया जाएगा। कई तरह के फन, फूड, चूरन इत्यादि के स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही सेल्फी काउंटर, झूला इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी।

श्री रामलला-भगवान अग्रसेन शोभायात्रा

अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश प्रवक्ता कमल किशोर अग्रवाल और लिपु शर्मा के अनुसार 3 अक्टूबर को श्री रामलला-भगवान अग्रसेन शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें शामिल होने वाली झांकियों एवं सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा में शामिल होने वाले बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और जोड़ों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**जोड़ा जाएगा समाज के हर घटक को :** उपाध्यक्ष मनोज केजरीवाल एवं मोहित मूनका समाज की हर छोटी-बड़ी संस्थाओं की सूची तैयार कर रहे हैं। प्रयास हो रहा है कि समाज के हर तबके, वर्ग व क्षेत्र के लोगों को अग्रसेन जयंती से जोड़ा जाए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# असुरक्षित औरतें

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं की स्थिति को जाहिर करने वाली जस्टिस हेमा कमिटी की रिपोर्ट आखिर सोमवार को सार्वजनिक हो गई। रिपोर्ट में दी गई बातें हैरान तो करती ही हैं, इस रिपोर्ट को सामने लाने के लिए जिस तरह की मशक्कत करनी पड़ी, वह भी अपने आप में बहुत कुछ कहती है। कमिटी का गठन 2017 में मलयालम फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री के अपहरण और सेक्शुअल असॉल्ट की घटना के बाद किया गया था। कमिटी ने 2019 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। सूचना के अधिकार (त्र्श्रद्ध) के तहत किए गए आवेदनों के जरिए पांच साल के लंबे और कठिन संघर्ष के बाद यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में लाई जा सकी। रिपोर्ट का कंटेंट देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि क्यों वहां की ताकतवर लॉबी इसे सार्वजनिक किए जाने के खिलाफ थी और क्यों उसने इसे लोगों की नजरों से छुपाए रखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। रिपोर्ट में कम से कम 17 तरह के शोषण गिनाए गए हैं, जिनसे केरल फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही महिलाओं को गुजरना पड़ता है। इनमें लेडीज टॉयलेट और चेंजिंग रूम जैसी सुविधाओं की कमी और पारिश्रमिक में भेदभाव से लेकर काम के बदले में सेक्स की डिमांड तक तमाम तरह के शोषण शामिल हैं। रिपोर्ट में ठीक ही कहा गया है कि सेक्शुअल हैरासमेंट ऑफ विमिन एट वर्कप्लेस (प्रिवेंशन, प्रॉहिबिशन एंड रिड्रेसल) एक्ट 2013 जैसे कानून और इसके तहत अनिवार्य बताए गए इंटरनल कमिटी गठित करने जैसे प्रावधान इन मामलों में ज्यादा मदद नहीं करते। इसकी एक वजह यह है कि ये वर्कप्लेस पर हैरासमेंट की बात करते हैं जबकि फिल्म इंडस्ट्री में शोषण अक्सर काम मिलने से पहले ही शुरू हो जाता है। दूसरी बात यह कि शोषण करने वाले लोगों की लॉबी इतनी ताकतवर है कि शिकायत करने की हिम्मत दिखाने पर भी करिअर खत्म हो जाता है। भले जस्टिस हेमा कमिटी की यह रिपोर्ट सिर्फ केरल फिल्म इंडस्ट्री की बात करती हो, अन्य फिल्म इंडस्ट्री को लेकर भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं। इसे भी महज संयोग नहीं कहा जा सकता कि जिस समय यह रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है, कोलकाता में एक डॉक्टर के रेप और मर्डर की घटना को लेकर पूरा देश उद्वेलित है। ऐसी घटनाएं अलग-अलग इलाकों और पेशों में महिलाओं की असुरक्षा का सवाल पेश करती रहती हैं। ऐसे में कोई एक कानून, कोई एक आयोग या प्राधिकरण इसका इलाज नहीं हो सकता। पुलिस-प्रशासन, कानून-अदालत और परिवार-समाज सभी स्तरों पर दीर्घकालिक प्रयास ही बेहतरी सुनिश्चित कर सकते हैं।

# जागे समाज

महिलाओं के शोषण की घटनाएं जितनी दुखद हैं, उतनी ही शर्मनाक भी। कोलकाता में एक चिकित्सक के यौन उत्पीड़न और हत्या का मामला इतना गंभीर हो उठा है कि सर्वोच्च न्यायालय को स्वत- संज्ञान लेना पड़ा। यह बहुत अफसोसजनक है कि महिला शोषण के मामले में भी नेता राजनीति की गुंजाइश खोज लेते हैं। चिकित्सकों का प्रदर्शन लगातार जारी है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद ने तो प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को एक तरह से धमकाया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल की सरकार है और वहां चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता होनी चाहिए, पर वह क्या कर रही है? ऐसी स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप जरूरी और स्वागतयोग्य है। जो लोग अभी भी लीपापोती में जुटे हैं, उन्हें अपनी गैर-कानूनी हरकतों से बाज आना चाहिए। जिस तरह का व्यवहार कुछ अधिकारी या नेता अभी दिखा रहे हैं, ऐसे व्यवहारों की वजह से ही देश में प्रति घंटे चार से ज्यादा महिलाओं का यौन शोषण होता है। शोषण के पक्ष में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खड़े होने वाले नेता अपराधियों से भी बड़े अपराधी हैं। महिला शोषण के ऐसे मामलों से देश का कोई राज्य अछूता नहीं है। बच्ची से लेकर बुजुर्ग महिला तक और घर से लेकर बस स्टैंड तक, कोई ऐसी जगह नहीं है, जहां महिलाएं चैन की सांस ले सकें। आप मामले गिनते चले जाइए। उत्तराखंड पुलिस ने रविवार को देहरादून में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल पर सरकारी बस में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया। यह किशोरी लाचार होकर घर से भागी थी, उसके साथ संवेदनापूर्ण व्यवहार होना चाहिए था, पर वह उन दरिंदों के चंगुल में फंस गई। इसी तरह, बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में 14 वर्षीय दलित लड़की को अपराधियों ने घर से ही उठा लिया और बाद में परिजन को उसकी लाश मिली।

# पश्चिम बंगाल को भी योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री की जरूरत!

(अनिल सिंह)

पश्चिम बंगाल के राजनीतिक हालात समझने के लिये एक उदाहरण काफी होगा, जिसका उल्लेख मैं नीचे करूंगा। हम तो सिर्फ महसूस भर कर सकते हैं, लेकिन जो वहां रह रहे हैं, उनके डर को समझना आसान नहीं है। पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा एवं दुरभिसंधियों का बड़ा गढ़ रहा है। चुनाव के दौरान सर्वाधिक हिंसा एवं मौतें पश्चिम बंगाल में होती हैं। लालू यादव के दौर में बिहार और मुलायम सिंह यादव के दौर में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य राजनीतिक हिंसा के लिये बदनाम थे, लेकिन इन दोनों की सरकारें जाने के बाद आज उत्तर प्रदेश और बिहार चुनावी हिंसा के लिहाज से बेहद सुरक्षित हैं। अपवाद को छोड़ दें तो योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव अमूमन शांतिपूर्ण तरीके से होते हैं। बिहार में भी स्थिति कुछ ऐसी ही हो चली है, लेकिन बंगाल के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। ममता बनर्जी की सत्ता आने के बाद वहां की हिंसक घटनाओं ने वाम सरकार के कार्यकाल को भी पीछे छोड़ दिया है। वहां चुनावों के दौरान बम, गोली चलना, हिंसा और हत्या होना आम बात है। बीता लोकसभा चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। कई जिलों में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच गोली-बम चले। राजनीति से जुड़े कई लोगों की हत्यायें हुईं। बंगाल पुलिस पूरी तरह नकारा साबित हुई, लेकिन इस बात की चर्चा ज्यादा नहीं हो पायी, क्योंकि वाम विचारधारा आज भी मीडिया हाउसों में हावी है। उसके मुकाबले दक्षिणपंथी विचारधारा के लोग मीडिया में बेहद कम तादात में हैं। वाम विचारधारा का इको सिस्टम आज भी दक्षिण पंथ पर हावी है। यह इको सिस्टम कांग्रेस एवं कांग्रेस से निकले या उसके सहयोगी दलों के हितों के लिये काम करता है। भाजपा सरकारों के खिलाफ यह सिस्टम पूरी तरह सक्रिय हो जाता है। ऐसा ही कोलकाता के आरजी कर अस्पताल मामले में हो रहा है। मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट महिला डाक्टर के साथ हुई वीभत्स अमानवीय बलात्कार एवं हत्या की घटना बेहद निंदनीय है, लेकिन इको सिस्टम पश्चिम बंगाल सरकार को बचाने में जुटा है। मणिपुर हो, बिहार हो, यूपी हो, केरल हो या फिर कोई भी राज्य हो, इस तरह की घटनाओं को किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। मेरा व्यक्तिगत मानना है कि बलात्कार एवं हत्या करने जैसे जघन्य अपराधों में फैसला ऑन स्पॉट होना चाहिए, हालांकि कानूनी तौर पर इसे जायज नहीं माना जायेगा, फिर भी ऐसे अपराध करने वालों को कुछ अलग सजा तो मिलनी ही चाहिए। अब कोलकाता की घटना को लेकर देश भर में उबाल है। विदेशों में भी इस जघन्य कांड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। ममता बनर्जी की सरकार पर उंगली उठ रही है। उनकी पुलिस पर कुछ लोगों को बचाने के आरोप भी लग रहे हैं। ऐसा इसलिये कि रेजिडेंट डाक्टर के बलात्कार एवं हत्या की घटना का विरोध कर रहे अस्पताल के डाक्टरों पर सात हजार लोगों की भीड़ हमला कर रही है, और कोलकाता पुलिस इसे रोकने में असफल है। उसका खुफियातंत्र फेल है। उसे पता ही नहीं चलता है कि सात हजार लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई है। जाहिर है, बिना सरकारी सहयोग के इतनी भीड़ अस्पताल तक नहीं पहुंच सकती है। आरोप यह भी है कि सबूत मिटाने की कोशिश के तहत यह हमला कराया गया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस पर गंभीर टिप्पणी भी की है। इस टिप्पणी पर शर्मिंदा होने की बजाय ममता बनर्जी अपनी सरकार में न्याय की मांग करते हुए जुलूस निकालने की नौटंकी कर रही हैं। आखिर किससे न्याय मांग रही हैं, जबकि वह राज्य की मुखिया हैं। ममता बनर्जी अपनी असफलता छुपाने के लिये नाटक करती हैं, और इको सिस्टम इसे वाहवाही में बदलने की कोशिश करता है। कल को देश भर के मुख्यमंत्री अपने राज्य में होने वाली घटनाओं को लेकर ऐसे ही जुलूस निकालने लगे तो फिर राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखने की जरूरत ही क्या है हर जघन्य हत्या के बाद मुख्यमंत्री जुलूस निकाल कर न्याय मांग लेगा। कानून-व्यवस्था बनाये रखने के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार एवं ममता बनर्जी पूरी तरह फेल हैं, लेकिन इको सिस्टम इस जघन्य कांड का तुलना दूसरे राज्यों से करके उनको सेफ करने में जुटा हुआ है। यूपी में होने वाली छोटी से छोटी घटना पर विधवा विलाप करने वाले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को अब तक पश्चिम बंगाल जाने का मौका नहीं मिला है। इको सिस्टम सबको बचाने में लगा हुआ है। कहीं मजबूरी में लिखना भी पड़ रहा है तो दूसरे राज्यों की घटनाओं से तुलना कर कोलकाता के जघन्य कांड को हल्का करने का प्रयास किया जा रहा है। बंगाल के हालात का एक उदाहरण बताता हूं। जुलाई महीने के तीसरे रविवार की शाम थी। हम पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में थे। साथ में पांच साथी और थे। हम लोग फुटकर में कुछ किलो चायपत्ती खरीदने की गरज से एक चाय फैक्टरी सामने खड़े थे। रविवार होने की वजह से फैक्टरी सामान्य तौर पर ग्राहकों के लिये बंद थी, लेकिन चायपत्ती उत्पादन का काम जारी था। मशीनें चल रही थीं। मैनेजर साप्ताहिक अवकाश की वजह से फैक्टरी के पास में ही स्थित अपने घर पर थे। एक साथी के अतिरिक्त टेलीफोनिक प्रयास से मैनेजर आधा घंटे में फैक्टरी पर आ गया। हम सभी ने चायपत्ती के बारे में उससे ढेर सारी जानकारी प्राप्त की। कुछ सवाल किये, कुछ जिज्ञासा प्रकट की। मैनेजर ने यथा संभव सभी के जवाब देकर हमें संतुष्ट करने का प्रयास किया। उसने हमलोगों को शानदार चाय भी पिलायी। चायपत्ती की खूबियों को समझने के बाद हमलोगों ने लगभग 20 किलो चायपत्ती का आर्डर दे दिया। चायपत्ती का ऑर्डर देने के बाद साथी पत्रकार भारत सिंह ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को समझने की गरज से मैनेजर से पूछा यहां कौन सा दल सबसे बढ़िया है वामपंथ एवं कांग्रेस के खत्म होने के बाद तो अब असली लड़ाई भाजपा और टीएमसी में ही रह गयी है यह सवाल सुनते ही मैनेजर के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगी। उसने बहुत ही दीनहीन भाव और धीमी आवाज में कहा, ''भाई साहब, इधर राजनीतिक बात मत कीजिये। हमलोगों के लिये मुश्किल हो जायेगी। फैक्टरी परेशानी में आ जायेगी। इधर टीएमसी के समर्थक भी काम कर रहे होंगे, उन्होंने सुन लिया तो दिक्कत हो जायेगी।'' बंद केबिन में उसका डर देखकर हम सभी लोग भौचक्क रह गये कि यह कैसा राज्य है।

> *दरअसल, यह उस राज्य की हकीकत है, जिसके बारे में प्रचारित किया जाता है कि बहुत उम्दा प्रदेश है। बंगाल में खुलकर राजनीतिक बात करना खुद की जान जोखिम में डालने के बराबर है। जलपाईगुड़ी में तो बड़ी संख्या बाहर से आकर बसे चाय बागान मजदूरों एवं आदिवासियों की है।*

# सामाजिक समरसता से बनेगा सशक्त भारत

(प्रो. संजय द्विवेदी)

यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे समता, ममता और समरसता हमारे भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है। हम जिस देश में रहते हैं उसके ऋषि कहते हैं- 'सर्वभूतहिते रताः।' प्रकृति से साथ हमारा संवाद बहुत पुराना है। इसलिए हमने अपनी समूची सृष्टि को स्वीकारा। किसी को विरोधी नहीं माना। पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, वनस्पतियां, जलचर, नभचर, जीव-जंतु, मनुष्य सबमें ईश्वर का वास मानने वाले हम ही हैं। हम ही कह पाए जो जड़ में है वही चेतन में है। कण-कण में ईश्वर का वास मानने वाली संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है। काल के प्रवाह में विचलन स्वाभाविक है। आज हमें समता, समरसता और अधिकारों की बात करनी पड़ रही है। सुधारों की बात करनी पड़ रही है, क्योंकि विचलन ने हमें उन मूल्यों से विरत कर दिया, जहां एक आदमी को ईश्वर बन जाने की स्वतंत्रता थी। आदमी का मनुष्य बनना और फिर देवत्व की तरफ बढ़ना साधारण नहीं है। उसके मूल्यनिष्ठ होते जाते की मुनादी है, घोषणा है। ऋषि कहते हैं- 'मर्नु भवः' यानि मनुष्य बनो। यही बाद बाद में गालिब के मुंह से निकलती है- यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। मनुष्य-मनुष्य में भेद को हमने अपराध माना। इसीलिए गुरू घासीदास कहते हैं- मनखे-मनखे एक हैं। इसी बात को गांधी छुआछूत के संदर्भ में कहते हैं- अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है। हिंदू समाज में आई जड़ता को तोड़ने के लिए समय-समय पर सुधारवादी आंदोलन चलते रहे हैं। हिंदु स्वयं एक ऐसा समाज है, जिसने अपने आत्मसुधार के लिए निरंतर यत्न किए हैं। हम सब ऋषियों की संतति हैं यह भाव लेकर काम करते रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, कबीर, नानक, गुरू गोरखनाथ, गुरू घासीदास, संत रविदास से लेकर एक पूरी परंपरा जड़ताओं और कुरीतियों पर प्रहार करते हुए आत्मालोचन के लिए प्रेरित करती रही है। समय के सच को समझना और अपने समय के कठिन सवालों से जूझना हिंदुत्व की प्रकृति रही है। गुलामी के कालखंड में आई कुछ नकारात्मक वृत्तियों को समाप्त करने के लिए राजा राममोहन राय, महात्मा गांधी, बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, पंडित सुंदरलाल शर्मा जैसे अनेक नायक हमारे समाज में समरसता के मंत्रदृष्टा बनकर आते रहे हैं। कोई भी समाज कुरीतियों से मुक्त नहीं है। हर समाज में समय के साथ कुछ गिरावट आती है। मूल बात यह है कि क्या समाज अपनी गिरावट के विरूद्ध तनकर खड़ा होता है या नहीं। उसमें आत्मालोचन और आत्मसमीक्षा की प्रवृत्ति है या नहीं। हिंदु समाज इस अर्थ में खास है कि उसने प्रश्नाकुलता को समाज में मान्यता दी है। वह सती प्रथा, बाल विवाह, छूआछूत, जातीय विद्वेष के विरूद्ध खड़ा हुआ और स्त्री शिक्षा, स्त्री को न्याय,मनुष्य की बराबरी के मानकों को स्वीकार करते हुए एक नया भारत बनाने की ओर है। समाज में 'जातिद्वेष' मान्यता नहीं है। हम मानते रहे हैं कि जाति का गौरव होना चाहिए किंतु जाति भेद ठीक नहीं। हमारे अनेक ऋषि व्यास, बाल्मीकि, संत रविदास, संत रसखान हमारे श्रद्धास्थान हैं। क्योंकि हमें बताया गया और हमने माना भी कि जाति-पात पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। हमारी परंपरा के सर्वोच्च नायक भगवान श्रीराम के समरसता इन्हीं गुणों से मर्यादा पुरूषोत्तम बने। अपनी उदार भावनाओं से वे 'शबरी के राम' हैं तो 'बाल्मीकि के भी राम' हैं। वे तुलसी के राम हैं तो कबीर के भी राम हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5471


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5470

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 5471



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. हिंदी और उर्दू के भारतीय लेखकों में अद्वितीय लेखक (मूल नाम धनपत राय श्रीवास्तव ने 8 अक्टूबर 1936 को इस दुनिया से अलविदा कहा) (4)
5. पदक, मैडल (3)
6. सहसा, अकस्मात, यकायक (4)
8. चाप, धनुष, प्रबंधालय, डी (3)
9. सारा के सारा, समस्त, पूरा (2)
10. अंतरात्मा, मन, कानशंस, हृदय (3)
12. बर्फ शब्द का अपभ्रंश (3)
13. लगातारघंटा बजने से होने वाला टन-टन शब्द (4)
15. स्याही को अंग्रेजी में यह कहते हैं (2)
17. पदार्थ का मुख्य और मूल अंश, सत, यथार्थ बात (2)
18. न टलने वाला, अटल, स्थाई (3)
19. हवा, समीर, समीर (3)
20. नामकरण करना, नाम कर्म करना, नाम देना (4)

**ऊपर से नीचे**
1. प्रेत का स्वामी होने के कारण यमराज को यह भी कहते है (4)
2. मेरा या मेरी (2)
3. स्वस्थ्य करना, नीरोग करना (5)
4. 1962 की निर्देशक मेहबूब खान की फिल्म जिसमें मास्टर साजिद, और कुमकुम आदि की भूमिकाऐं थी (7)
6. बिगाड़, झगड़ा, झंझट (4)
7. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
11. लंबाई नापने हेतु दार्शनिक प्रणाली की एक ईकाई (3)
14. छूकर पता लगाना, तलाश करना, मन की थाह लेना (4)
16. किनाने पर, पास, समीप, मेड (3)
17. तमस्या, पुरानी फिल्मों की एक दिवंगत अभिनेत्री (3)
18. स्त्री, नारी (3)

### वर्ग पहेली 5470 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | ग | म | अ | ख्त | र | | स |
| गु | म | ना | म | | त | ब | ला |
| ना | क | | र | ट | ना | | मी |
| ह | | शा | ना | | र | दी | |
| | श | प | थ | | | ना | ता |
| ओ | ह | दा | | य | | पा | ना |
| | ना | ता | क | ती | | ठ | |
| रा | ई | | ला | म | | क | र्म |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और मन शक्ति और उत्साह से भरा रहेगा। ऐसे अनावश्यक खर्चे आपके सामने आएंगे कि आपको न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी प्रोन्नित रूकी हुई है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। शाम को परिवार के लोगों के साथ किसी शुभ कार्य में जाएंगे और आपको खुशी होगी।

### वृष
आज भाग्य साथ देगा और आज आपके परिवार का नाम रौशन होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। काम में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपके सुख में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्य में आपका मन लगेगा। सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा और योजनाएं सफल होंगी।

### कर्क
आज करियर में लाभ का दिन है और आपका मन अच्छे काम में लगेगा। आपके ज्ञान में वृद्धि होगी और आप बुद्धि विवेक से नई-नई खोज कर पाएंगे। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी और शाम का वक्त आनंद में बीतेगा। शाम के वक्त आपकी सेहत में गिरावट आ सकती है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास कर सकते हैं।

### सिंह
आज लाभ का दिन है और आपके सुख सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसनन होगा। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपको किसी काम को पूरा करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

### मिथुन
आज लाभ का दिन है और आपके सुख में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपके पद और अधिकारों में वृद्धि होगी। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आपके सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। शाम से लेकर रात का समय आनंद में बीतेगा।

### कन्या
आज लाभ होगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा। जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि हो सकती है। भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए कार्य में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। आगे चलकर लाभ होगा। संतान के सुख में प्रयासों में सफलता मिलेगी।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा। कोई मुकदमा चल रहा है तो उसका फैसला आपके हित में आ सकता है और आपको शीघ्र ही इस मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि हो सकती है और आपका प्रमोशन भी हो सकता है। रात्रि का समय गाने बजाने और मौज मस्ती में बीतेगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### वृश्चिक
आज करियर में सफलता का दिन है। आपके सुख सम्मान में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपको सेहत को लेकर काफी कुछ भागदौड़ करनी पड़ सकती है और परिवार के लोगों के साथ कुछ विवाद हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र के मामले में किसी की सलाह मानने से पहले उस पर अच्छे से सोच लें। रात्रि में अधिक तीखा भोजन न करें।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं। आप अपनी शानशौकत के लिए धन का अपव्यय कर सकते हैं। कोई भी काम बहुत संभलकर करें। आप दूसरों के काम के लिए काफी दौड़भाग करेंगे और अपना काम मन लगाकर करेंगे। इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। रात में खानपान को लेकर सावधान रहें।

### कुंभ
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। बिजनस में निवेश बढ़ाने का फैसला न लें वरना आपको नुकसान हो सकता है। कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। शाम से लेकर रात तक तक भी छोटे-मोटे कष्ट और दौड़भाग हो सकती है। मानहानि की संभावना बनी रहेगी। आपको किसी कारण से शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### धनु
आज लाभ होगा और आपके अच्छे आचरण से ऑफिस और परिवार के लोग आपसे प्रसन्न होंगे और आपकी हर मामले में मदद करेंगे। आपको कोई विशेष सफलता मिलने से हर्ष होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। नौकर-चाकर और भौतिक सुख में वृद्धि होगी और आप अपना दिन आराम से बिताएंगे। आमदनी के नए जरिए बनेंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज दिन आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ बड़े परिवर्तन हो सकते हैं। नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार में वृद्धि होगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपको लाभ होगा और सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# सपा-कांग्रेस का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा एससी एसटी विरोधी रहा : मायावती



**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस और सपा पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा व कांग्रेस का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा एससी एसटी विरोधी रहा है। बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि सपा व कांग्रेस आदि ये एससी एसटी आरक्षण के समर्थन में तो अपने स्वार्थ व मजबूरी में बोलते हैं, किन्तु मा. सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 1 अगस्त 2024 के निर्णय में एससी एसटी आरक्षण के वर्गीकरण व क्रीमी लेयर को लेकर अभी तक चुप्पी साधे हैं जो उनकी यह आरक्षण विरोधी सोच है। ऐसे में सजग रहना जरूरी।

उन्होंने आगे कहा कि सपा व कांग्रेस आदि का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा एससी एसटी विरोधी रहा है, जिस क्रम में भारत बंद को सक्रिय समर्थन नहीं देना भी यह साबित करता है। वैसे भी आरक्षण सम्बंधी इनके बयानों से यह स्पष्ट नहीं है कि ये कोर्ट के फैसले के पक्ष में हैं या विरोध में। ऐसी भ्रम की स्थिति क्यों?

बसपा प्रमुख ने कहा कि अब सपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियां आदि आरक्षण के विरुद्ध फिर से अन्दर-अन्दर एक लगती हैं, तो फिर ऐसे में केवल एससी-एसटी ही नहीं, बल्कि अन्य ओबीसी को भी अपने आरक्षण व संविधान की रक्षा तथा जातीय जनगणना की लड़ाई अपने ही बल पर बड़ी समझदारी से लड़नी है।

इसके पहले मायावती ने कहा कि एससी/एसटी आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर का नया नियम लागू करने के माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 1 अगस्त 2024 के निर्णय के विरुद्ध जन अपेक्षा के अनुसार पुरानी व्यवस्था बहाल रखने के लिए केन्द्र द्वारा अभी तक भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना अति दुःखद व चिंताजनक है।

उन्होंने आगे लिखा था कि इसको लेकर 21 अगस्त के भारत बंद के बावजूद अगर केंद्र इसमें जरूरी सुधार के लिए गंभीर नहीं तो यह सोचने वाली बात है। पहले मा. कोर्ट में लचर पैरवी और अब इसको लेकर संविधान संशोधन बिल नहीं लाने से साबित है कि बीजेपी का एससी/एसटी आरक्षण विरोधी रवैया पूर्व की तीव्रता के साथ बरकरार है।

## संक्षिप्त समाचार

### हमेशा से मेरे दिल में जन्माष्टमी की खास जगह : अक्षय खरोड़िया

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स के कलाकारों ने बताया कि वे भगवान कृष्ण का जन्मदिन कैसे मनाते हैं। कलर्स के 'सुहागन' में वेदांत की भूमिका निभा रहे अक्षय खरोड़िया कहते हैं, हमेशा से मेरे दिल में जन्माष्टमी की खास जगह रही है। इससे मेरे बचपन की यादें ताज़ा हो जाती हैं, जब मैं और मेरे दोस्त हमारी सोसायटी में भगवान कृष्ण की मूर्ति लाते थे, और पूरी सोसायटी साथ मिलकर पूजा करती थी। मैं अभी भी मानव पिरामिड में सबसे ऊपर चढ़ने और हांडी फोड़ने के उत्साह को महसूस कर सकता हूं। अब, हमारे सेलिब्रेशन ज़्यादा घनिष्ठ हो गए हैं - घर पर एक छोटी सी पूजा और सेट पर मेरे सुहागन परिवार के साथ एक विशेष उत्सव। इसके बाद भी, इस त्योहार की खुशी और भावना अभी भी वैसी ही है। मेरी कामना है कि इस खूबसूरत दिन पर आप सभी को भगवान कृष्ण का आशीर्वाद मिले। वह आपके जीवन को शांति और समृद्धि से भर दें। हैप्पी जन्माष्टमी! कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में अदित की भूमिका निभा रहे नमन शॉ कहते हैं, मेरे गृह नगर, कोलकाता में मेरे परिवार में एक परंपरा है जहां इस शुभ दिन पर बुजुर्ग आधी रात तक उपवास करते हैं, महा आरती करते हैं और भगवान कृष्ण की मूर्ति को झूला झुलाते हैं। मुंबई में, मैंने पूजा करने के लिए अपने परिवार के साथ यहां इस्कॉन मंदिर जाने की परंपरा को जारी रखा है। इस साल, मैं मंगल लक्ष्मी के सेट पर जन्माष्टमी मनाने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि उस दिन हमारी शूटिंग का शेड्यूल रहेगा।

### वृंदावन में सोम-चन्द्रिका' पोशाक धारण करेंगे राधा-कृष्ण



**वृंदावन, एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि में अजन्मे का जन्मोत्सव 26 अगस्त को भव्य रूप से मनाया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि ठाकुरजी के श्रृंगार, पोशाक, मंदिर की साज-सज्जा एवं व्यवस्थाएं नयनाभिराम होंगी। कंस के कारागार के रूप में प्रसिद्ध श्रीगर्भ-गृह एवं कृष्ण चबूतरा की साज-सज्जा भक्तों को द्वापरकालीन कंस के कारागार की अनुभूति कराये, ऐसी तैयारियां चल रही हैं। कारीगरों द्वारा कृष्ण चबूतरा एवं गर्भगृह को कारागार के रूप में सजाया जा रहा है।

भगवान केशवदेव, श्रीगर्भगृह, राधा कृष्ण एवं योगमाया के श्रीविग्रह के लिए जरदोजी का कार्य, रेशम, जरी, रत्न-प्रतिकृति आदि के साथ सिल्क के वस्त्रत् पर किया जा रहा है। ठाकुरजी दिव्य मुकुट धारण करेंगे, भगवती योगमाया स्वर्ण मुकुट धारण कर दर्शन देंगी। राधा कृष्ण 'सोम-चन्द्रिका' पोशाक धारण करेंगे। नवरत्न जड़ित स्वर्ण कण्ठा भी ठाकुरजी को धारण कराया जायेगा। ठाकुरजी की पोशाक को 25अगस्त की शाम 6:00 बजे शोभायात्रा निकाल कर अर्पित की जाएगी।

### राजस्थान भाजपा में कलह, राजेंद्र राठौड़ समर्थकों ने खोला मोर्चा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के समर्थकों ने प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एक साथ 12000 से ज्यादा लोगों ने राठौर नहीं तो बीजेपी नहीं हैशटैग के साथ पोस्ट किया तो यह संदेश दिन भर ट्रेंडिंग पर बना रहा। हालात यह थे कि देर रात होते ही खुद राजेंद्र राठौड़ को सफाई भी देनी पड़ी और समर्थकों के इस विरोध पर पार्टी से माफी मांगी। दरअसल, दो दिन पहले भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर जयपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला छोड़कर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ बीच में ही बाहर चले गए। राठौड़ के इस तरह से बीच कार्यशाला से चले जाने पर प्रदेश प्रभारी ज्यादा मोहनदास अग्रवाल ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे संगठन की अनुशासनहीनता मानते हुए प्रदेश अध्यक्ष से रिपोर्ट मांगी।

## बिहार में रिकॉर्ड तोड़ महंगाई

# बेरोजगारी, गरीबी और अपराध के लिए कौन है जिम्मेदार : तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राज्य मे बढ़ते अपराध को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, बिहार में व्याप्त इस रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अपराध के जिम्मेदार कौन है? तेजस्वी यादव ने शनिवार को महंगाई, बेरोजगारी और अपराध को लेकर डबल इंजन की सरकार पर सवाल उठाए। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा- महंगाई के मामले में देश भर में बिहार सबसे टॉप पर हैं। देश में सबसे अधिक गरीबी, बेरोजगारी और अपराध बिहार में है।

उन्होंने आगे कहा, नीति आयोग के सतत विकास सूचकांक में सबसे नीचे बिहार है तथा आमदनी गरीबी उन्मूलन में सबसे नीचे बिहार है। शून्य भूखमरी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और लैंगिक समानता में भी सबसे पीछे बिहार है।

उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। 15 वर्षों से अधिक बिहार में एनडीए की सरकार है और 10 वर्षों से केंद्र में इनकी डबल इंजन की सरकार है। हमारे बीच के 17 महीनों के सेवाकाल में ही नौकरी-रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में रिकॉर्ड तोड़ नियुक्तियां एवं अप्रत्याशित विकास कार्य हुए। तेजस्वी यादव ने आगे सवालिया लहजे में कहा कि लगभग दो दशक बाद भी आखिर कब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा दूसरों के ऊपर दोष मढ़ अपनी जिम्मेदारी से भागते रहेंगे। आखिर देश में सबसे अधिक बिहार में व्याप्त इस रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अपराध के जिम्मेदार कौन है? उन्होंने सवाल किया कि आखिर कब तक नीतीश कुमार अपनी सत्तालोलुप्ता, स्वार्थपूर्ति व अनैतिक असैद्धांतिक पलटा-पलटी का शिकार बिहार को बनाते रहेंगे?

# ला-दारचा मेले में महकी प्राकृतिक एवं पारंपरिक उत्पादों की खुशबू



**काजा, एजेंसी।** पर्यटन एवं धार्मिक स्थल काजा में आयोजित ला-दारचा मेले में जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार प्राकृतिक उत्पादों की खुशबू महकने लगी। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए जाइका वानिकी परियोजना के तीन स्टाल लगाए गए। जिसमें स्पीति की पारंपरिक गर्म वस्त्र, छरमा की चाय, छरमा का जूस, गलीचा, सूखे सेब समेत अन्य प्राकृतिक उत्पाद प्रमुख हैं। यहां पहुंचे सैलानियों से लेकर स्थानीय लोगों के लिए प्राकृतिक उत्पाद उनकी पहली पसंद बन गई। मेले के पहले दिन लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के स्टाल पर पहुंची, जहां पर उन्होंने उत्पादों की जमकर तारीफ की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जाइका वानिकी परियोजना के प्रयासों की सराहना की।

अनुराधा राणा ने निकलम स्वयं सहायता समूह डंखर द्वारा तैयार किए पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े निकलम स्वयं सहायता समूह डंखर, यातो जोम्सा सवयं सहायता समूह देमुल, किथलिंग स्वयं सहायता समूह क्यूलिंग, जोम्सा स्वयं सहायता समूह क्यूलिंग और सेमथुन स्वयं सहायता समूह लंगजा द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की अच्छी ब्रिकी हो रही है। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी वण्य प्राणी स्पीति मंदार उमेश जेवरे, सहायक अरण्यपाल चमन लाल ठाकुर, वन रक्षक कमल किशोर, विषय वस्तु विशेषज्ञ आशुतोष पाठक, क्षेत्रीय तकनीकी इकाई समन्वयक ताबो छोड़न बोद्ध, क्षेत्रीय तकनीकी इकाई समन्वयक काजा मीनाक्षी बोद्ध समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र सीएम पद के लिए शरद पवार की ना, कहा- मुझे कोई दिलचस्पी नहीं



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र चुनाव को लेकर दोनों गठबंधनों में सुगबुगाहट तेज हो गई है। एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने मुख्यमंत्री पद के दावेदार बनने को लेकर कहा है कि उनकी इस पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी को मुख्यमंत्री पद से ज्यादा महायुति गठबंधन को हराने पर ध्यान देना चाहिए। दरअसल, मुख्यमंत्री पद का सवाल तब सामने आया जब पवार के गठबंधन सहयोगी शिवसेना और कांग्रेस ने कहा कि महा विकास अघाड़ी को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार पेश करना चाहिए। इस पर पवार ने कहा कि मेरी पार्टी कोई इस पद में दिलचस्पी नहीं रखता। पहले हमें सत्ता में आना होगा उसके बाद हम यह तय कर लेंगे। पवार ने अपनी पार्टी के लिए बोलते हुए कहा कि हम किसी को मुख्यमंत्री पद के लिए पेश नहीं कर रहे हैं और हमें इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले ही मुख्यमंत्री पद के लिए किसी को आगे करने का कोई मुद्दा अभी नहीं है।

**सीटों के बंटवारे को लेकर हुई बैठक, लेकिन अभी तय नहीं:** आगामी विधान सभा चुनाव के लिए गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर शरद पवार ने कहा कि तीनों पार्टियों ने मिलकर सीट बंटवारे पर एक राय बनाने के लिए बैठक की थी लेकिन बदलापुर की घटना के बाद बैठक का एजेंडा बदल गया। हम 27 अगस्त को फिर से मिलेंगे और चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर काम करेंगे। मुझे उम्मीद है कि उस दिन सीट बंटवारे को लेकर सभी समस्याएं सुलझ जाएंगी, जिससे उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए अधिक समय मिल सके।पवार ने कहा कि मुझे लगता है कि लेफ्ट पार्टियों को भी इस चुनाव में महाविकास अघाड़ी में शामिल होना चाहिए, जिससे हमें सत्ता में बैठे महायुति गठबंधन को उखाड़ फेंकने में मदद मिले।

**विपक्षी नेता शामिल होना चाहते हैं लेकिन अभी उन पर कोई फैसला नहीं:** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी नेता लगातार उनसे मिल रहे हैं और उनसे अपनी तरफ मिलाने के लिए कह रहे हैं लेकिन अभी उन्हें पार्टी में शामिल करने को लेकर कोई विचार नहीं किया गया है।

# अमित शाह के सवालों का सही समय पर देंगे जवाब : तारिक हमीद कर्रा



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने कहा है कि भाजपा नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सवालों का सही समय पर सही जवाब दिया जाएगा।

गौरतलब है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ कांग्रेस के चुनावी गठबंधन पर अमित शाह ने कांग्रेस से 10 सवाल पूछे थे। तारिक हमीद कर्रा ने शुक्रवार को अपनी पार्टी की बैठक के बारे में बताया कि इसमें पहले चरण में होने वाले 24 सीटों के बारे में चर्चा की गई और पार्टी का टिकट मांगने वाले दावेदारों के नामों पर मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जल्द ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेगी। इसके बाद अगले चरण के लिए उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया जाएगा।

अनुच्छेद 370 के संबंध में नेशनल कॉन्फ्रेंस के रुख पर कांग्रेस पार्टी का विचार पूछे जाने पर पीसीसी अध्यक्ष कर्रा ने कहा किसही समय आने पर पार्टी अपने विचार को प्रकट करेगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस का अपना एजेंडा है, जबकि नशनल कॉन्फ़्रेन्स का अपना अलग एजेंडा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा की नीतियां जन विरोधी हैं, इसलिए हमने इन नीतियों का विरोध करने वाले समान विचारधारा के दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस पार्टी भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी।

## नई पार्टी बनाने के पहले गांव-गांव घूम रहे चंपई, हेमंत ने भी उनके इलाके में विधायकों के साथ की बैठक

**रांची, एजेंसी।** राज्य के सीएम हेमंत सोरेन और उनके सबसे बड़े विश्वस्त रहे चंपई सोरेन के बीच सुलह के दरवाजे अब लगभग पूरी तरह बंद हो गए हैं। परिस्थितियां ऐसी बन गई हैं कि राज्य के कोल्हान प्रमंडल की धरती पर अब दोनों के एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। चंपई सोरेन ने फिलहाल हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है, लेकिन अब वह न तो अपने कार्यालय जा रहे हैं और न ही किसी सरकारी कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। 20 अगस्त की देर रात दिल्ली से लौटने के बाद वह लगातार अपने क्षेत्र में बने हुए हैं। वह गांव-गांव का दौरा और समर्थकों के साथ बैठक कर नया संगठन खड़ा करने की कवायद में जुटे हैं। शुक्रवार को भी उन्होंने गम्हरिया में एक होटल के सभागार में महिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

## हरियाणा में महिलाओं को बांटे गए सूट, घड़ी व रजिस्टर, भाजपा पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप



**अंबाला, एजेंसी।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद से आदर्श आचार संहिता लागू है। इसके बावजूद अंबाला में मंत्री असीम गोयल की तस्वीर लगे थैलों में महिलाओं को सूट, घड़ी, रजिस्टर, पेन आदि वितरित किये जा रहे हैं। विपक्ष ने मामले की शि?कायत चुनाव आयोग से करने की बात कही है। महिलाओं का समूह गांवों और वार्डों में जाकर इसे बांट रहा है। इसे राखी के शगुन के तौर पर घर-घर पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि यह सूट उन्हें रक्षाबंधन के शगुन के तौर पर भेजा गया है।

वहीं आम आदमी पार्टी ने इस मामले को लेकर चुनाव आयोग में शिकायत की बात कही है। आप नेता केतन शर्मा ने कहा कि यह बेहद शर्म की बात है कि मंत्री असीम गोयल लोगों को प्रलोभन देने का काम कर रहे हैं। भाजपा ने अगर पिछले 10 सालों में विकास का काम किया होता, तो आज यह नौबत नहीं आती। सुनने में आ रहा है कि राखी के बदले महिलाओं को गिफ्ट दिया गया है। केतन शर्मा ने कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इस तरह के काम भाजपा को नहीं करना चाहिए। हम चुनाव आयोग से इस संबंध में शिकायत करेंगे। हम इस मामले में हाईकोर्ट में रिट भी डालेंगे। बता दें कि हरियाणा में नई सरकार के गठन के लिए 1 अक्टूबर को सभी 90 सीटों पर मतदान होगा। वहीं, 4 अक्टूबर को चुनावी नतीजे घोषित किए जाएंगे। चुनावों के लिए अधिसूचना 5 सितंबर को जारी की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में 16 लाख के इनामी दो नक्सलियों का आत्मसमर्पण

## सुरक्षाबलों पर हुए कई हमलों में थे शामिल




**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों को उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली जब संयुक्त रूप से 16 लाख रुपए के इनामी दो नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि मड़कम सन्ना (35) और मड़कम मुया (22) माओवादियों की पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी बटालियन नंबर 1 के सदस्य थे, जो दक्षिण बस्तर में सक्रिय है। इन दोनों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

अधिकारी ने बताया कि इन दोनों ने वरिष्ठ माओवादियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों तथा उनकी अमानवीय और खोखली माओवादी विचारधारा से निराश होकर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। साथ ही उन्होंने बताया कि दोनों नक्सली राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस के पुनर्वास अभियान पुना नरकोम (स्थानीय गोंडी बोली का शब्द, जिसका अर्थ है नई सुबह, नई शुरुआत) से भी प्रभावित हैं। अधिकारी ने बताया कि इनमें से सन्ना सुरक्षाकर्मियों पर हुए कई हमलों में शामिल था, जिसमें 2017 में बुर्कापाल माओवादी हमला भी शामिल है, जिसमें सीआरपीएफ के 25 जवान मारे गए थे और 2021 में टेकलगुडा की घटना भी शामिल है, जिसमें 22 जवान शहीद हो गए थे। जबकि मुया कथित तौर पर पुलिस टीमों पर हमलों में शामिल था। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस, सीआरपीएफ की 219वीं बटालियन की खुफिया शाखा और पड़ोसी ओडिशा पुलिस ने दोनों के आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 25-25 हजार रुपए की सहायता दी गई है और सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा। इससे पहले गुरुवार को धमतरी जिले में एक इनामी नक्सली ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया था। पुलिस के मुताबिक सीतानदी क्षेत्र समिति के सदस्य और नक्सली उप कमांडर अजय उर्फ अघन (26) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया था। इस नक्सली पर 5 लाख रूपए का इनाम घोषित था। इस बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया था कि अजय उर्फ अघन सीतानदी में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के उप कमांडर और क्षेत्र समिति सदस्य के रूप में सक्रिय था।

## विचाराधीन कैदियों को सुप्रीम कोर्ट ने दी बड़ी राहत, नए कानून के तहत मिलेगा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर कीजेलों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 को लागू करने का आदेश दिया है। इसके तहत विचाराधीन कैदियों को लाभ मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहली बार अपराध करने वाले कैदियों ने अगर एक तिहाई सजा पूरी कर ली है तो उन्हें बॉन्ड पर रिहा कर दिया जाए। भारतीय न्याय संहिता की यह धारा विचाराधीन कैदियों को अधिकतम जेल में रखने के बारे में प्रावधान करती है।

बता दें कि इसी साल भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता को लागू किया गया है। एएसजी ऐश्वर्य भाटी के आग्रह पर जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि गिरफ्तारी की तारीख को किनारे करके सभी विचाराधीन कैदियों पर यह धारा लागू होगी। वे इसका फायदा उठा सकते हैं।

बेंच ने जेलों के सुपरिंटेंडेंट से कहा है कि पहली बार के अपराधियों को लेकर वे धारा 479 के तहत काम करना शुरू करें। अगर कैदियों ने एक तिहाई सजा काट ली है तो उन्हें बॉन्ड पर रिहा किया जाए। कोर्ट ने कहा है कि दो महीने के भीतर इस दायरे में आने वाले कैदियों को छोड़ा जाए और इसकी रिपोर्ट राज्य या केंद्र सरकार के संबंधित विभाग को दिया जाए।

# शिखर धवन ने क्रिकेट को कहा अलविदा



## शिखर धवन

| प्रारूप | मैच | रन | शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 34 | 2315 | 7 | 5 |
| वनडे | 167 | 6793 | 17 | 39 |
| टी20 | 68 | 1759 | 0 | 11 |
| IPL | 222 | 6769 | 2 | 51 |

## भावुक संदेश में बोले- दिल में भारत के लिए खेलने का सुकून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** धवन ने 10 दिसंबर 2022 को अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। वनडे प्रारूप का यह मुकाबला चटगांव में खेला गया था। इस मैच धवन महज तीन रन बना पाए थे। इसी तरह धवन ने अपना आखिरी टी20 मैच कोलंबो में 29 जुलाई 2021 को श्रीलंका में खेला था। इस मैच में वे खाता भी नहीं खोल पाए थे। धवन ने अपना आखिरी टेस्ट सितंबर 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेला था। इस मैच की दोनों पारियों में तीन और एक रन बनाए थे।

शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। 37 साल के इस खिलाड़ी ने 2010 में भारत के लिए डेब्यू किया था। अपने 13 साल के करियर में वह 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

संन्यास का एलान करते हुए धवन ने कहा, संन्यास का एलान करते हुए धवन ने कहा कि नमस्कार दोस्तों! आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं, जहां से मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो ढेरों यादें नजर आती हैं और जब आगे देखता हूं तो पूरी दुनिया। मेरी हमेशा से एक ही मंजिल थी इंडिया के खेलना और ऐसा हुआ भी। इसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, मेरा परिवार, मेरे बचपन के कोच तारिक सिन्हा, मदन शर्मा, जिनके अंडर मैंने क्रिकेट सीखी। फिर मेरी टीम जिनके साथ मैं वर्षों तक खेला। एक नया परिवार मिला। नाम मिला। साथ मिला। ढेर सारा प्यार मिला। कहते हैं न कि कहानी में आगे बढ़ने के लिए पन्ने पलटने जरूरी है। बस, मैं भी ऐसा करने जा रहा हूं। मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास का एलान कर रहा हूं।

अब जब मैं इस क्रिकेट यात्रा को अलविदा कह रहा हूं कि तो मेरे दिल में एक सुकून है कि मैं लंबे समय तक देश के लिए खेला। मैं बीसीसीआई और डीडीसीए को भी शुक्रिया कहना चाहूंगा कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं अपने फैंस का भी शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मुझे बहुत प्यार दिया। मैं बस खुद से यही कहता हूं कि तुम इस बात से दुखी मत हो कि अब तुम देश के लिए नहीं खेलोगे, बल्कि इससे खुश हो कि तुम देश के लिए बहुत खेले।

### शिखर धवन का टेस्ट करियर

धवन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में पहला टेस्ट खेला था। 2013 से वह अब तक 34 टेस्ट में हिस्सा ले चुके हैं। धवन को पिछली बार 2018 में टेस्ट मैच में खेलने का मौका मिला था। उन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में 40.61 की औसत से 2315 रन बनाए। इस दौरान सात शतक और पांच अर्धशतक लगाए। धवन का सर्वाधिक स्कोर 190 रन है।

वनडे और टी20 में भी सफल हुए धवन

शिखर ने भारत के लिए पहला वनडे 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेला था। वह 167 मैचों में 6793 रन बना चुके हैं। धवन ने 44.11 की औसत और 91.35 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उनके नाम 17 शतक और 39 अर्धशतक हैं। टी20 करियर की बात करें तो 68 मैचों में धवन ने 1759 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 11 अर्धशतक निकले हैं।

आईपीएल में भी चला है धवन का बल्ला

धवन ने आईपीएल में भी जमकर रन बनाए हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल बल्लेबाजों में एक हैं।

वह सर्वाधिक रन बनाने के मामले में विराट कोहली के बाद दूसरे स्थान पर हैं। धवन ने 222आईपीएल मैचों में 6769 रन बनाए हैं। इस दौरान दो शतक और 51 अर्धशतक लगाए हैं। धवन का औसत 35.26 और स्ट्राइक रेट 127.14 का रहा है।

### 2022 में खेला था आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच

धवन ने 10 दिसंबर 2022 को अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।

वनडे प्रारूप का यह मुकाबला चटगांव में खेला गया था। इस मैच धवन महज तीन रन बना पाए थे। इसी तरह धवन ने अपना आखिरी टी20 मैच कोलंबो में 29 जुलाई 2021 को श्रीलंका में खेला था। इस मैच में वे खाता भी नहीं खोल पाए थे। धवन ने अपना आखिरी टेस्ट सितंबर 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेला था। इस मैच की दोनों पारियों में तीन और एक रन बनाए थे।

## गंभीर, सहवाग, बीसीसीआई का शिखर धवन के संन्यास पर रिएक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार सुबह अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिसके बाद पूर्व खिलाड़ियों और बीसीसीआई ने उनके शानदार क्रिकेट करियर के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं । सोशल मीडिया पर बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने शानदार क्रिकेट करियर को विराम देने का ऐलान किया, जिसमें उन्होंने 269 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 24 शतक (वनडे में 17 और टेस्ट में 7) बनाए। उनका आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच इस साल अप्रैल में इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिए था। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्हें बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, आपके लिए शुभकामनाएं शिखी पा। शानदार करियर के लिए बधाई।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को वर्षों से उनके शानदार योगदान के लिए बधाई दी। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। हम उनके इस फैसले का सम्मान करते हैं और उन्हें आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक्स पर लिखा, शानदार करियर के लिए शिखी को बधाई! मुझे पता है कि आप भविष्य में जो भी करेंगे, उसमें वह खुशी फैलाएंगे!

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, बधाई हो शिखी। जब से आपने मोहाली में मेरी जगह ली है, तब से आपने पीछे मुड़कर नहीं देखा और वर्षों से बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं। आप ऐसे ही मौज-मस्ती करते रहें और जीवन को पूरी तरह से जिएं। हमेशा बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

पंजाब किंग्स ने उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया, रनों, ट्रॉफियों और यादगार पलों को याद किया, साथ ही उनके अगले अध्याय का बेसब्री से इंतजार किया।

पंजाब किंग्स ने एक्स पर लिखा, रन, ट्रॉफी और अनगिनत यादें! रिटायरमेंट की शुभकामनाएं, गब्बर! जीवन की अगली पारी में आपको शानदार प्रदर्शन करते देखने का इंतजार नहीं कर सकता!

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने एक्स पर लिखा, बड़े टूर्नामेंट के लिए एक खिलाड़ी। उसे कभी वह प्रशंसा नहीं मिली जिसका वह हकदार था, लेकिन उसे पता था कि जब तक टीम जीत रही थी, तब तक उसे परवाह नहीं थी कि प्रशंसा किसे मिल रही है। पूरी तरह से टीम मैन। शानदार करियर के लिए बधाई और आपकी दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं। 38 वर्षीय धवन का करियर भारत के लिए 13 साल से अधिक समय तक चला, जिसमें उन्होंने तीनों प्रारूपों में क्रमशः 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैच खेले और 2315, 6793 और 1579 रन बनाए। धवन ने भारत के लिए अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे मैच में खेला था, जबकि उनका अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जुलाई 2021 में श्रीलंका में था। उन्होंने 2019 के बाद से भारत के लिए कोई टेस्ट नहीं खेला है।

## निकोलस पूरन के तूफान में उड़ा साउथ अफ्रीका, स्टब्स की पारी गई बेकार



**नईदिल्ली, एजेंसी।**वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को मात देकर टी20 सीरीज में जीत से शुरुआत की। त्रिनिदाद में खेले गए पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने आग बरसाई जिसमें साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज झुलस गए। ट्रिस्टन स्टब्स की तूफानी पारी भी साउथ अफ्रीका को इस हार से नहीं बचा पाई। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए।

वेस्टइंडीज ने यह लक्ष्य महज 17.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी रही। एलिक एथनाजे और शे होप ने पहले विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। एलिक ने 30 गेंदों में 40 रन बनाए वहीं होप ने 36 गेंदों में 51 रन बनाए। होप ने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाए। इसके बाद निकोलस पूरन बल्लेबाजी करने आए और साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को जमकर कूटा। उन्होंने होप के साथ मजबूत साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 26 गेंदे खेली और 65 रन बना दिए। 250 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने दो चौके और सात छक्के लगाए। इसी कारण टीम ने 13 गेंद पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

## रोहित शर्मा को IPL 2025 में 50 करोड़ मिलना तय!

- ऑक्शन में आते ही होंगे मालामाल, इन दो टीमों ने कसी कमर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होने वाला है. कौन सी टीम किन खिलाड़ियों को रिटेन करेगी, इस तरह के सवाल ऑक्शन के प्रति लोगों के उत्साह को बढ़ा रहे हैं. आईपीएल में मुंबई इंडियंस को बतौर कप्तान 5 खिताब जिताने वाले रोहित शर्मा अगले सीजन के लिए इस टीम के साथ बने रहेंगे या नहीं ये सबसे बड़ा सवाल है. पिछले सीजन में रोहित शर्मा को कप्तानी से हटा दिया गया था. ऐसे में माना जा रहा है कि वह अब टीम से अलग हो सकते है. इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है. आईपीएल की दो टीमों ने रोहित को अपनी टीम में शामिल करने के लिए कमर कस ली है.

आईपीएल 2025 से पहले सभी टीमों को कुछ ही खिलाड़ियों को रिटेन करने की इजाजत मिलेगी. ऐसे में रोहित शर्मा रिलीज होते हैं तो वह ऑक्शन में नजर आएंगे. इसी बीच कुछ रिपोट्स में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा अगर ऑक्शन में आते हैं तो उन पर ऐतिहासिक बोली लगने वाली है. रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स ने रोहित को खरीदने के लिए अलग से 50-50 करोड़ रुपए बचाकर रखे हैं. यानी ये दोनों टीमें रोहित को अपनी टीम में शामिल करने के लिए बड़ी रकम खर्च करना चाहती हैं. हालांकि इस खबर में कितनी सच्चाई ये बताना मुश्किल है.

रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत डेक्कन चार्जेस के साथ की थी. इसके बाद वह 2011 में मुंबई इंडियंस में शामिल हो गए थे. तब से ही वह इसी टीम के लिए खेल रहे हैं. मुंबई की टीम ने आईपीएल 2022 से पहले रोहित को 16 करोड़ रुपए में रिटेन किया था.

## 1 ही टी20 मैच में 3 सुपर ओवर

### क्रिकेट इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाराजा टी20 ट्रॉफी में क्रिकेट के मैदान में 23 अगस्त को गजब को रोमांच देखने को मिला. हुबली टाइगर्स ने तीन सुपर ओवर के बाद रोमांचक जीत दर्ज की. हुबली टाइगर्स ने पहले खेलते हुए 164 रन बनाए. जवाब में बेंगलुरु ब्लास्टर्स भी 164 रन बना सकी. इसके बाद मैच सुपर ओवर में चला गया. संभवतः क्रिकेट इतिहास



में पहली बार एक ही मैच में तीन सुपर ओवर देखने को मिल. चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए इस महाथ्रिलर मुकाबले में हुबली टाइगर्स ने शुक्रवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में महाराजा टी-20 ट्रॉफी के एक बेहद रोमांचक मैच में जीत हासिल की, जिसमें दोनों टीमों के बीच तीन सुपर ओवर तक रोमांच चला. बेंगलुरु ब्लास्टर्स की टीम तीन विकेट शेष रहते निर्धारित समय में हुबली को हराने के लिए शेष छह में से केवल पांच रन ही बना पाई. गणेश्वर नवीन ने 20वें ओवर की पहली ही गेंद पर चौका लगाकर ब्लास्टर्स को बढ़त दिलाई, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए.

इसके बाद एलआर कुमार ने दो डॉट बॉल फेंकी, जिसके बाद लविश कौशल को पांचवीं गेंद पर रिटायर्ड आउट कर दिया गया, जबकि उन्होंने और उनके साथी बल्लेबाज क्रांति कुमार ने एक बाई रन भी लिया. आखिरी गेंद पर एक रन बचाने के लिए क्रांति रन आउट हो गए, जिससे खेल सुपर ओवर में चला गया.

#### पहला सुपर ओवर

बेंगलुरु ब्लास्टर्स के कप्तान मयंक अग्रवाल पहली गेंद पर आउट हो गए, लेकिन अनिरुद्ध जोशी के आखिरी गेंद पर लगाए गए छक्के की बदौलत टीम ने वापसी करते हुए 10 रन बनाए. मनीष पांडे ने टाइगर्स के लिए तीन में से आठ रन की जरूरत के समय एक बड़ा शॉट लगाया, लेकिन जब स्कोर 1 गेंद पर 2 रन रह गया, तो पांडे को गेंदबाज कौशल ने कैच कर लिया, फिर टाइगर्स ने एक रन लेकर सुपर ओवर को बराबर कर दिया.

#### दूसरा सुपर ओवर

पांडे इस बार मनवंत कुमार के साथ ओपनिंग करने उतरे. मनवंत वो खिलाड़ी थे, जिन्होंने इस मैच में 164 रन का बचाव करते हुए 33 रन देकर 4 विकेट चटकाए, इससे पहले उन्होंने 15 गेंदों में 28 रन की पारी भी खेली थी. लेकिन दूसरे सुपर ओवर में, वह और पांडे सिर्फ आठ रन ही बना सके.

इसके बाद तेज गेंदबाज विद्वत कवेरप्पा ने अपनी टीम के लिए शानदार गेंदबाजी की. शुरुआत में एक बाउंड्री देने के बावजूद, उन्होंने सिर्फ चार और रन दिए, जिससे खेल तीसरे सुपर ओवर में चला गया.

#### तीसरा सुपर ओवर का खेल

तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने की. ओपनिंग करने अनिरूद्ध जोशी और शुभांग हेगड़े आए. लेकिन मनवंत ने पहली ही गेंद पर अनिरूद्ध को आउट कर दिया. लेकिन आखिरी गेंद पर शुभांग हेगड़े ने बैकवर्ड पॉइंट पर छक्का लगाकर ब्लास्टर्स का स्कोर 12 रन पर पहुंचा दिया. इसके बाद बारी हुबली टाइगर्स की थी.

ओपनिंग करने मनवंत कुमार और कप्तान मनीष पांडेय आए. गेंदबाजी क्रांति कुमार कर रहे थे. उन्होंने दूसरी गेंद पर चौका लगाकर खेल को आगे बढ़ाया. लेकिन क्रांति ने जोरदार वापसी की और अगली तीन गेंदों पर केवल तीन रन दिए (उनमें से एक अतिरिक्त था). टाइगर्स को अब अंतिम गेंद पर चार रन चाहिए थे और मनवंत ने चौका जड़कर मैच जीत लिया.

## मार्क वुड की रफ्तार का शिकार हुए दिनेश चांदीमल

### बाउंसर पर हुए घायल, पहुंचे अस्पताल



**ओल्ड ट्रैफर्ड , एजेंसी।** श्रीलंका क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन लीड हासिल कर ली है। हालांकि मैच के तीसरे ही दिन टीम को बड़ा झटका लगा। उनके विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश चांदीमल इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड की रफ्तार का शिकार हुए और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा।

श्रीलंका की पारी का 18वां ओवर चल रहा था। क्रिस वुड यह ओवर डालने आए। ओवर की दूसरी गेंद पर स्ट्राइक पर चांडदीमल थे। वुड की 145 किमी प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार से गेंद चांदमल के अंगूठे पर लगी। गेंद लगते ही वह दर्द से कराहने लगे। उनके चेहरे पर उनकी परेशानी साफ दिख रही थी।

ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जा रहे इस मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 358 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड की ओर से उनके युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने शतक जमाया। यह उनके करियर का पहला शतक था। जेमी स्मिथ 148 गेंदों में 111 रन बनाकर आउट हो गए। श्रीलंका की तरफ से पहली पारी में असिथा फर्नांडो ने सबसे ज्यादा 4 विकेट हासिल किए। इसके अलावा प्रभात जयसूर्या ने तीन लिए। विश्वा फर्नांडो ने दो और मिलन प्रियनाथ रथनायके को 1 विकेट मिला।

#### चांदीमल पहुंचे अस्पताल

मैदान पर फीजियो आए और उन्होंने चांदीमल की चोट पर स्पे किया और बैंडज लगाया। चांदीमल ने बल्लेबाजी करने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहे। उनके अंगूठे और अंगुली में सूजन बढ़ गई थी। चांदीमल को वापस जाना पड़ा। उनके जाने के बाद धनंजया डि सिल्वा बल्लेबाजी करने आए। धनंजया डि सिल्वा को अस्पताल ले जाया गया।

### डूरंड कप

## मोहन बागान डूरंड कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में



**जमशेदपुर, एजेंसी।** डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान ने एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट डूरंड कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इधर, बेंगलुरु एफसी ने केरल ब्लास्टर्स को 1-0 से हराते हुए टॉप-4 में जगह बनाई। दिन के अन्य क्वार्टर फाइनल में शिलांग लाजोंग और नार्थईस्ट यूनाइटेड ने भी जीत हासिल की। जमशेदपुर में शुक्रवार को मोहन बागान ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में पंजाब एफसी को सडन डेथ (टाईब्रेकर) में 6-5 से हराया।

इससे पहले मुकाबला तय समय के बाद 3-3 से बराबरी पर रहा। इधर, कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में एक अन्य क्वार्टर फाइनल के आखिरी पलों में पेरेरिया डियाज के गोल के दम पर बेंगलुरु ने केरल ब्लास्टर्स को हराया। मिंस बागान के पहले मौके को भुनाने में चुक गए, लेकिन पंजाब के क्रोएशियाई डिफेंडर नोवोसेलेच के प्रयास को बागान के गोलकीपर विशाल कैथ ने विफल कर दिया।

## पैरालंपिक गेम्स में उतरेंगे भारत के चार गोल्डमेडलिस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस में 28 अगस्त से पैरालंपिक गेम्स की शुरुआत होने वाली है। भारत इस बार 84 खिलाड़ियों का दल पेरिस भेज रहा है जो कि अबतक का सबसे बड़ा दल है। भारतीय खिलाड़ी 25 मेडल्स का लक्ष्य लेकर पेरिस गए हैं। इन 84 खिलाड़ियों में चार ऐसे खिलाड़ी हैं जो कि अपने गोल्ड मेडल का बचाव करने उतरेंगे। इन चार खिलाड़ियों में दो निशानेबाज, एक एथलीट और एक बैडमिंटन खिलाड़ी शामिल हैं। पेरिस समर ओलंपिक में नीरज चोपड़ा अपने गोल्ड का बचाव नहीं कर सके थे लेकिन इन चारों पर अब नीरज का अधूरा काम पूरा करने का मौका है।



#### सुमित अंतिल

सुमित अंतिल पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे। सुमित जैविनथ्रो के एफ 64 कैटेगरी में हिस्सा लेते हैं। इस कैटेगरी में पैर के निचले हिस्से में विकार वाले खिलाड़ियों से संबंधित है जो कृत्रिम (आर्टिफिशियल) पैर का इस्तेमाल करके खड़े होने की स्थिति वाले इवेंट मेंर भाग लेते है।

#### अवनी लेखरा

टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन अवनी लेखरा भी अपने गोल्डा का बचाव करने उतरेंगी। उन्होंने टोक्यो में 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 राइफल इवेंट में गोल्ड और थ्री पॉजिशन इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

#### कृष्णा नागर

कृष्णा नागर भी अपने गोल्ड का बचाव करने उतरेंगे। नागर 2019 वर्ल्ड चैंपियनशिप में पैरा-बैडमिंटन में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। साल 2020 टोक्यो पैरालंपिक में उन्होंने एसएच6 कैटेगरी में गोल्ड मैडल अपने नाम किया।

#### मनीष नरवाल

मनीष नरवाल ने टोक्यो 2020 में भारत का तीसरा स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स॥1 स्पर्धा में गोल्ड जीता था।

इसी इवेंट का सिल्वर भारत के ही सिंहराज अधाना को मिला था। मनीष नरवाल ने फाइनल में 218.2 का स्कोर करके पैरालंपिक रिकॉर्ड कायम किया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# भाजपा का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान एक सितंबर से शुरू, जिले से पांच लाख भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद





भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान एक सितंबर से आरंभ होगा। इस अभियान के तहत पार्टी सभी मोर्चों की सदस्यता का भी विस्तार करेगी। औरंगाबाद जिले में इस अभियान की शुरुआत क्लब रोड स्थित विदेही रिसोर्ट में एक कार्यशाला के रूप में हुई, जिसका आयोजन जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सदस्यता प्रभारी और पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत मंथन किया। प्रदेश सदस्यता प्रभारी जीवेश मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के दौरान जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी संबंधित क्षेत्रों में प्रवास कर इसकी निगरानी करेंगे। मिश्रा ने यह भी कहा कि इस अभियान के माध्यम से सभी वर्गों और समुदायों को भाजपा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, जिससे यह अभियान सर्व समावेशी और सर्वव्यापी बनेगा।

### अभियान से विजय का मार्ग

प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यदि हम सदस्यता अभियान को ईमानदारी से संचालित करते हैं, तो आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को सभी सीटों पर विजय मिलेगी। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान से ही कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है, और कार्यकर्ता ही भविष्य में नेता बनते हैं।

जिला सदस्यता प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि औरंगाबाद जिले में पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि बिहार में एक करोड़ से अधिक सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान विभिन्न तरीकों से नए सदस्य बनाए जाएंगे। मिस्ड कॉल के माध्यम से, क्यूआर कोड स्कैन करके, नमो ऐप के जरिए, भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से एवं पारंपरिक कागजी तरीके से - विशेषकर दूरदराज के इलाकों में सदस्य बनाया या बना जा सकता है। इस अवसर पर सदस्यता टोली की घोषणा भी की गई, जिसमें जिला सदस्यता प्रमुख सतीश कुमार सिंह, सह प्रमुख दीनानाथ विश्वकर्मा, विशाल वैभव उर्फ टैगौर और सारिका शेखर को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस कार्यशाला में जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, बिहार सदस्यता अभियान प्रभारी सह पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा, मंच संचालक एवं जिला महामंत्री रविंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, रामानुज पाण्डेय, कृष्ण बल्लभ सिंह, प्रदेश समिति सदस्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता सिंह, जिला मंत्री धर्मेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्रा सहित जिले के प्रभारी, सभी पदाधिकारी, मंच मोर्चा के पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और मंडल स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इफको बाजार बंद, किसान खाद को लेकर लगा रहे चक्कर




निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)

डीएपी खाद को लेकर लगातार किसान परेशान नजर आ रहे हैं। शनिवार को गोह इफको बाजार मे दर्जनों किसानो ने दिनभर चककर लगाते रहे, लेकिन इफको बाजार नहीं खुला। किसानो ने आरोप लगाया की दो दिन पूर्व हमलोग का पैसा प्रबंधक सौरभ कुमार के पास खाद को लेकर जमा कराया गया, लेकिन हमलोग को खाद नहीं मिला। और वैसे लोगो को खाद दिया गया जो ना तो लाइन मे लगे थे ना हीं पैसा जमा किये थे। आरोप लगाने वाले किसान मे महेश परासी गांव निवासी छोटे लाल शर्मा एवं सोनू शर्मा दोनों किसानो का 15 बोरा का 18 हजार रूपये जमा कराया गया। वही किसान मोहित नारायण, वेणु नारायण दोनों का 12बोरा का 14हजार चार सौ रूपये, अनुराग कुमार व राजा शर्मा का आठ बोरा का नौ हजार छः सौ रूपये व जैतिया गांव के अरुण कुमार मंडल का चार बोरा का अड़तालिस सौ रूपये जमा कराया गया। इन किसानो का आरोप हैं की जमा पैसा का रसीद के बदले कोरा कागज पर मुहर लगाकर थमा दिया गया हैं।जब हमलोग खाद को लेकर गोदाम मे गए तो हमलोग को खाद नहीं दिया गया और अपने अन्य लोगो को खाद दे दिया गया।

प्रबंधक सौरभ कुमार ने कहा की खाद की अनुपलब्धता के कारण इफको बाजार को बंद कर दिया गया हैं, जैसे हीं खाद उपलब्ध हो जायगा तो पैसा जमा करने वाले किसानो के बिच पहले खाद का बितरण किया जायगा।बाद मे अन्य किसानो को खाद मिलेगा। लाइन मे लगे रहने वाले किसानो को हीं खाद दिया गया हैं आरोप बेबुनियाद हैं।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक हुआ घायल

**औरंगाबाद (का.सं.)**।, शहर के फार्म के समीप शुक्रवार की रात तेज रफ्तार से आ रही ऑटो ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनसे सिर में चोट लगी है। डॉक्टर रवि भूषण शर्मा ने घायल का इलाज किया है। घायल की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के अदमां गांव निवासी बाबूलाल यादव के रूप में की गई है। बाबूलाल यादव के साथ रह रहे साथियों ने बताया कि हम लोग देव मोड़ के समीप चल रहे थे। सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी का कार्य करते हैं। इसी बीच हम लोग फार्म से रमेश चौक आने के लिए टेंपू पकड़ रहे थे, तभी ओरा गांव की ओर से आ रही टेंपो ने टक्कर मार दी। डॉक्टर ने बताया कि घायल को सिर और अन्य जगहों पर चोट आई है। जानकारी के अनुसार घायल बाबूलाल यादव देव मोड़ से अपने साथियों के साथ फार्म पर उतरे , उसके बाद रमेश चौक के लिए गाड़ी पकड़ रहे थे। इनके अन्य साथी टेंपो में बैठ गए थे। तभी औरा गांव से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। बताया जाता है कि औरंगाबाद रमेश चौक से घायल ओबरा के लिए टेंपो पकड़ कर घर जाने वाले थे।

### 1610 प्रधानाध्यापकों का रुका वेतन

**औरंगाबाद (का.सं.)**। जिला के 1610 स्कूलों के हेड मास्टर का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। डीपीओ स्थापना की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि जिले के 1610 सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक का वेतन भुगतान अगले आदेश तक रोका गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर 80% से कम स्टूडेंट का डाटा एंट्री किया गया है। जिससे संबंधित प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक की लापरवाही की कारण यह बताई जा रही है। डीपीओ(स्थापना) ने आदेश में यह भी कहा है कि यदि एक सप्ताह के अंदर संबंधित प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक शत-प्रतिशत डाटा एंट्री ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### 31 से हथकरघा उत्पादों का दो दिवसीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन सह प्रदर्शनी

**औरंगाबाद (का.सं.)**। राष्ट्रीय हस्तकरधा विकास कार्यकम(एनएचडीपी) के तहत शहर के महाराजगंज रोड स्थित एक होटल में निदेशक, हैण्डलूम एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना के सौजन्य से एनएचडीपी के तहत औरंगाबाद में संचालित दो कलस्टर कुटुम्बा एवं नबीनगर कलस्टर से संबंधित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन सह प्रदर्शनी का आयोजन 31 अगस्त एवं 01 सितंबर को सुबह 10 बजे से किया जाना है। इस सम्मेलन में बुनकरों द्वारा हस्तकरघा से निर्मित विभिन्न प्रकार के वस्त्र, कम्बल, कालीन, चादर, अंग वस्त्र, सूती वस्त्र एवं अन्य खादी उत्पाद का प्रदर्शनी एवं कय-विक्रय किया जाना है।

### नशा सेवन के आरोप में तीन गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। अंबा पुलिस ने शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेला निवासी अमर कुमार व विक्रांत कुमार तथा अंबा थाना क्षेत्र के महसु निवासी फुलेंद्र राम का नाम शामिल है। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी प्रीतेश कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि तीनों को थाना क्षेत्र के हथबोर के समीप से पकड़ा गया है। मेडिकल जांच में इनके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है।

# जनमाष्टमी के अवसर पर दि चैतन्या पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



शनिवार को दि चैतन्या पब्लिक स्कूल, रामनगर, धबौल रोड पर जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रीकृष्ण के विभिन्न स्वरूपों में सज-धज कर मंच पर प्रस्तुत हुए।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और श्रीकृष्ण की वेशभूषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण और राधा की सुंदर झांकियां थी। बच्चों के मनमोहक प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। आनवी, शानवी, कौशल, अंतुल, रिषभ, अदिति, आशिका और आरूषी को अलग-अलग समूहों में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और भी बढ़ गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों और अन्य स्टाफ ने बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। मंच का संचालन विद्यालय प्रभारी अखिलेश कुमार और अमित द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय समन्वयक सुबोध कुमार सिंह ने किया।

इस आयोजन में शिक्षक नीतीश कुमार, शोभा सिंह, संजना मिश्रा, प्रीति मिश्रा, जीना आफरीन, सलोनी ठाकुर, चांदनी सिंह, बबली कुमारी, सुविज्ञा सिंह, सुनिधि सिंह, और मनीष कुमार ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों के रचनात्मक कौशल को निखारा बल्कि उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की जीवनशैली और शिक्षाओं से भी अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन भक्तिपूर्ण वातावरण और बच्चों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ।

# सैलून दुकान से नगदी समेत हजारों के सामान की चोरी

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)**। हसपुरा बाजार में इन दिनों चोरी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। शुक्रवार की रात भी पुरानी थाना रोड में व्हाइट हाउस के पास स्थित शैलेश ठाकुर के सैलून की दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली।पीड़ित दुकानदार ने थाना में दिए आवेदन में कहा है कि चोर शटर में लगे ताले को तोड़कर दुकान में प्रवेश कर गए और आलमारी के लॉकर को तोड़कर 6100 रूपये नगदी सहित क्रीम वगैरह हजारों रूपये का कीमती सामान चुरा ले गए। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि आवेदन मिला है। सघनता से अनुसंधान जारी है। गौरतलब है कि हसपुरा बाजार में लगातार चोरी की घटनाएं घटित हो रही है। हाल में 20 अगस्त की रात में चोरों ने एक बर्तन दुकान से 20 लाख नगद सहित गहनों की चोरी की थी। 23 अगस्त को हसपुरा मेन बाजार में पुरानी थाना मोड़ पर स्थित एक मिठाई की दुकान में चोरी हुईं थी।

# उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का स्वागत, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने दी सलामी





कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को औरंगाबाद जिले में न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिहार, पटना का आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए जिले के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा विशेष तैयारियां की गईं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय औरंगाबाद की उपस्थिति में, पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद के निर्देशन में उन्हें सम्मान गार्ड द्वारा विधिवत सलामी दी गई। इस औपचारिकता के बाद, पुलिस अधीक्षक महोदया ने माननीय न्यायाधीश को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया।

जिले में माननीय न्यायाधीश के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत किया गया था, ताकि सभी कार्यक्रमों का आयोजन सुचारू और सुरक्षित ढंग से हो सके। उनके आगमन के अवसर पर औरंगाबाद जिले के अधिकारियों ने पूरी तैयारी के साथ उनका स्वागत किया, जो जिले के प्रशासनिक और पुलिस तंत्र की तत्परता को दर्शाता है। यह अवसर न केवल एक सम्मानजनक स्वागत का था, बल्कि यह न्यायपालिका और प्रशासन के बीच तालमेल और सहयोग को भी दर्शाता है, जो कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली के सुचारू संचालन के लिए महत्वपूर्ण है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व राधाकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता संपन्न



निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज शहर के डाक बंगला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व राधाकृष्ण की रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नन्हें नन्हें बाल गोपाल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति देने वाले बच्चों में दिव्यांशु खत्री, आर्यन, पल्लवी, वेदिका, शांभवी, शौर्य, श्रेया, अनुष्का, निशांत, रिया एवं अन्य छात्र छात्राएं शामिल है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यांशु, द्वितीय स्थान शांभवी एवं तृतीय स्थान निशांत ने प्राप्त किया एवं अन्य छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वही प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति एवं महापुरुषों को अक्षुण्ण रखना ही शिशु मंदिर का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर आचार्या अंजली, बिंदु, पिंकी, पूनम, मंजू, आचार्य सनातन, गंगेश, गुंजन, राधेश्याम साव, कृतिराज, अनुराग रंजन, आयुष राज सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारी को लेकर श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा व विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

निज संवाददाता | नवीनगर(औरंगाबाद)



नवीनगर के भवानोखाप स्थित रसरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर कक्षा अरूण से द्वितीय तक के बच्चों के बीच श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता एवं कक्षा चतुर्थ से दशम तक के छात्रों के बीच विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने उत्साह के साथ अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों व दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों के बीच मां सरस्वती वंदना के बाद कार्यक्रम संचालक सुषमा अग्रवाल ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया। सर्वप्रथम श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता की प्रस्तुति हुई। इसके बाद मंचस्थ अतिथियों एवं आगंतुक अभिभावकों एवं स्टूडेंट्स द्वारा विज्ञान एवं वैदिक गणित प्रदर्श का अवलोकन किया गया। सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन मध्य विद्यालय बसडीहा की शिक्षिका अर्पना कुमारी, अभिभावका श्वेता अग्रवाल एवं आचार्य लखन मेहता ने किया। वही श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चार्वी, द्वितीय आर्णव, तृतीय वंश अग्रवाल ने प्राप्त किया। वहीं विज्ञान प्रदर्श में प्रथम स्थान हर्षित, द्वितीय विपिन एवं तृतीय स्थान रिया ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में शामिल सभी स्टूडेंट्स को प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्र एवं आगत अतिथियों द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समिति के व्यवस्थापक श्रीकांत तिवारी, कन्या उच्च विद्यालय के बड़ा बाबू आनंद मोहन सिंह एवं प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्र रहे। इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक एवं छात्र उपस्थित रहे। आचार्य परिवार एवं छात्रों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत



कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शनिवार को एक बाइक पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभंडिह गांव स्थित बटाने नदी के पुल के पास की है। इधर, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई है। मृतकों में रोहतास के राजपुर थाना क्षेत्र के बालिगांव निवासी सत्येंद्र चौधरी (32) और इसी गांव का दूसरा युवक भी शामिल है। सत्येंद्र के परिजन दूसरे युवक का नाम नहीं जानते हैं। इधर, घटना के बाद मृतक के कई घंटों तक पहचान नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन की खोजबीन की तो उससे उसकी पहचान हुई। इसके बाद उसके परिजनों को फोन पर इसकी सूचना दी गई। मृतक सत्येंद्र की पत्नी रीना देवी ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

# लगातार बढ़ रहा डायरिया का प्रकोप, मेडिकल टीम लगातार प्रभावित गांव का कर रही दौरा

निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)



गोह प्रखंड के कई गांवों में दूषित पानी पीने से डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है, जिसमें पंद्रह दिनो मे अब तक 80 लोग इलाज करा चुके हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें मलहद, कोसड़ीहरा, काजी बिगहा, झिकटिया, और कई गांव के निवासी शामिल हैं।

शनिवार को मलहद गांव के गीता देवी, कोसड़ीहरा के राकेश कुमार, काजी बिगहा गांव के सरोजा देवी, झिकटिया गांव के प्रिंस कुमार, लक्ष्मीनिया देवी, रूबी देवी, सिवानी कुमारी, संटू कुमार, खुशबु कुमारी, व नीलम कुमारी का अभी सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र गोह मे इलाज चल रहे हैं। चिकित्सा कर रहे आयुष चिकित्सक डॉ अर्जुन कुमार ने बताया कि मेडिकल टीम ने प्रभावित गांवों का दौरा किया है और पाया है कि दूषित पानी पीने और गंदगी के कारण डायरिया का प्रकोप बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन अस्पताल में डायरिया के नए मरीज आ रहे हैं। एएनएम मृदुला कुमारी और वीणा कुमारी ने बताया कि डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने से चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मचारी परेशान हैं। उन्होंने लोगों से साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छ पानी पीने की अपील की है।

# नाव पर बैठते समय लाइफ जैकेट जरूर पहनें

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)**। सुरक्षित शनिवार के तहत गोह प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में नाव दुर्घटना से बचाव के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। राजकीय उर्दू मिडिल स्कूल जैतिया में फोकल शिक्षिका फरहत बानो ने बच्चों को गतिविधि के जरिय यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाव पर चढ़ने से पहले लाइफ जैकेट जरूर पहनें ताकि दुर्घटना के बाद भी व्यक्ति सुरक्षित बचा जा सके। नाव में यदि सफेद चिन्ह पानी में डूबा हो तो कभी उस नाव पर न चढ़ें। तेज हवा या तूफान में नाव पर नहीं चढ़ें। नाव को धीरे चलाएं एवं प्रतिबंधित क्षेत्र में नाव नहीं ले जाएं।

# अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार, वाहन जब्त

निज संवाददाता | कुटुम्बा (औरंगाबाद)



शनिवार को कुटुम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढिबर नहर पुल के पास एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई जब पुलिस ने अवैध शराब के व्यापार पर एक बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने तीन मोटरसाइकिलों पर लदे विभिन्न रंगों के बोरों से कुल 105.66 लीटर अवैध शराब जब्त की। इस शराब में 32.76 लीटर देशी और 72.9 लीटर अंग्रेजी शराब शामिल थी।

पुलिस ने इस मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम और पते निम्नलिखित हैं रंजन कुमार, पिता मुरबराज पासवान, ग्राम गोल गरीबा, राहुल कुमार, पिता अजय यादव, ग्राम देवरिया, रौशन कुमार, पिता रामाशीष पासवान, ग्राम मौजाहिदा, अक्षय कुमार, पिता उपेंद्र ठाकुर, ग्राम मौजाहिदा है।

गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी कुटुम्बा थाना क्षेत्र के निवासी हैं और उनका संबंध औरंगाबाद जिले से है। पुलिस ने उक्त मोटरसाइकिलों को भी जब्त कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने यह भी संकेत दिया है कि वे इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं और अवैध शराब के व्यापारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखेंगे। इस घटना ने इलाके के निवासियों में सुरक्षा का भाव जगाया है और पुलिस की तत्परता की सराहना हो रही है।

# अफीम तस्करी में तस्कर को 10 साल कैद की हुई सजा

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

अफीम की तस्करी में दोषी करार दिए गए अभियुक्त को शनिवार को सजा सुनाई गई। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में एडीजे-1 सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस पंकज मिश्रा ने उत्पाद विभाग केस नंबर 46/21 के अभियुक्त दीपेंद्र कुमार ठाकुर को सजा सुनाई। दीपेंद्र कुमार ठाकुर झारखंड राज्य के पलामू जिला के मनातू थाना क्षेत्र के मिठरा गांव का रहने वाला है। इस संबंध में स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि दीपेंद्र कुमार ठाकुर को एनडीपीएस की धारा 18 (बी) में 10 साल कैद की सजा सुनाई गई और एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना की राशि जमा नहीं करने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सजा सुनाए जाने के क्रम में बचाव पक्ष के वरीय अधिवक्ता कमला प्रसाद सिंह ने अभियुक्त का पक्ष रखा और पहली गलती तथा बच्चों का हवाला देते हुए कम से कम सजा देने का आग्रह किया था। स्पेशल पीपी ने बताया कि तस्कर के पास से पांच किलो नौ सौ ग्राम अफीम बरामद हुई थी जो व्यावसायिक मात्रा थी। स्पेशल पीपी ने बताया कि 9 दिसंबर 2021 को कुटुंबा प्रखंड के एरका चेक पोस्ट पर मद्य निषेध विभाग के पुलिस पदाधिकारी हैदर अली गाड़ियों की जांच कर रहे थे। अरविंद बस की तलाशी के दौरान दीपेंद्र कुमार ठाकुर के पिट्ठू बैग से पांच किलो नौ सौ ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि राकेश कुमार नाम के तस्कर ने चार हजार रुपए देकर इस अफीम को औरंगाबाद पहुंचाने को कहा था।

# सिविल सर्जन ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)



रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार को सिविल सर्जन रवि भूषण श्रीवास्तव, डीपीएम अनवर आलम एवं डीपीसी अरविंद केसरी के द्वारा औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी, ऑपरेशन रूम, लेबर रूम, युवा केंद्र, लैब सहित सभी जगह घूम-घूम कर जायजा लिया। सिविल सर्जन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कायाकल्प और इंक्वास से सम्मानित किया गया था। इसलिए जिला एवं राज्य से पदाधिकारी जायजा लेने आ रहे हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंहा, बीसीएम सन्नी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, लैब टेक्नीशियन नदीम अख्तर, रंजीत कुमार, रविंद्र कुमार, एएनएम वैजयंती माला, प्रीति कुमारी, आशा सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# होटल में छापेमारी कर एक बाल मजदूर को मुक्त कराया

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर अनुमंडल बाल श्रम खत्म करने के लिए जिलों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। श्रम संसाधन विभाग ने विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है, जिसमें डीएम निगरानी करेंगे। दाउदनगर के एन एच 139 बेल मोड, ओबरा बाजार स्थित दुकान पर बाल मजदूरी की शिकायत मिलने पर श्रम विभाग ने कार्रवाई करते हुए होटल में छापेमारी की। धावा दल में दाउदनगर, ओबरा के श्रम परिवर्तन पदाधिकारी प्रकाश कुमार, कुटुम्बा के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रणविजय कुमार एवं श्रम पदाधिकारी दीपक कुमार शामिल रहे। शाम के समय इस होटल पर काफी भीड़ रहती है।